सोमवार, 23 जून 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 32 |
| आर्द्रता | 91% |
| सूर्योदय: 4:53 | सूर्यास्त: 18:14 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आषाढ़ कृष्णपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : गलती से भी अपने राज किसी दूसरों को न बतायें वो आपको बर्बाद कर सकते हैं।



बुमराह के पांच विकेट के दम पर इंग्लैंड 465 पर ऑलआउट, भारत की कुल बढ़त 96 रन पृष्ठ 8

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# इजराइल-ईरान के बीच युद्ध में कूदा अमेरिका

## तीन ईरानी परमाणु केंद्रों पर हमले किए | पहाड़ के 295 फीट नीचे एटमी ठिकानों पर 14 हजार किलो के बम गिराए



बिफोर



आफ्टर

फोर्दो में भूमिगत परमाणु केन्द्र के प्रवेश द्वार को पहुंचा नुकसान उपग्रह तस्वीरों से मिली जानकारी

**तेल अवीव :** इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध में अब अमेरिका भी कूद पड़ा है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के मकसद से इजराइल की ओर से शुरू किए गए हमलों को मजबूती प्रदान करते हुए अमेरिका ने रविवार तड़के तीन ईरानी परमाणु केंद्रों पर हमले किए। अमेरिका ने परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते हुए बंकर बम भी गिराए। इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ईरान ने कहा कि अमेरिका ने ''हद पार कर दी है।'' ईरान की जवाबी कार्रवाई की धमकी के बीच व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष छिड़ने की आशंका है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान के प्रमुख परमाणु केंद्रों को ''पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया है।'' ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि कूटनीति का दौर बीत गया और उनके देश को आत्मरक्षा का अधिकार है। उन्होंने तुर्किये में प्रेस वार्ता के दौरान कहा, ''अमेरिका में युद्धोन्मादी, अराजक प्रशासन इस आक्रामक कृत्य के खतरनाक और दूरगामी प्रभावों के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार है।'' अरागची ने कहा, ''अमेरिका ने सारी हदें पार कर दी हैं और कल रात जो हुआ वह सबसे खतरनाक था। कल रात को उन्होंने (अमेरिका) परमाणु केंद्रों पर हमला करके सारी हदें पार कर दीं।'' उन्होंने कहा कि वह तत्काल रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए मॉस्को रवाना होंगे क्योंकि अमेरिका इजराइल के साथ क्षेत्रीय युद्ध में कूद गया है। व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष की आशंकाओं के बीच, ट्रंप प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि वह ईरान के साथ कूटनीतिक वार्ता फिर से शुरू करना चाहता है। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने संवाददाताओं से कहा कि अमेरिका ईरान के साथ ''युद्ध नहीं चाहता।'' हालांकि, ते-हरान ने कहा कि कूटनीति का समय बीत चुका है और उसे आत्मरक्षा का अधिकार है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले चेतावनी दी थी कि अगर तेहरान ने अमेरिकी सेना के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की तो और हमले होंगे। ईरान की परमाणु एजेंसी ने रविवार को पुष्टि की कि उसके फोर्दो, इस्फहान और नतांज परमाणु केन्द्रों पर हमले हुए हैं। संगठन ने अपने बयान में कहा कि ईरान का परमाणु ऊर्जा संगठन राष्ट्र को आश्वासन देता है कि अपने दुश्मनों की बुरी साजिशों के बावजूद वह अपने हजारों क्रांतिकारी और प्रतिबद्ध वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों के प्रयासों से उठ खड़ा होगा।

## 125 फाइटर जेट... 14 बंकर-बस्टर बम; अमेरिका ने 25 मिनट में तबाह किए ईरान के परमाणु ठिकाने

## अमेरिका के हमले का बदला लेंगे : ईरान के विदेश मंत्री

**तेहरान :** ईरान ने अपने तीन प्रमुख परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिका द्वारा की गई बमबारी का बदला लेने का संकल्प लेते हुए रविवार को कहा कि अमेरिकी हमलों के ''दीर्घकालिक परिणाम'' होंगे। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची की यह प्रतिक्रिया उसके तीन परमाणु प्रतिष्ठानों फोर्दो, नतांज और इस्फहान में अमेरिका द्वारा बी2 बमवर्षकों के जरिये घातक 'बंकर बस्टर' बम गिराये जाने के कुछ घंटों बाद आई। अरागची ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के शांतिपूर्ण तरीके से संचालित हो रहे परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला कर संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र, अंतरराष्ट्रीय कानून और परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) का ''गंभीर उल्लंघन'' किया है।

## अमेरिका ने अपने नागरिकों से भारत यात्रा के दौरान 'अधिक सावधानी' बरतने का आग्रह किया

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** अमेरिका ने भारत की यात्रा करने वाले अपने नागरिकों के लिए एक परामर्श जारी किया है, जिसमें अपराध और बलात्कार की घटनाओं के कारण ''अधिक सावधानी'' बरतने का आग्रह किया गया है तथा आतंकवाद के कारण देश के मध्य और पूर्वी भागों की यात्रा न करने की सलाह दी गई है। पिछले सप्ताह जारी यात्रा परामर्श में कहा गया कि ''बलात्कार भारत में सबसे तेजी से बढ़ते अपराधों में से एक है'' तथा पर्यटक स्थलों और अन्य स्थानों पर यौन उत्पीड़न सहित हिंसक अपराध के मामले सामने आते हैं। इसमें कहा गया है कि पर्यटक स्थलों, परिवहन केंद्रों, बाजारों/शॉपिंग मॉल और सरकारी प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने वाले आतंकवादी बिना किसी चेतावनी के हमला कर सकते हैं। सोलह जून को जारी परामर्श में कहा गया है कि अमेरिकी सरकार के पास ग्रामीण क्षेत्रों में अपने नागरिकों को आपातकालीन सेवाएं प्रदान करने की सीमित क्षमता है, जो पूर्वी महाराष्ट्र और उत्तरी तेलंगाना से लेकर पश्चिमी पश्चिम बंगाल तक फैले हुए हैं।

## पहलगाम हमला: एनआईए ने आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया

**श्रीनगर :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए पहलगाम आतंकवादी हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। संघीय एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी। इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। एनआईए के अनुसार, बटकोट के परवेज अहमद जोथर और पहलगाम के हिल पार्क के बशीर अहमद जोथर ने हमले में संलिप्त तीन हथियारबंद आतंकवादियों की पहचान का खुलासा किया है। एनआईए ने कहा कि उन्होंने यह पुष्टि भी की है कि हमलावर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक हैं। एनआईए ने कहा, ''परवेज और बशीर ने हमले से पहले तीन हथियारबंद आतंकवादियों को हिल पार्क में ढोक (झोपड़ी) में पनाह दी थी।''

## ईरान के खिलाफ हमले के लिए अमेरिका के भारतीय हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल करने के दावे गलत: भारत

**नयी दिल्ली :** भारत ने रविवार को कुछ सोशल मीडिया हैंडल के उन दावों को ''फर्जी'' बताकर खारिज किया जिनमें कहा गया था कि अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने ईरान के खिलाफ हमले करने के लिए भारतीय हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल किया। पीआईबी फैक्ट चेक ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कई सोशल मीडिया अकाउंट ने दावा किया है कि ऑपरेशन 'मिडनाइट हैमर' के दौरान ईरान के खिलाफ हमलों के लिए अमेरिका ने भारतीय हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल किया। यह दावा फर्जी है।

## शांति और मानवता के पक्ष में है भारत: प्रधानमंत्री मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान से कहा

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से बातचीत की तथा ईरान एवं इजराइल के बीच संघर्ष को लेकर भारत की ओर से ''गहरी चिंता'' जतायी और तनाव को ''संवाद एवं कूटनीति'' के माध्यम से तत्काल कम करने की अपील की। उन्होंने कहा, ''हमने तनाव तत्काल कम करने की अपनी अपील दोहरायी तथा यह भी कि क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता बहाली संवाद और कूटनीति के जरिये ही हो सकती है।''

## भारत के पास कई सप्ताह तक का तेल भंडार, कई मार्गों से आपूर्ति प्राप्त हो रही : केंद्रीय मंत्री पुरी

**नयी दिल्ली :** भारत की ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के पास कई हफ्तों की आपूर्ति मौजूद है, और उन्हें कई वैकल्पिक मार्गों से ऊर्जा आपूर्ति मिलती रहेगी। पुरी ने आश्वासन दिया, हम अपने नागरिकों को ईंधन की आपूर्ति की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। भारत के कुल आयात 5.5 मिलियन बैरल प्रति दिन (बीपीडी) में से लगभग 2 मिलियन बीपीडी कच्चा तेल इसी संकीर्ण जलमार्ग से होकर गुजरता है। हालांकि भारत के पास रूस से लेकर अमेरिका और ब्राजील जैसे विविध स्रोत मौजूद हैं, जो किसी भी कमी को आसानी से पूरा कर सकते हैं।

## ट्रंप के नेतृत्व ने इतिहास रच दिया: नेतन्याहू ने ईरान पर अमेरिका के हमले पर कहा



**यरूशलम :** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के परमाणु केन्द्रों पर हमला करने संबंधी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ''साहसिक निर्णय'' की रविवार को सराहना की और कहा कि इसने ''शक्ति के जरिए शांति'' को दर्शाया है। नेतन्याहू ने कहा, '' ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने का आपका (ट्रंप का) साहसिक निर्णय इतिहास बदल देगा।'' इजराइली प्रधानमंत्री ने कहा, ''ऑपरेशन राइजिंग लॉयन में इजराइल ने वाकई कमाल कर दिखाया। लेकिन आज रात ईरान के परमाणु केन्द्रों पर अमेरिका ने कार्रवाई करके शानदार काम किया। उसने वह कर दिखाया है जो दुनिया का कोई भी दूसरा देश नहीं कर सकता।''

## चीन ने ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी हमले की निंदा की

**बीजिंग :** चीन ने रविवार को ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी हवाई हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह संयुक्त राष्ट्र चार्टर का गंभीर उल्लंघन है और पश्चिम एशिया में तनाव को और बढ़ाता है। बीजिंग ने साथ ही संघर्ष में शामिल पक्षों, विशेष रूप से इजराइल से जल्द से जल्द संघर्षविराम पर पहुंचने, आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और संवाद एवं वार्ता शुरू करने की अपील की। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने मंत्रालय की वेबसाइट पर पोस्ट एक बयान में कहा कि ईरान पर अमेरिका के हमलों और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के सुरक्षा प्रावधानाओं के तहत आने वाले परमाणु प्रतिष्ठानों पर बमबारी की चीन कड़ी निंदा करता है।

## ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिका का हमला 'गैर जिम्मेदाराना' : रूस

**मॉस्को :** ईरान के तीन परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी हमले को रूस ने ''गैर-जिम्मेदाराना'' करार देते हुए रविवार को इसकी कड़ी निंदा की और कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का ''घोर उल्लंघन'' है। रूसी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''किसी संप्रभु देश पर मिसाइल और बम से हमला करने का निर्णय गैर-जिम्मेदाराना है, भले ही इसके लिए कोई भी दलील दी जाए। यह अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का घोर उल्लंघन है, जिसमें पहले ही ऐसी कार्रवाइयों को स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य बताया गया है।'

## अमेरिकी हमलों के बाद ईरान की मिसाइलों से तेल अवीव में भारी तबाही, कुछ लोग घायल



**तेल अवीव :** अमेरिका द्वारा ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर हमला किए जाने के कुछ ही घंटों बाद ईरान ने रविवार को इजराइल की ओर 40 से अधिक मिसाइल दागीं, जिसमें 23 लोग घायल हो गए और तीन शहरों में अपार्टमेंट वाली इमारतें तथा कई घर नष्ट हो गए। तेल अवीव में एक जगह विस्फोट में एक बहुमंजिला आवासीय इमारत नष्ट हो गई और सैकड़ों मीटर के दायरे में कई अन्य इमारतों को नुकसान पहुंचा जिनमें एक नर्सिंग होम भी शामिल है। घटनास्थल पर सहायता करने वाले डिप्टी मेयर हैम गोरेन ने कहा कि यह ''चमत्कारिक'' रहा कि इस हमले में अधिक लोगों को चोट नहीं आई। विस्फोट स्थल के पास एक ऊंची इमारत की सातवीं मंजिल पर रहने वाले ओफर बर्जर ने कहा, ''ऐसा लगता है जैसे कोई तूफ़ान मेरे अपार्टमेंट से होकर गुजरा हो। इस क्षेत्र के सभी अपार्टमेंट नष्ट हो गए हैं।''

## संसदीय समिति न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता पर चर्चा करेगी

**नयी दिल्ली :** संसद की एक समिति उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता पर चर्चा करने के लिए तैयार है। इसके साथ ही सरकार दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी में है। न्यायमूर्ति वर्मा राष्ट्रीय राजधानी स्थित अपने आवास से बेहिसाबी नकदी की बरामदगी के कारण जांच के घेरे में हैं। संसद की कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी स्थायी समिति मंगलवार को होने वाली बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा करेगी तथा न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति के बाद की नियुक्तियों पर भी विचार-विमर्श करेगी। समिति सचिवालय द्वारा भेजे गए एक नोटिस में समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया, ''समिति उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता और सेवानिवृत्ति के बाद न्यायाधीशों के पद ग्रहण करने के मुद्दों से संबंधित 'न्यायिक प्रक्रियाएं और उनके सुधार' विषय पर न्याय विभाग के सचिव से बात करेगी।''

## ईरान से 311 भारतीयों को लेकर एक अन्य उड़ान पहुंचा दिल्ली

### अबतक 1400 से अधिक लोग निकाले गये

**नयी दिल्ली :** ईरानी परमाणु स्थलों पर अमेरिकी बमबारी के बाद ईरान एवं इजराइल के बीच बढ़ रहे तनाव के मध्य भारत ने रविवार को ईरान से 300 से अधिक भारतीय नागरिकों को लाया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरानी शहर मशहद से विशेष उड़ान से 311 भारतीय दिल्ली पहुंचे हैं। उसने कहा कि इस नये जत्थे के साथ, ईरान से वापस लाये गये लोगों की कुल संख्या अब 1,428 हो गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि 311 भारतीय नागरिक 22 जून को अपराह्न साढ़े चार बजे मशहद से विशेष उड़ान से नयी दिल्ली पहुंचे। उन्होंने कहा कि अब तक कुल 1,428 भारतीय नागरिकों को ईरान से निकाला जा चुका है। भारत ने दोनों देशों के बीच बढ़ती दुश्मनी के मद्देनजर ईरान और इजराइल से भारतीयों को वापस लाने के लिए पिछले सप्ताह 'ऑपरेशन सिंधु' शुरू किया था। एक सप्ताह से अधिक समय पहले शत्रुता शुरू होने के बाद से इजराइल और ईरान ने एक-दूसरे के शहरों तथा सैन्य तथा सामरिक प्रतिष्ठानों पर सैकड़ों मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं।

## नक्सलियों को मानसून में भी चैन से नहीं बैठने देंगे, बारिश में भी अभियान जारी रहेगा : अमित शाह



**रायपुर :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि नक्सलियों के खिलाफ बारिश में भी अभियान चलेगा और उन्हें सोने नहीं दिया जाएगा। शाह ने माओवादियों से किसी भी तरह की बातचीत से इनकार करते हुए उनसे हथियार डालने और विकास की यात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया। गृह मंत्री छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर अटल नगर में राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) परिसर और केंद्रीय न्यायालयिक प्रयोगशाला की आधारशिला रखने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा, ''हर बार बारिश के मौसम में नक्सली थोड़ा आराम करते थे (क्योंकि घने जंगल के अंदर उफनती नदियां और नाले नक्सल विरोधी अभियानों में बाधा डालते हैं), लेकिन इस बार, हम उन्हें मानसून के दौरान सोने नहीं देंगे और हम 31 मार्च के लक्ष्य को हासिल करने के लिए और आगे बढ़ेंगे।'' उन्होंने कहा कि वह नक्सलवाद की राह पर चले गए भटके युवाओं से हथियार छोड़ने की अपील करना चाहते हैं। शाह ने कहा, ''विष्णु देव साय जी ने बहुत ही आकर्षक आत्मसमर्पण नीति बनाई है, हथियार डाल दीजिए और नए छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में शामिल हो जाइए। आत्मसमर्पण करने का इससे बेहतर मौका आपको कभी नहीं मिलेगा। गृह मंत्री ने कहा कि किसी बातचीत की जरूरत नहीं है, सरकार पर भरोसा कीजिए, हथियार डाल दीजिए और मुख्यधारा में शामिल हो जाइए और आप अपने आप छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में शामिल हो जाएंगे। उन्होंने कहा, ''जिन लोगों ने हथियार डाले हैं उनका भी मैं सामाजिक जीवन में वापस आने पर स्वागत करता हूं और विश्वास दिलाता हूं कि छत्तीसगढ़ की सरकार और केंद्र की सरकार ने जो वादा आपके साथ किया है, उस वादे को हम पूरा करेंगे और उससे अधिक भी आपकी सहायता करने का प्रयास करेंगे।''

उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए में 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
Chamber : Plot No 332, Laketown
Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com



Four Square by Basu Hotel
ENJOY A JOYFULL EXPERIENCE



A Fresh Reason to Return...!
- Specious Room with Beautiful Ambiance
- Wi-Fi Connectivity Rooms
- Swimming Pool/ Kids Pool/ Pool Party
- Office Functions & Party Space Available
- Dining Area
- In House Restaurants
- Non-Smoking Rooms
- Kids Play Zone
- Travel Desk
- Led TV with Exhaustive Channel List
- STD/ISD Calling Facility
- Lavatories
- 24 Hrs Bell Desk/ Room Service
- 24 Hrs Security/ CCTV
- Wake-up Call Facility
- Coffee Corner Round the Clock

2 Minutes Away from NEW DIGHA RAILWAY STATION

PICKUP & DROP FACILITY AVAILABLE



Four Square by Basu Hotel
PLOT NO-79, N 2 SECTOR, NEW DIGHA
For Booking call Mr. Tamal Das : M.: 90 8325 0083/ 82 9653 8545
For Enquiry call Mr. Uday Shaw : M.: 98300 17241
THIS HOTEL BELONGS TO SHAW GROUP OF HOTELS

## देश में स्वास्थ्य जागरूकता विस्तार

आज पूरा देश व दुनिया ग्यारहवां विश्व योग दिवस उल्लास के साथ मना रही है। लाखों लोगों का बड़े आयोजनों के साथ उत्साह व उल्लास से जुड़ना, इस बात का प्रमाण है कि देश ने अपनी सदियों पुरानी योग की विरासत का अंगीकार कर लिया है। सुखद संयोग देखिए कि जल-थल और नभ में योग करते चित्र मीडिया में तैर रहे हैं। केंद्र व राज्य सरकारों के मंत्री से लेकर संत्री तक योग करते नजर आ रहे हैं। सेना के तीनों अंगों व अर्द्ध सैनिक बलों की अनुशासित टुकड़ियां जब योग करती नजर आती हैं तो योगमय आभा निखर आती है। राष्ट्रीय राजधानी व राज्यों की राजधानियों में विशेष योग समारोह आयोजित हो रहे हैं। हरियाणा सरकार ने तो पिछले एक महीने से कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले मुख्य योग समारोह के लिये पूरी ताकत लगा दी है। यूं तो सारे राज्य में योग चेतना अभियान, रैलियां,मैराथन के साथ स्कूल-कालेजों में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम योग प्रोटोकॉल के तहत आयोजित किए जाते रहे हैं, लेकिन सरकार का खास ध्यान कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर में होने वाले कार्यक्रम पर केंद्रित है। जिसमें एक लाख लोगों के जुटने की तैयारी युद्ध स्तर पर की गई है। सरकार की कोशिश है कि ग्यारहवें विश्व योग दिवस पर राज्यभर में होने वाले योग समारोहों में ग्यारह लाख लोग भाग लें। कोशिश है नया विश्व रिकॉर्ड बने, जब ग्यारह लाख लोग राज्य के बाईस जनपदों और 121 खंडों के विभिन्न स्थानों पर एक साथ योगाभ्यास करेंगे। कमोबेश, ऐसा ही उत्साह देश के अन्य राज्यों में नजर आ रहा है और मुख्यमंत्री, मंत्रियों से लेकर तमाम बड़े अधिकारी योग दिवस समारोहों में शिरकत करते नजर आएंगे। निश्चित रूप से विश्व योग दिवस पर समारोहपूर्वक आयोजन योग के प्रति उत्साह जगाएंगे। लेकिन जरूरी है कि स्वस्थ जीवन शैली के लिये बाकी 364 दिन भी योग हमारी दिनचर्या का अटूट हिस्सा बने। निस्संदेह, स्वस्थ नागरिक किसी भी देश की अमूल्य पूंजी है। वहीं रोगग्रस्त नागरिक किसी राष्ट्र की बड़ी क्षति है।

ऐसे समय में जब हमारी जीवन शैली में आए आमूल-चूल बदलावों से मनोकायिक रोगों का उफान है, योग ही हमें स्वस्थ जीवन की गारंटी दे सकता है। योग गुरु कहते भी हैं कि यह समय दवा से नहीं, विचार से उपचार का है। दवाओं के साइड इफेक्ट सर्वविदित हैं। लगातार महंगी होती चिकित्सा प्रणाली रोग के तात्कालिक उपचार में तो सक्षम है लेकिन रह-रहकर रोग भी उभर आते हैं। जरूरी है कि हमारी योगमय जीवन शैली ऐसी हो कि रोगवर्धक तत्व हमारे शरीर को अपना घर न बना सकें, जो रोग फैलाने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। योग हमारी सकारात्मक सोच व सात्विक जीवन शैली को वरीयता देता है। जिससे हमारा तन-मन शुद्ध हो सके। आज अमेरिका समेत तमाम पश्चिमी देशों के शोध बता रहे हैं कि हमारे प्रदूषित विचार पहले मन को बीमार करते हैं, फिर बीमार मन हमारे शरीर को रोगी बनाता है। अष्टांग योग यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान व समाधि पर बल देता है। जब हम इसके पहले अंग यम के अंतर्गत अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य व अपरिग्रह का पालन करते हैं तो योग साधने में सफल होते हैं। हमारे समाज में बढ़ता तनाव व आक्रामकता तमाम तरह के अपराधों की जननी है। यदि हम योग-ध्यान से मन को शांत रख पाते हैं तो कई तरह के विकारों से मुक्ति पा सकते हैं। दरअसल, आज देश में लगातार बढ़ते मनोकायिक रोगों का समाधान हमारी सदियों पुरानी जीवन शैली में निहित है। हम रात में जल्दी सो जाएं और सुबह जल्दी उठकर आसन-प्राणायाम का नियमित अभ्यास करें तो कई मनोकायिक रोगों से मुक्ति पा सकते हैं। विडंबना है कि जीवन शैली में आए बदलावों और मोबाइल की महामारी ने हमारी रातों की नींद चुरा ली है। हमारे शरीर में उच्च रक्तचाप, मधुमेह व दिल के रोगों की वजह हमारी बिगड़ी दिनचर्या और फास्टफूड संस्कृति ही है। योग हमें संयमित खानपान, गहरी नींद और संयमित जीवन का भी संदेश देता है। योग सिर्फ आसन ही नहीं है। हम यौगिक जीवनशैली अपनाकर खुद,परिवार व देश को स्वस्थ बना सकते हैं। तभी विश्व योग दिवस मनाना सार्थक होगा।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 23 जून, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आषाढ़ कृष्णपक्ष त्रयोदशी, 22:09 तक, नक्षत्र : कृत्तिका, 15:15 तक, योग : धृति, 13:14 तक, सूर्योदय: 4:53, सूर्यास्त: 18:24, चन्द्रोदय : 02:21, चन्द्रास्त: 16:22, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 06:37 से 08:18

## राशिफल

**मेष :** आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। जीवनसाथी का सहयोग आपके मनोबल को बढ़ायेगा। व्यापार में आपको धन लाभ मिल सकता है।

**वृष :** आज क्रोध पर नियन्त्रण रखें। पुराने कर्जों को चुकाने का दबाव रहेगा। एकान्त में आपको समय नहीं बिताना चाहिये। सोचे हुये कार्य देरी से पूर्ण होंगे।

**मिथुन :** आज अपनी क्षमताओं का भरपूर प्रयोग करें। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। घर का वातावरण सकारात्मक रखने का प्रयास करें। कारोबार में नकदी की समस्या दूर होगी।

**कर्क :** आज खरीदारी कर सकते हैं। परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। पति-पत्नी के बीच सहयोगात्मक सम्बन्ध रहेंगे। लोन को चुकाने का अवसर मिलेगा।

**सिंह :** अनैतिक कार्यों से बचना चाहिये। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में उच्च आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। दोस्तों के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे।

**कन्या :** आज व्यक्तिगत समस्याओं को दूसरों से शेयर न करें। कार्यक्षेत्र में लोग आपको काफी महत्व देंगे। अनावश्यक चिन्ता के कारण आपका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।

**तुला :** आज रुका हुआ धन वापस मिलेगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको विजय प्राप्त होगी। जीवनसाथी के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक :** आज पारिवारिक विवाद हल होने के योग बन रहे हैं। सरकारी नौकरी वाले लोगों का स्थानान्तरण हो सकता है। शत्रु आपसे मित्रता कर सकते हैं।

**धनु :** गलत विचारधारा के लोगों से दूरी बनाकर रखनी चाहिये। रिश्तेदारों पर आपको अधिक विश्वास नहीं करना चाहिये। पैतृक व्यवसाय में आप आज काफी ध्यान देने वाले हैं।

**मकर :** आज आपके कार्यक्षेत्र का वातावरण अनुकूल रहेगा। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें। प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता रहेगी। मित्रों के साथ समय व्यतीत करेंगे।

**कुम्भ :** आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। पढ़ाई में बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहेगा। रोजगार में आप बदलाव कर सकते हैं।

**मीन :** आज आपको सम्मान मिल सकता है। क्रोध से आपको बचना चाहिये। लव पार्टनर के साथ आप घूमने जा सकते हैं। आज का दिन बेहद व्यस्त रहने वाला है।

# नया मानवः नया विश्व के प्रणेता थे आचार्य महाप्रज्ञ



ललित गर्ग

**आचार्य महाप्रज्ञ का 106 वां जन्म दिवस 23 जून, 2025**

प्राचीन समय से लेकर आधुनिक समय तक अनेकों साधकों, आचार्यों, मनीषियों, दार्शनिकों, ऋषियों ने अपने मूल्यवान अवदानों से भारत की आध्यात्मिक परम्परा को समृद्ध किया है, उनमें प्रमुख नाम रहा है -आचार्य महाप्रज्ञ। अपने समय के महान् दार्शनिक, धर्मगुरु, संत एवं मनीषी के रूप में जिनका नाम अत्यंत आदर एवं गौरव के साथ लिया जाता है। वे ईश्वर के सच्चे दूत थे, जिन्होंने जीवनमूल्यों से प्रतिबद्ध एक आदर्श समाज रचना का साकार किया है, वे ऐसे क्रांतद्रष्टा धर्मगुरु थे, जिन्होंने देश की नैतिक आत्मा को जागृत करने का भगीरथ प्रयत्न किया। वे एक अनूठे एवं गहन साधक थे, जिन्होंने जन-जन को स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार की क्षमता प्रदत्त की। वे ऊर्जा का एक पूंज थे, प्रतिभा एवं पुरुषार्थ का पर्याय थे। इन सब विशेषताओं और विलक्षणताओं के बावजूद उनमें तनिक भी अहंकार नहीं था। आचार्य महाप्रज्ञ का जन्म हिन्दू तिथि के अनुसार विक्रम संवत 1977, आषाढ़ कृष्ण त्रयोदशी को राजस्थान के झुंझनू जिले के एक छोटे-से गांव टमकोर गाँव में हुआ था, जो इस वर्ष 23 जून, 2025 को हैं।

आचार्य महाप्रज्ञ बीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध एवं इक्कीसवीं सदी के प्रारंभ के ऐसे पावन एवं विलक्षण अस्तित्व थे जिन्होंने युग के कैनवास पर नए सपने उतारे, जिन्होंने धर्मक्रांति के साथ व्यक्ति एवं समाजक्रांति का शंखनाद किया। वे व्यक्ति नहीं, संपूर्ण संस्कृति थे। दर्शन थे, इतिहास थे, विज्ञान थे। आपका व्यक्तित्व अनगिन विलक्षणताओं का दस्तावेज रहा है। तपस्विता, यशस्विता और मनस्विता आपके व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व में घुले-मिले तत्त्व थे, जिन्हें कभी अलग नहीं देखा जा सकता। आपकी विचार दृष्टि से सृष्टि का कोई भी कोना, कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं रहा। विस्तृत ललाट, करुणामय नेत्र तथा ओजस्वी वाणी-ये थे आपकी प्रथम दर्शन में होने वाली बाह्य पहचान। आपका पवित्र जीवन, पारदर्शी व्यक्तित्व और उम्दा चरित्र हर किसी को अभिभूत कर देता था, अपनत्व के घेरे में बाँध लेता था। आपकी आंतरिक पहचान थी-अंतःकरण में उमड़ता हुआ करुणा का सागर, सौम्यता और पवित्रता से भरा आपका कोमल हृदय। इन चुंबकीय विशेषताओं के कारण आपके संपर्क में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति आपकी अलौकिकता से अभिभूत हो जाता था और वह बोल उठता था-कितना अद्भुत! कितना विलक्षण!! कितना विरल!!! आपकी मेधा के हिमालय से प्रज्ञा के तथा हृदय के मंदरांचल से अनहद प्रेम और नम्रता के असंख्य झरने निरंतर बहते रहते थे। इसका मूल उद्गम केंद्र था-लक्ष्य के प्रति तथा अपने परम गुरु आचार्य तुलसी के प्रति समर्पण भाव।



आचार्य महाप्रज्ञ को हम बीसवीं एवं इक्कीसवीं सदी के एक ऐसी आलोकधर्मी परंपरा का विस्तार कह सकते हैं, जिस परंपरा को महावीर, बुद्ध, गांधी और आचार्य तुलसी ने आलोकित किया है। अतीत की यह आलोकधर्मी परंपरा धुंधली होने लगी, इस धुंधली होती परंपरा को आचार्य महाप्रज्ञ ने एक नई दृष्टि प्रदान की थी। इस नई दृष्टि ने एक नए मनुष्य का, एक नए जगत का, एक नए युग का सूत्रपात किया था। इस सूत्रपात का आधार आचार्य महाप्रज्ञ ने जहाँ अतीत की यादों को बनाया, वहीं उनका वर्तमान का पुरुषार्थ और भविष्य के सपने भी इसमें योगभूत बने। प्रेक्षाध्यान की कला और एक नए मनुष्य-आध्यात्मिक-वैज्ञानिक व्यक्तित्व के जीवन-दर्शन को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने के लिए वे प्रयत्नशील थे। उनके इन प्रयत्नों में न केवल भारत देश के लोग बल्कि पश्चिमी राष्ट्रों के लोग भी जीवन के गहरे रहस्यों को जानने और समझने के लिए उनके इर्द-गिर्द देखे गये थे। आचार्य महाप्रज्ञ ने उन्हें बताया कि ध्यान ही जीवन में सार्थकता के फूलों को खिलाने में सहयोगी सिद्ध हो सकता है।

आचार्य महाप्रज्ञ जितने दार्शनिक थे, उतने ही बड़े एवं सिद्ध योगी भी थे। वे दर्शन की भूमिका पर खड़े होकर अपने समाज और देश की ही नहीं, विश्व की समस्याओं को देखते थे। जो समस्या को सही कोण से देखता है, वही उसका समाधान खोज पाता है। आचार्यश्री जब योग की भूमिका पर आरूढ़ होते थे, तो किसी भी समस्या को असमाहित नहीं छोड़ते। उन्होंने हिंसा, आतंक एवं युद्ध की समस्या के समाधान के लिये राजनीति, समाज और धर्म के लोगों मिल-जुलकर प्रयत्न करने का आह्वान किया। इसी ध्येय को लेकर उन्होंने समान विचारधारा के लोगों को एक मंच पर लाने का प्रयत्न किया और उसे नाम दिया अहिंसा समवाय।

आचार्य महाप्रज्ञ ने मानव चेतना के विकास के हर पहलू को उजागर किया। कृष्ण, महावीर, बुद्ध, जीसस के साथ ही साथ भारतीय अध्यात्म आकाश के अनेक संतों-आदि शंकराचार्य, कबीर, नानक, रैदास, मीरा आदि की परंपरा से ऐसे जीवन मूल्यों को चुन-चुनकर युग की त्रासदी एवं उसकी चुनौतियों को समाहित करने का अनूठा कार्य उन्होंने किया। जीवन का ऐसा कोई भी आयाम नहीं है जो उनके प्रवचनों/विचारों से अस्पर्शित रहा हो। योग, तंत्र, मंत्र, यंत्र, साधना, ध्यान आदि के गूढ़ रहस्यों पर उन्होंने सविस्तार प्रकाश डाला है। साथ ही राजनीति, कला, विज्ञान, मनोविज्ञान, दर्शन, शिक्षा, परिवार, समाज, गरीबी, जनसंख्या विस्फोट, पर्यावरण, हिंसा, जातीयता, राजनीतिक अपराधीकरण, लोकतंत्र की विसंगतियों, संभावित परमाणु युद्ध का विश्व संकट जैसे अनेक विषयों पर भी अपनी क्रांतिकारी जीवन-दृष्टि प्रदत्त की है।

जीवन के नौवें दशक में आचार्य महाप्रज्ञ का विशेष जोर अहिंसा पर रहा। इसका कारण सारा संसार हिंसा के महाप्रलय से भयभीत और आतंकित होना था। जातीय उन्माद, सांप्रदायिक विद्वेष और जीवन की प्राथमिक आवश्यकताओं का अभाव-ऐसे कारण थे जो हिंसा को बढ़ावा दे रहे थे और इन्हीं कारणों को नियंत्रित करने के लिए आचार्य महाप्रज्ञ प्रयत्नशील थे। इन विविध प्रयत्नों में उनका एक अभिनव उपक्रम था-'अहिंसा यात्रा'। अहिंसा यात्रा ऐसा आंदोलन बना, जो समूची मानव जाति के हित का चिंतन कर रहा था। अहिंसा की योजना को क्रियान्वित करने के लिए ही उन्होंने पदयात्रा के सशक्त माध्यम को चुना। 'चरैवेति-चरैवेति चरन् वै मधु विंदति' उनके जीवन का विशेष सूत्र बन गया था। इस सूत्र को लेकर उन्होंने पाँच दिसंबर, 2005 को राजस्थान के सुजानगढ़ क्षेत्र से अहिंसा यात्रा को प्रारंभ किया, जो गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा, छत्तीसगढ़, दिल्ली एवं महाराष्ट्र में अपने अभिनव एवं सफल उपक्रमों के साथ विचरण करते हुए असंख्य लोगों को अहिंसा का प्रभावी प्रशिक्षण दिया एवं हिंसक मानसिकता में बदलाव का माध्यम बनी। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को पोकरण परीक्षण के पश्चात अणुबम नहीं, अणुव्रत, हिंसा नहीं अहिंसा, युद्ध नहीं, अयुद्ध की प्रेरणा देकर उनकी जीवन-दिशा को बदलने वाले आचार्य महाप्रज्ञ ही थे।

आचार्य श्री महाप्रज्ञ का जीवन इतना महान और महनीय था कि किसी एक लेख, किसी एक ग्रंथ में उसे समेटना मुश्किल है। यों तो आचार्य महाप्रज्ञ की महानता से जुड़े अनेक पक्ष हैं। लेकिन उनमें महत्त्वपूर्ण पक्ष है उनकी संत चेतना, आँखों में छलकती करुणा, सोच में अहिंसा, दर्शन में अनेकांतवाद, भाषा में कल्याणकारिता, हाथों में पुरुषार्थ और पैरों में लक्ष्य तक पहुँचने की गतिशीलता। आचार्य महाप्रज्ञ जैसे महामानव विरल होते हैं। कहा जा सकता है कि आचार्य महाप्रज्ञ ऐसे सृजनधर्मा साहित्यकार, विचारक एवं दार्शनिक मनीषी थे जिन्होंने प्राचीन मूल्यों को नये परिधान में प्रस्तुत किया। उनका रचित साहित्य राष्ट्र, समाज एवं सम्पूर्ण मानवता को प्रभावित एवं प्रेरित करता रहा है। वे अध्यात्म-चेतना को परलोक से न जोड़कर वर्तमान जीवन से जोड़ने की बात कहते थे। उनका साहित्य केवल मुक्ति का पथ ही नहीं, वह शांति का मार्ग है, जीवन जीने की कला है, जागरण की दिशा है और रूपांतरण की सजीव प्रक्रिया है। उनका साहित्य जादू की छड़ी है, जो जन-जन में आशा का संचार करती रही है। मेरा सौभाग्य है कि मुझे उनके निकट रहने, उनके कार्यक्रमों से जुड़ने और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का अवसर मिला। मुझे उनका असीम आशीर्वाद प्राप्त हुआ और मुझे पहला आचार्य महाप्रज्ञ प्रतिभा पुरुस्कार भी उन्ही के सान्निध्य में मिला। मेरा जीवन सचमुच ऐसे महापुरुष की सन्निधि से धन्य बना। आचार्य महाप्रज्ञ के निर्माण की बुनियाद भाग्य भरोसे नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, पुरुषार्थी प्रयत्न और तेजस्वी संकल्प से बनी थी। हम समाज एवं राष्ट्र के सपनों को सच बनाने में सचेतन बनें, यही आचार्य महाप्रज्ञ की प्रेरणा थी और इसी प्रेरणा को जीवन-ध्येय बनाना उस महामानव के जन्म दिवस को मनाने की सच्ची सार्थकता है।

# आधुनिक ओलम्पिक खेलों के 129 वर्ष



योगेश कुमार गोयल

**अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस (23 जून) पर विशेष**

भारत आधुनिक ओलम्पिक खेलों में 105 वर्ष का सफर पूरा कर रहा है। भारत ने पहली बार वर्ष 1900 में ओलम्पिक में हिस्सा लिया था। तब भारत की ओर से केवल एक एथलीट नॉर्मन प्रिचर्ड को भेजा गया था, जिसने एथलेटिक्स में दो रजत पदक जीते थे। हालांकि भारत ने अधिकारिक तौर पर पहली बार 1920 में ओलम्पिक खेलों में हिस्सा लिया था। 2024 में पेरिस ओलम्पिक में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 पदक भारत की झोली में डाले थे जबकि उससे पहले 2021 में टोक्यो ओलम्पिक में भारत 7 पदक जीतने में सफल हुआ था। ओलम्पिक खेलों की शुरूआत करीब 2798 वर्ष पूर्व ग्रीस में जीयस के पुत्र हेराकल्स द्वारा की गई मानी जाती है किन्तु ऐसी धारणा है कि यह खेल उससे भी काफी पहले से ही खेले जाते रहे थे। 776 ईसा पूर्व विधिवत रूप से शुरू हुए ओलम्पिक खेलों का सिलसिला उसके बाद निर्बाध रूप से 393 ई. तक अर्थात् 1169 वर्षों तक चलता रहा। इन खेलों के माध्यम से ऐसा प्रदर्शन किया जाता था, जो मानव की शक्ति, गति एवं ऊर्जा का परिचायक माना जाता था। प्राचीन ओलम्पिक खेलों का आयोजन ईश्वर को श्रद्धांजलि देने के लिए किया जाता था।

अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस मनाए जाने की शुरूआत 23 जून 1948 को हुई थी। दरअसल आधुनिक ओलम्पिक खेलों का पहला आयोजन तो वर्ष 1896 में हुआ था लेकिन अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) की स्थापना पियरे द कुबर्तिन द्वारा 23 जून 1894 को की गई थी, जिसके प्रथम अध्यक्ष बने थे यूनानी



व्यापारी डेमट्रियोस विकेलास। आईओसी का मुख्यालय स्विट्जरलैण्ड के लॉजेन में स्थित है और वर्तमान में दुनियाभर में 205 राष्ट्रीय ओलम्पिक समितियां इसकी सदस्य हैं। आईओसी के स्थापना दिवस 23 जून को ही बाद में अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति द्वारा प्रतिवर्ष ओलम्पिक दिवस के रूप में मनाया जाना शुरू किया गया। आईओसी द्वारा प्रत्येक चार वर्ष के अंतराल पर ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेल, शीतकालीन ओलम्पिक खेल और युवा ओलम्पिक खेल का आयोजन किया जाता है। पहला ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक वर्ष 1896 में यूनान के एथेंस में तथा पहला शीतकालीन ओलम्पिक 1924 में फ्रांस के चेमोनिक्स में आयोजित किया गया था। ओलम्पिक दुनिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता है, जिसमें दो सौ से ज्यादा देश हिस्सा लेते हैं।

फ्रांस के युवा शिक्षाशास्त्री पियरे द कुबर्तिन ने आधुनिक ओलम्पिक खेलों की आधारशिला रखी थी और उनके द्वारा 23 जून 1894 को अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति की स्थापना किए जाने के बाद नए रूप में 1896 से आधुनिक ओलम्पिक खेलों का आयोजन शुरू हुआ। उसके बाद ओलम्पिक खेल प्राचीन ओलम्पिक खेलों की ही भांति हर चार वर्ष के अंतराल पर आयोजित किए जाने लगे। एक जनवरी 1863 को जन्मे पियरे द कुबर्तिन की उम्र उस वक्त सिर्फ सात साल थी, जब 1870 में फ्रैंच-परसियन लड़ाई में जर्मनी ने फ्रांस पर कब्जा कर लिया था। माना जाता है कि उस हार के कुछ वर्षों बाद कुबर्तिन इसका विश्लेषण करने पर इस नतीजे पर पहुंचे कि फ्रांस की हार का कारण उसकी सैन्य कमजोरियां नहीं बल्कि फ्रांसीसी सैनिकों में ताकत की कमी थी। जर्मन, ब्रिटिश और अमेरिकन बच्चों की शिक्षा का अध्ययन करने के बाद कुबर्तिन ने पाया कि उन्हें ताकतवर और हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने में खेलों में उनकी भागीदारी की सबसे प्रमुख भूमिका थी जबकि फ्रांसीसी खेलों में भागीदारी के मामले में काफी पिछड़े थे। उसके बाद कुबर्तिन ने कोशिशें की कि फ्रांसीसियों को किसी भी तरह खेलों के प्रति आकर्षित किया जाए लेकिन उन्हें इन प्रयासों में उसाहजनक सफलता नहीं मिली किन्तु कुबर्तिन अपने इरादों पर दृढ़ थे।

1890 में कुबर्तिन ने 'यूनियन डेस सोसायटीज फ्रांसीसीज द स्पोटर्स एथलेटिक्स' नामक एक खेल संगठन की नींव रखी और उसके दो वर्ष बाद कुबर्तिन के दिमाग में ओलम्पिक खेलों को पुनर्जीवन देने का विचार आया। खेल संगठन की 25 नवम्बर 1892 को पेरिस में हुई एक मीटिंग में उन्होंने इस संबंध में अपने विचार भी रखे किन्तु उनके उस भाषण से कुछ हासिल नहीं हुआ। उसके दो वर्ष बाद कुबर्तिन ने 9 देशों के कुल 79 डेलीगेट्स की एक मीटिंग आयोजित की। इस मीटिंग में कुबर्तिन ने पूरे उत्साह से ओलम्पिक खेलों की नए सिरे से पुनः शुरूआत करने संबंधी भाषण दिया और इस बार वह लोगों को अपने विचारों से प्रभावित करने में सफल हुए। कांफ्रेंस में सभी डेलीगेट्स ने एकमत से ओलम्पिक खेल कराए जाने के पक्ष में वोट दिया और तय किया गया कि कुबर्तिन इन खेलों के आयोजन के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय समिति का गठन करें। उसके बाद 'अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति' का गठन हुआ, जिसके प्रथम अध्यक्ष के रूप में ग्रीस के डेमट्रियोस विकेलास का चयन हुआ। प्रथम ओलम्पिक खेलों के आयोजन के लिए एथेंस को चुना गया और इसकी तैयारियां शुरू हुई। 5 अप्रैल 1896 को प्रथम आधुनिक ओलम्पिक खेलों की शुरूआत हुई। प्रथम आधुनिक ओलम्पिक खेलों का उद्घाटन 5 अप्रैल 1896 को एथेंस (यूनान) में किंग जॉर्ज पंचम द्वारा किया गया। अमेरिका के जेम्स बी. कोनोली को पहले आधुनिक ओलम्पिक खेल में प्रथम ओलम्पिक चैम्पियन बनने का गौरव हासिल है।

पहले ओलम्पिक खेल की प्रतियोगिताओं में महिलाओं के भाग लेने पर प्रतिबंध था किन्तु सन् 1900 में दूसरे ओलम्पिक में महिलाओं को भी ओलम्पिक खेलों के जरिये अपनी प्रतिभा का परिचय देने का अवसर मिल गया। प्रथम आधुनिक ओलम्पिक में भाग लेने वाले कुछ खिलाड़ी तो ऐसे भी थे, जो उस वक्त एथेंस में ही पर्यटक के तौर पर पहुंचे हुए थे। 1896 से ओलम्पिक खेलों का आयोजन नियमित होता रहा है लेकिन प्रथम व द्वितीय विश्व युद्ध के कारण 1916, 1940 तथा 1944 के ओलम्पिक आयोजन रद्द करने पड़े थे। यूनान (ग्रीस), ब्रिटेन, स्विट्जरलैंड, आस्ट्रेलिया तथा फ्रांस ही पांच ऐसे देश हैं, जिन्होंने अब तक हर ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेलों में हिस्सा लिया है। ओलम्पिक खेलों के उद्घाटन के समय स्टेडियम में सबसे पहले ग्रीस की टीम प्रवेश करती है। उसके बाद मेजबान देश की भाषानुसार वर्णमाला के क्रम से एक-एक करके दूसरे देशों की टीमें स्टेडियम में प्रवेश करती हैं जबकि मेजबान देश की टीम सबके बाद स्टेडियम में पहुंचती है।

## विदेश की खबरें

### ईरान पर इजराइल के हमलों में 865 लोगों की मौत, 3396 अन्य घायल: मानवाधिक संगठन

**दुबई :** ईरान पर इजराइल के हमलों में कम से कम 865 लोगों की मौत हो गई और 3,396 अन्य घायल हो गए। एक मानवाधिकार संगठन ने रविवार को यह जानकारी दी। अमेरिका के मानवाधिकार संगठन 'ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स' ने पूरे ईरान के आंकड़े पेश किए। संगठन ने कहा कि मृतकों में 363 नागरिक और 215 सुरक्षा बल के जवान शामिल हैं।

### नोबेल शांति पुरस्कार के लिए ट्रंप को नामित करने पर पाक सरकार की आलोचना

**लाहौर :** नोबेल शांति पुरस्कार के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम की सिफारिश करने पर पाकिस्तान सरकार के साथ-साथ वहां के सैन्य प्रतिष्ठान को सोशल मीडिया पर कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने नॉर्वे में नोबेल शांति पुरस्कार समिति को औपचारिक रूप से एक पत्र भेजा है, जिसमें हाल ही में भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के दौरान निर्णायक कूटनीतिक हस्तक्षेप के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार देने की सिफारिश की गई है। घोषणा के तुरंत बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर उपयोगकर्ताओं ने अपने आका अमेरिकी राष्ट्रपति को खुश करने के लिए पाकिस्तानी सरकार की आलोचना शुरू कर दी।

## वर्ग पहेली नं. 3131

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | | 5 | |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | ■ | | ■ |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | | ■ | 11 | ■ | 12 |
| ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 | | 15 | |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| 18 | ■ | ■ | 19 | | | ■ | ■ | 20 | |
| 21 | | 22 | | ■ | 23 | 24 | | | ■ |
| | ■ | 25 | | 26 | ■ | | ■ | ■ | 27 |
| 28 | | | ■ | 29 | | | | | |

*ऊपर से नीचे:-* 1) पास, 2) मुक़ाबला, 3) गीला, 4) कांति, 5) एक घरेलू जंतु, 7) जीवन, 9) घड़ा, 11) टाट का बना थैला, 12) ख़्याल; ध्यान, 13) हितैषी, 14) स्कूली बच्चों का थैला, 15) वृद्धि, 17) जीता, 18) संदेह, 22) कठिन, 24) नमी, 26) थूक, 27) घृणा.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*बायें से दाये:-* 1) बरखा रानी, 4) चूर-चूर, 6) जख़्म पर लगाने का लेप, 8) पोतना, 10) तिब्बती जंगली भैसा, 13) भलाई, 14) समान, 16) के बिना, 17) सहँगा; कम ख़र्चीला, 19) अफ़्रीकी अपिवानर, 20) अंकुर, 21) बे-मेल, 23) मृत्युपत्र, 25) रुक रुककर बोलनेवाला, 28) मान-प्रतिष्ठा से युक्त, 29) तौर तरीक़ा ; जीवनस्तर.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | ■ | प | रि | चा | र | क | ■ | शा | प |
| ला | ■ | र | क्त | ■ | सी | ■ | जि | र | ह |
| क़ | री | ना | ■ | औ | ला | द | ■ | दा | ल |
| शु | ■ | ना | टा | ■ | प | ल | क | ■ | वा |
| दा | न | ■ | य | क़ी | न | ■ | व | त | न |
| ■ | दा | य | र | ■ | ■ | सू | च | ना | ■ |
| औ | र | ■ | ■ | आ | चा | र्य | ■ | व | फ़ा |
| स | द | स | द्वि | वे | क | ■ | प्रा | ■ | ज़ि |
| त | ■ | न्न | ■ | श | र | णा | र्थी | ■ | ल |

## सुडोकू-पहेली-3088

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | | | 2 | | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 5 | 2 | | 1 | | | 4 | |
| 3 | | | 5 | 4 | | | 9 | |
| | | 6 | | | | | | |
| | | | | | | | 5 | |
| | | 9 | | | 4 | | | 5 |
| | | 7 | | 2 | | | | |
| 8 | | | | | | 3 | 7 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3087 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 4 | 8 | 3 | 9 |
| 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 2 | 1 |
| 3 | 2 | 8 | 9 | 5 | 1 | 4 | 6 | 7 |
| 1 | 9 | 3 | 6 | 4 | 2 | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 7 | 6 | 1 | 9 | 5 | 3 | 4 | 2 |
| 5 | 4 | 2 | 7 | 8 | 3 | 1 | 9 | 6 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 6 | 9 | 1 | 3 |
| 6 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 2 | 8 | 5 |
| 9 | 5 | 1 | 3 | 2 | 8 | 6 | 7 | 4 |

# खिदिरपुर आग हादसा : ऑर्फनगंज के व्यापारी पुरानी जगह पर पुनर्वास की मांग पर अड़े

## कहा, कहीं और दुकानें शिफ्ट करने के पक्ष में नहीं

अलोक प्रसाद

**कोलकाता :** खिदिरपुर के ऑर्फनगंज मार्केट में रविवार को लगी भीषण आग ने सैकड़ों व्यापारियों की नींव हिला दी है। 1300 दुकानें में से करीब 700 दुकान जलकर राख हो गईं, जिससे करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ और बाजार की रफ्तार पूरी तरह थम गई। जहां इस घटना से व्यापारी गहरे सदमे में हैं, वहीं दूसरी ओर उन्होंने राज्य सरकार की भूमिका और पुनर्वास की प्रक्रिया को लेकर गंभीर आशंकाएं जाहिर की हैं।

ऑर्फनगंज (खिदिरपुर), जो कि एक प्रमुख होलसेल बाजार है, में व्यापारियों की बड़ी संख्या वर्षों से व्यवसाय कर रही है। व्यापारियों का कहना है कि यह आग केवल एक दुर्घटना नहीं है, बल्कि उनके भविष्य की एक गंभीर परीक्षा बन गई है।

**❑ पुरानी जगह पर पुनर्वास की मांग, अन्यथा आंदोलन जारी रहेगा**

घटना के बाद व्यापारियों ने एकजुट होकर प्रदर्शन का रुख अपनाय और अपनी प्रमुख मांगों को प्रशासन के सामने रखा। सबसे पहले वे इस बात पर अड़े हुए हैं कि प्रत्येक प्रभावित दुकानदार को उनकी पुरानी दुकान के उसी स्थान पर फिर से दुकान दी जाए।

व्यापारियों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वे कहीं और दुकानें शिफ्ट करने के पक्ष में नहीं हैं। उनका कहना है कि यह केवल व्यापार की बात नहीं है, बल्कि वर्षों की





पहचान, ग्राहकों का भरोसा, और पारिवारिक आजीविका से जुड़ा मामला है। वे चाहते हैं कि उन्हें उसी स्थान पर, उसी क्षेत्रफल की दुकानें फिर से उपलब्ध कराई जाएं, जहां वे पहले कारोबार कर रहे थे।

उनका कहना है कि मार्केट की लोकेशन ही उनके व्यापार की रीढ़ है-यदि उन्हें किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट किया गया, तो उनके ग्राहक छूट जाएंगे और व्यापार की रीति-नीति बदल जाएगी।

व्यापारियों ने कहा कि अगर सरकार हमारी यह मांग प्रेम से मान लेती है तो ठीक, अन्यथा आंदोलन जारी रहेगा।

**❑ उचित और पर्याप्त मुआवजे की मांग**

व्यापारियों की दूसरी महत्वपूर्ण मांग है कि हर दुकानदार को नुकसान के अनुसार उचित और पर्याप्त मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि एक सामान्य राहत राशि से काम नहीं चलेगा, क्योंकि इस मार्केट में लाखों रुपये का माल स्टॉक में रहता था। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा एक लाख रूपये मुआवजे के तौर पर दिए जाने की घोषणा की निंदा की और कहा, आज कल सरकार जहरीले शराब पिने पर बीमार पड़ने वालों तक को 2 लाख रूपये मुआवजे के तौर पर दे देती है, लेकिन इस बाजार में करोड़ों का सामान जल कर राख हो गाय और सरकार व्यवसाइयों को मात्र एक लाख का मुआवजा देने की बात कर रही है। व्यवसाई मानते हैं कि सरकार की ओर से अब तक जो राहत की घोषणाएं हुई हैं, वे मौजूदा स्थितियों की तुलना में नाकाफी हैं। उन्हें मालूम है कि अगर मुआवजे की प्रक्रिया में पारदर्शिता और तात्कालिकता नहीं बरती गई, तो कई व्यापारी फिर से कारोबार शुरू करने की स्थिति में नहीं होंगे।

### केएमसी के अधीन लिये जाने के बाद दस्तावेजों में नहीं दर्शाया गया दुकान का सही क्षेत्रफल या माप!

व्यापारियों ने बताया कि जब कुछ साल पहले आरफनगंज मार्केट को कोलकाता नगर निगम के अधीन लिया गया था, तब निगम अधिकारियों ने हर दुकान का सर्वेक्षण कर उसका माप किया था। दुकानदारों का कहना है कि इस दौरान किसी भी दुकान का सही क्षेत्रफल या माप स्पष्ट रूप से दस्तावेजों में नहीं दर्शाया गया है। और यही नहीं, व्यापारियों का यह भी आरोप है कि कई बड़ी और पक्की दुकानों को भी केएमसी ने दस्तावेज़ों में केवल 'स्टॉल' के रूप में दर्ज कर दिया, जिसका अर्थ है कि कानूनी रूप से वे एक स्थायी दुकान नहीं, बल्कि एक अस्थायी स्टॉल माने जाएंगे। उस समय व्यापारियों ने इन बातों को गंभीरता से नहीं लिया, लेकिन अब जबकि पूरी मार्केट जलकर खत्म हो चुकी है, उन्हें डर है कि पुनर्वास के समय इन्हीं दस्तावेजों का हवाला देकर उन्हें कम जगह देने की कोशिश की जाएगी।

### आरोप पर टिके दुकानदार, कहा... दमकल और प्रशासन की लापरवाही से आग ने लिया विकराल रूप

इस हादसे के बाद प्रदर्शन कर रहे ऑर्फनगंज मार्किट व्यवसाई समिति से जुड़े व्यापारियों ने यह भी आरोप लगाया कि दमकल विभाग समय पर नहीं पहुंचा। उनके अनुसार, यदि समय रहते दमकल की गाड़ियाँ आतीं और सही तरीके से आग पर काबू पाया जाता, तो नुकसान इस हद तक नहीं पहुंचता। आग ने कुछ ही घंटों में पूरा बाजार निगल लिया। व्यवसाइयों ने कहा कि आग लगने के लगभग 2 घंटे बाद दमकल इंजन घटनास्थल पहुंचे, यही नहीं उन्होंने कहा कि दमकल इंजन मौके पर पहुंचने के बाद भी आग बुझाने का काम शुरू नहीं किया क्योंकि किसी इंजन में पानी नहीं था को किसी में प्रेशर।

# पर्णश्री में नकली सोना बेचने के आरोप में दो भाइयों पर जानलेवा हमला, एक की मौत व एक गंभीर

**❑ पुलिस ने मामले में कुल आठ लोगों को किया गिरफ्तार**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के पर्णश्री इलाके में शनिवार की देर रात एक भयावह घटना सामने आई, जहां नकली सोना बेचने के आरोप में दो सगे भाइयों को बेरहमी से पीटा गया। इस हमले में एक भाई की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती है। पुलिस के अनुसार, शनिवार की देर रात करीब 2.30 बजे धर्मराजतला के पास गश्त कर रही पुलिस टीम को सड़क किनारे दो व्यक्ति रक्‍रंजित हालत में घायल पड़े मिले। पुलिस ने मौके से दोनों को उठाकर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण महेंद्र सिंह की मौत हो गई। वही घायल की पहचान दीपक सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने तत्काल



उससे पूछताछ की। पूछताछ में दीपक ने बताया कि कुछ लोगों ने उस पर और उसके भाई महेंद्र सिंह पर नकली सोना बेचने का आरोप लगाकर हमला किया था। करीब चार से पांच लोगों ने दोनों को बेरहमी से पीटा और सड़क पर फेंक दिया। इस घटना को लेकर पर्णश्री थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए संजीव कर्मकार, बीजू, चंदन, नामक व्यक्ति सहित कुल आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का मानना है कि यह घटना पूरी तरह से सुनियोजित हो सकती है। जांच जारी है। घटना को लेकर इलाके में तनाव की स्थिति है, लेकिन पुलिस ने स्थिति पर नियंत्रण बना रखा है।

# दमकल वाहनों के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाएगी राज्य सरकार

**❑ जीपीएस और रियल-टाइम मॉनिटरिंग की व्यवस्था**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार ने दमकल सेवा को अधिक तेज और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अब कोलकाता और आसपास के क्षेत्रों में दमकल वाहनों के लिए विशेष ग्रीन कॉरिडोर बनाया जाएगा। यह निर्णय हाल के भीषण आगजनी की घटनाओं को ध्यान में रखकर लिया गया है।

राज्य के अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग के मंत्री सुजीत बोस ने शुक्रवार को कोलकाता पुलिस के साथ बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, कोलकाता, हावड़ा, बैरकपुर, बिधाननगर कमिश्नरेट और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में दमकल गाड़ियों की तेजी से आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया जाएगा।

इसके साथ ही, हर दमकल वाहन में जीपीएस ट्रैकर लगाया जाएगा और एक अत्याधुनिक कंट्रोल रूम तैयार किया जाएगा, जहां से सभी दमकल वाहनों पर रियल-टाइम निगरानी की जाएगी।

गौरतलब है कि हाल ही में खिदिरपुर बाजार में आग लगने से सौ से अधिक दुकानें जलकर खाक हो गई थीं और मछुआ बाजार क्षेत्र के एक होटल में लगी आग में 14 लोगों की मौत हुई थी। इन घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सरकार अब तेज कार्रवाई और तकनीकी समन्वय पर जोर दे रही है।

प्रशासन को उम्मीद है कि यह पहल नागरिक सुरक्षा के क्षेत्र में एक नई दिशा प्रदान करेगी।

### वरिष्ठ तृणमूल सांसद सौगत राय अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत राय को रविवार को बेचैनी होने के बाद यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। दक्षिण कोलकाता के लेक गार्डन में अपने आवास पर राय की तबीयत खराब होने के बाद दोपहर में उन्हें अस्पताल ले जाया गया। बयान में कहा गया है कि गत शनिवार से ही उन्हें कई बार दस्त हुआ। वह एक बार गिरने के बाद बेहोश हुए। ऐसे में मस्तिष्क की सीटी जांच की गयी लेकिन उसमें कोई महत्वपूर्ण अंतर नजर नहीं आया। प्रवक्ता का कहना है कि उन्हें अब तक पेशाब नहीं आया है, बाकी जांच की जा रही हैं तथा उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। बता दें कि राय के परिवार ने बताया कि इससे पहले उन्हें विभिन्न चिकित्सा स्थितियों के कारण मार्च से दो बार अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# कालीघाट और अलीपुर में निषेधाज्ञा लागू, कोलकाता पुलिस ने जारी की अधिसूचना

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस आयुक्त ने शहर के दक्षिणी हिस्से में कालीघाट और अलीपुर पुलिस थानों के अंतर्गत कुछ इलाकों में अगले 60 दिनों के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी है, जिसके तहत पांच या इससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर रोक रहेगी। पुलिस द्वारा जारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। यह अधिसूचना प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और लंदन में रहने वाले एक चिकित्सक के निकटवर्ती भवानीपुर क्षेत्र में सड़क किनारे संक्षिप्त बातचीत के बाद हिरासत में लिए जाने के तुरंत बाद जारी



की गई। अधिसूचना में कहा गया है कि जनता के एक वर्ग या संगठन द्वारा प्रदर्शन, रैलियां या बैठकें करने के लिए पर्याप्त कारण हैं, जिससे क्षेत्र में शांति भंग हो सकती है और मानव जीवन को खतरा हो सकता है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत जारी आदेश में 24 जून से 22 अगस्त तक या अगले आदेश तक उक्त क्षेत्र में 'पांच या अधिक व्यक्तियों का कोई भी गैरकानूनी जमावड़ा, लाठी, कोई घातक या अन्य खतरनाक हथियार लेकर चलना या ऐसा कोई कार्य करना जिससे शांति भंग होने की संभावना हो' पर रोक लगाई गई है। एक अधिसूचना में हरीश मुखर्जी रोड और उसके आसपास के क्षेत्रों में निषेधाज्ञा लागू की गई है। एक अलग अधिसूचना में अलीपुर पुलिस थाना के अंतर्गत कुछ क्षेत्रों में भी इसी प्रकार की निषेधाज्ञा लागू की गई है।

# जोड़ासांको में पार्किंग को लेकर विवाद ने लिया हिंसक रूप, चार आरोपी हिरासत में

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के जोड़ासांको थाना क्षेत्र के 7 रामलोचन स्ट्रीट में शनिवार को पार्किंग को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद अचानक हिंसक झड़प में बदल गया। इस घटना में मो. दानिश हसन के साथ मारपीट की गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और तनाव का माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार, दानिश हसन ने तारकेश्वर दूबे नामक व्यक्ति से 100 वर्गफुट जमीन गाड़ी पार्किंग के लिए खरीदी थी, जिसमें एक वाहन खड़ा करने की अनुमति थी। लेकिन जब दानिश ने दो गाड़ियां पार्क कर दीं, तो इसे लेकर बहस शुरू हो गई। आरोप है कि इस बहस ने तेजी से उग्र रूप ले लिया और तारकेश्वर दूबे, उनके दो बेटे शिवम और सत्येंद्र दूबे तथा उनके कार्यालय



कर्मचारी प्रशांत राय ने दानिश के साथ मिलकर मारपीट की।

घटना की सूचना मिलते ही जोड़ासांको थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को सभी को अदालत में पेश किया गया, जहां न्यायालय ने उन्हें 27 जून तक पुलिस रिमांड में भेजने का आदेश दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है।

# जयनगर में गर्भवती महिला की रहस्यमय मौत, हत्या का आरोप

**❑ घटना के बाद से पति और ससुराल वाले फरार**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के जयनगर थाना इलाके में रविवार की सुबह एक गर्भवती महिला का शव उसके घर के अंदर मिला। मृत महिला की पहचान अरबीना खातून के रूप में हुई है। अरबीना के माता-पिता ने आरोप लगाया है कि उसका पति और ससुराल वाले उसे काफी समय से प्रताड़ित कर रहे थे। आरोप है कि अरबीना की गला दबाकर हत्या की गई है। घटना के बाद से अरबीना का पति और ससुराल वाले फरार हैं। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, खकुरदह ग्राम पंचायत के जंगलिया इलाके की निवासी अरबीना खातून की शादी डेढ़ साल पहले



जयनगर थाना अंतर्गत दक्षिण बारासात ग्राम पंचायत के नुरूलापुर इलाके के निवासी अजीम सरदार के साथ हुई थी। अरबीना के मायके वालों ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही अजीम और उसके परिवार के अन्य लोग उसे प्रताड़ित करने लगे थे। आरोप है कि अरबीना पर मायके से पैसे लाने का दबाव बनाया जाता था। यह प्रताड़ना महीनों तक जारी रही। ऐसे में वह कई बार अपने मायके से पैसे लेकर ससुराल भी गई। लेकिन, तब भी उसे राहत नहीं मिली। आरोप है कि और पैसे लाने के लिए प्रताड़ना बढ़ती जा रही थी। अरबीना के मायके वालों ने आरोप लगाया कि पैसे नहीं मिलने पर ससुराल वालों ने उनकी बेटी को जान से मारने की धमकी भी दी थी। कुछ दिन पहले पता चला कि अरबीना गर्भवती है। आरोप है कि इसके बाद भी उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। इस दिन, सुबह में अरबीना का शव उसके ससुराल में बरामद हुआ। घटना की खबर पाकर उसके पिता के घर के लोग वहां पहुंचे। इसकी सूचना जयनगर थाने को दी गई। पुलिस ने जाकर शव को बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### एयर इंडिया ने कोलकाता से नयी दिल्ली मार्ग पर उड़ानें अस्थायी रूप से कम कीं

कोलकाता, समाज्ञा

विमानन कंपनी एयर इंडिया ने नयी दिल्ली से कोलकाता और मुंबई से कोलकाता मार्गों पर



अपनी उड़ानों की संख्या में अस्थायी रूप से कमी करने की रविवार को घोषणा की। विमानन कंपनी के एक बयान के अनुसार, ये बदलाव कम से कम 15 जुलाई तक प्रभावी रहेंगे। एयर इंडिया की ओर से की गई इस घोषणा के साथ ही रविवार से दिल्ली और कोलकाता के बीच साप्ताहिक उड़ानों की संख्या 70 की जगह 63 रह जाएगी। इसी तरह, मुंबई से कोलकाता मार्ग के बीच साप्ताहिक उड़ानों की संख्या 42 से घटाकर 30 कर दी गई है। बयान में कहा गया कि टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी द्वारा पहले की गई घोषणा के अनुसार, इसके वाइडबॉडी अंतरराष्ट्रीय सेवाओं में अस्थायी कटौती की गई थी। अब कंपनी ने अपने कुल नैरोबॉडी नेटवर्क में भी पांच प्रतिशत से कम की अस्थायी कटौती की घोषणा की है। इसमें कहा गया कि इन कटौतियों का उद्देश्य एयर इंडिया की नेटवर्क-व्यापी परिचालन स्थिरता को मजबूत करना तथा यात्रियों को अंतिम समय में होने वाली असुविधा को कम करना है।

# सिक्योरिटी गार्ड की मौजूदगी के बावजूद बशीरहाट के एक स्कूल में दुस्साहसिक चोरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के मिनाखां थाना अंतर्गत बामनपुकुर इलाके में स्थित बामनपुकुरिया संन्यासी स्मृति आदर्श उच्च विद्यालय में गत शनिवार की रात दुस्साहसिक चोरी की घटना सामने आई है। इस घटना से पूरे बामनपुकुर क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। रविवार की सुबह विद्यालय के रात्रि प्रहरी ने सबसे पहले चोरी की इस वारदात को देखा और तुरंत इसकी सूचना मिनाखां थाने की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पल्लब मंडल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान पाया गया कि विद्यालय परिसर के अंदर-बाहर कुल बारह ताले टूटा हुआ था। पुलिस के मुताबिक,



चोरों ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक के कक्ष से लगभग 15 हज़ार रुपये नकद, छात्रों से छीने गए चार मोबाइल फोन तथा अन्य कीमती सामान चुरा लिए। चोरी की पूरी घटना को अंजाम देने के लिए बदमाशों ने बंद अलमारियों व दराजों को भी तोड़ा। विद्यालय परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि चोरों की पहचान की जा सके। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में यह संगठित अपराध प्रतीत हो रहा है। बता दें कि इस विद्यालय में पूर्व में भी इस प्रकार की चोरी की घटना घट चुकी है जिसमें बाद में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद कर लिया था। चौंकाने वाली बात यह है कि विद्यालय में रात्रि प्रहरी की तैनाती के बावजूद इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया। यह सवाल अब क्षेत्र के लोगों के मन में उठ रहा है कि जब पहरेदार मौके पर मौजूद था तो चोर इतनी आसानी से कैसे प्रवेश कर कई अलमारियां और ताले तोड़ ले गए? घटना के बाद विद्यालय प्रबंधन, अभिभावक और छात्र भी दहशत में हैं।

# अवैध होर्डिंग्स पर लगाम लगाने में जुटा केएमसी, सिर्फ मोनोपोल पर ही लगेगा विज्ञापन

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में यत्र तत्र विज्ञापनों के कारण जहां दृश्य प्रदूषण हो रहा है, वहीं अवैध होर्डिंग्स के कारण कोलकाता नगर निगम (केएमसी) को लगातार आर्थिक नुकसान हो रहा है। कोलकाता नगर निगम (केएमसी) ने शहर में विज्ञापन व्यवस्था को लेकर एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। निगम की नई विज्ञापन नीति के तहत अब पूरे कोलकाता में केवल एलईडी मोनोपोल पर ही विज्ञापन लगाने की अनुमति होगी। राज्य सरकार ने इस नीति को स्वीकृति दे दी है, जिससे यह व्यवस्था जल्द ही पूरे शहर में लागू की जाएगी। नगर निगम के मेयर फिरहाद हकीम ने इस बारे में





जानकारी देते हुए बताया कि नई व्यवस्था के तहत अब प्रत्येक सड़क के लिए अलग-अलग टेंडर निकाले जाएंगे। इसका उद्देश्य अवैध विज्ञापन पर रोक लगाना और निगम के राजस्व में इजाफा करना है। निगम का दावा है कि इस प्रणाली से अब विज्ञापन से होने वाली आय में कई गुना वृद्धि होगी और टैक्स चोरी की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। शहर के कई प्रमुख विज्ञापन व्यवसायियों ने इस कदम का स्वागत किया है। हालांकि, कुछ व्यवसायियों ने चिंता जाहिर की है कि मोनोपोल (लोहे के खम्भों पर लगे विज्ञापन), विज्ञापन की लागत पारंपरिक माध्यमों की तुलना में अधिक हो सकती है लेकिन अधिकांश का मानना है कि यदि खर्च में कुछ हजार रुपये का अंतर भी हो, तो भी यह व्यापार की समग्र पारदर्शिता और वैधता के लिए लाभकारी साबित होगा। वहीं, मेयर हकीम ने यह भी स्पष्ट किया कि जो व्यवसायी अभी पुराने टेंडर पर काम कर रहे हैं, उनके अनुबंध की अवधि समाप्त होने के बाद ही नई नीति लागू की जाएगी। निगम की इस नई पहल को कोलकाता में विज्ञापन के क्षेत्र में अनुशासन, आय वृद्धि और सौंदर्यीकरण के महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

# न्यू बैरकपुर में 10 लाख का गांजा बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यू बैरकपुर पुलिस ने शनिवार की रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से करीब छह किलो गांजा बरामद हुआ है, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 10 लाख रुपये आंकी जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार न्यू बैरकपुर थाना क्षेत्र के बिलकांडा 2 नंबर ग्राम पंचायत के तलबंदा हेमंतनगर निवासी अभिषेक विश्वास उर्फ अमित (26) को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि अभिषेक पिछले कई वर्षों से गांजा तस्करी के धंधे में लिप्त है। हालांकि, हाल के वर्षों में प्रशासन की सख्ती के कारण उसका कारोबार प्रभावित हुआ था, लेकिन पुलिस को



शक है कि वह अब भी छोटे दुकानों जैसे किराना या चिकन दुकानों के माध्यम से तस्करी का धंधा चला रहा था। बरामद गांजे का स्रोत कहां है और इसे किसे सप्लाई किया जाना था, इस संबंध में पुलिस जांच कर रही है। साथ ही, यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस तस्करी में और कौन-कौन शामिल हैं। गिरफ्तार अभिषेक विश्वास को रविवार की दोपहर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए पूछताछ कर रही है।

### सुकांत मजूमदार के खिलाफ तृणमूल पार्षद ने दर्ज कराई एफआईआर

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस पार्षद की शिकायत पर शनिवार को कोलकाता के एक पुलिस स्टेशन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उत्तर कोलकाता के बड़तला थाने में दर्ज अपनी शिकायत में वार्ड 18 की तृणमूल कांग्रेस पार्षद सुनंदा सरकार ने सुकांत मजूमदार पर राज्य में कानून व्यवस्था की तुलना कोलकाता के रेड लाइट एरिया से करने का आरोप लगाया है। सुकांत मजूमदार के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने के अलावा, सुनंदा सरकार ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को एक पत्र भी लिखा है, जिसमें सवाल उठाया गया है कि एक निर्वाचित लोकसभा सदस्य और एक केंद्रीय मंत्री राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति के बारे में इतनी अपमानजनक टिप्पणी कैसे कर सकते हैं।



# मुर्शिदाबाद में भीषण सड़क हादसे में चार महिला समेत पांच लोगों की मौत, 14 घायल

## मंदिर से पूजा करके लौटने के दौरान ट्रैक्टर व डंपर की आमने-सामने की हुई टक्कर

**मुर्शिदाबाद :** राज्य में सड़क हादसों का क्रम जारी है। पुरुलिया जिले के बलरामपुर थाना अंतर्गत टाटा-पुरुलिया मुख्य मार्ग एनएच 32 (18) पर एक भीषण सड़क हादसे में 9 लोगों की दर्दनाक मौत की घटना के 24 घंटे भी नहीं हुए थे कि बर्दवान में तीन लोगों की मौत ने यातायात व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिये है। उक्त घटना के भी 12 घंटे भी नहीं हुए कि अब मुर्शिदाबाद में ट्रैक्टर व डंपर की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई



व लोग 14 लोग घायल हो गए। यानी 40 घंटे में राज्य में भीषण सड़क हादसे में कुल 17 लोगों की गई जान चली गई। पुलिस व स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त घटना रविवार की सुबह मुर्शिदाबाद जिले के कांदी थाना अंतर्गत मथुरा मोड के पास बहरामपुर-कांदी राज्य सड़क पर घटी। इस सड़क हादसे में चार महिलाओं सहित करीब पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 14 लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज व अस्पताल एवं कांदी महकमा अस्पताल में चल रहा है। इनमें से कुछ की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। डॉक्टरों को आशंका है कि मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। पुलिस के अनुसार, 20 तीर्थयात्रियों का एक दल बीरभूम जिले में स्थित एक मंदिर से पूजा करके से ट्रैक्टर से लौट रहा था। इस दिन, सुबह करीब 11 मथुरा मोड़ के पास ट्रैक्टर ने सड़क के किनारे खड़े एक डंपर को टक्कर मार दी। ट्रैक्टर मौके पर ही पलट गया। इस घटना में चालक समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 14 लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतकों में बेनू रानी सरकार (45), शंभू सरकार (40) और ललिता सरकार (50) हैं। बाकी दो की पहचान अभी नहीं हो पाई है। मृतक और घायल मुर्शिदाबाद के हरिहरपाड़ा थाना के रुकुनपुर इलाके के हैं। हादसे की खबर पीड़ितों के परिजनों को भेज दी गई है। इस हादसे के कारण स्टेट हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा। हालांकि, पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया।

## भारतीय रेल को अपराध मुक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम: जीआरपी प्रमुखों का छठा अखिल भारतीय सम्मेलन संपन्न

**नई दिल्ली/कोलकाता :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और रेल मंत्रालय के समन्वय में जीआरपी (राजकीय रेलवे पुलिस) प्रमुखों का छठा अखिल भारतीय सम्मेलन विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित हुआ। यह सम्मेलन रेल यात्रियों की सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और सुरक्षा ढांचे के आधुनिकीकरण पर केंद्रित रहा। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार ने उद्घाटन भाषण में आरपीएफ और जीआरपी के सहयोगात्मक दृष्टिकोण को रेल सुरक्षा के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते, ऑपरेशन आहट और मेरी सहेली जैसी पहलों की सराहना की, जो महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं। आरपीएफ के डीजी मनोज यादव ने सुरक्षा ढांचे के आधुनिकीकरण और यात्री अपराधों से निपटने की रणनीतियों पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस




सम्मेलन ने हमारी सुरक्षा प्रतिबद्धता को सशक्त किया है। मैनपॉवर, तकनीक और प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत कर हम सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करेंगे। सम्मेलन में रेल मदद पोर्टल पर दर्ज शिकायतों और वास्तविक मामलों की तुलनात्मक समीक्षा की गई। ई-एफआईआर, जीरो एफआईआर, और नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन की जरूरत पर भी चर्चा हुई। रेलवे संरचना और जीआरपी की मैनपॉवर आवश्यकताओं के लिए एक मानकीकरण समिति गठित की गई है। प्रतिभागियों ने उन्नत तकनीक, बेहतर समन्वय और यात्री सुरक्षा को प्राथमिकता मानते हुए सामूहिक समाधान पर सहमति जताई। यह सम्मेलन भारतीय रेलवे की सुरक्षा प्रणाली को नई दिशा देने वाला साबित हुआ।

### बीरभूम में बमबारी के बाद खेत से 19 जिंदा बम बरामद

**बीरभूम :** जिले के लाभपुर थाना अंतर्गत हातिया गांव में शनिवार की देर शाम हुई बमबारी की घटना में दो लोगों की मौत के बाद इलाके में सनसनी फैली हुई है। इस बीच, रविवार की सुबह पुलिस ने गांव में तलाशी अभियान चलाया जिसमें खेत से 19 जिंदा बम बरामद किए गए। तत्काल कार्रवाई करते हुए बम स्क्वॉड की विशेष टीम मौके पर पहुंची और सभी बमों को खेत में ही निष्क्रिय कर दिया गया। फिलहाल, पुलिस ने बमबारी की घटना और बरामद विस्फोटकों के संबंध में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर है। मामले की जांच वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की निगरानी में की जा रही है।

## हावड़ा में जैन ट्यूटोरियल्स ने 500 मेधावी छात्रों के सम्मान में किया भव्य आयोजन

**हावड़ा, समाज्ञा :** पूर्व भारत की प्रतिष्ठित वाणिज्य कोचिंग संस्था जैन ट्यूटोरियल्स द्वारा रविवार को हावड़ा के शरत सदन में अकादमिक ब्रिलियंस अवार्ड्स समारोह 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर वर्ष 2025 की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 500 से अधिक मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। संस्था के संस्थापक गौतम दुगड़ ने जानकारी दी कि इस समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, समर्पण और शैक्षणिक उपलब्धियों को प्रोत्साहित करना है। सभी चयनित विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और विशेष उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर को और भी खास बनाया एक भावनात्मक सांस्कृतिक प्रस्तुति ने, जो हाल ही में हुए ऑपरेशन सिन्दूर पर आधारित थी।




इस देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और समारोह को एक नई ऊंचाई प्रदान की। इस समारोह की गरिमा बढ़ाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के अनेक प्रतिष्ठित अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें हर्ष जैन एवं हिमांशु जैन (बाहुबली स्टॉक ब्रोकिंग लिमिटेड), ग्रेट ईस्टर्न रिटेल लिमिटेड के प्रोमोटर्स, आईसीएसआई - ईआईआरसी के चेयरमैन अनुज सारस्वत, आईसीएआई - ईआईआरसी के चेयरमैन विष्णु तुलसियान, टीटी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रोमोटर संजय जैन, प्रसिद्ध राष्ट्रीय गायक राज पारीक, बाबूलाल दुगड़ तथा विजय सिंह दुगड़ शामिल रहे।

## एस.पी.के जैन फ्यूचरिस्टिक एकेडमी, न्यू टाउन का तृतीय स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन सभा द्वारा संचालित एस.पी.के जैन फ्यूचरिस्टिक एकेडमी, न्यू टाउन का तीसरा स्थापना दिवस समारोह भव्यता के साथ मनाया गया। इस समारोह में विशिष्ट अतिथि टी. टी. ग्रुप के चेयरमैन तथा समाजसेवी और परोपकारी व्यक्तित्व डॉ. रिखब चंद जैन उपस्थित थे। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के छात्रों द्वारा संगीत, नृत्य और थिएटर के सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ, जिसमें एकता, रचनात्मकता एवं उत्कृष्टता के मूल विषयों को दर्शाया गया। समारोह में सभा ने अपने शुभचिंतकों पन्नालाल कोचर, डॉ. रिखब चंद जैन, राजेन्द्र सेठिया एवं प्रदीप जयदीप पटवा को सम्मानित किया। साथ ही, सभा ने अपने विद्यालय श्री जैन विद्यालय, कोलकाता के पूर्व छात्र अनिल मुरारका, श्री जैन विद्यालय फॉर ब्वॉयज, हावड़ा के पूर्व छात्र डॉ.




राजदीप साव, श्री जैन विद्यालय फॉर गर्ल्स, हावड़ा की पूर्व छात्रा मिमांशा सिंह तथा केएसडी जैन डेनटल कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल की पूर्व छात्रा डॉ. अमिशा जायसवाल का एवं साथ ही साथ राजरहाट स्कूल के प्लानर एंड एडवाइजर दर्शन मुथा (बैंगलोर) का भी सम्मान किया। सभा के अध्यक्ष सरदारमल कांकरिया ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि हमारी सभा की यात्रा हमेशा निःस्वार्थ सेवा में निहित रही है। एस. पी. के जैन फ्यूचरिस्टिक एकेडमी केवल एक विद्यालय नहीं है, यह कालातीत मूल्यों के साथ मिश्रित आधुनिक शिक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. जयीता गांगुली ने सभा और उसके समर्थकों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। समारोह में रंजीत कोठारी, जीतो संस्था के चेयरमैन धर्मेन्द्र जैन, जीतो के दिनेश जैन, चन्द्रेश भाई मेघानी, बुधमल लूनिया, सुमित कोठारी, ऋषभ नाहटा तथा अन्य समाज के भी गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभा के ट्रस्टी विनोद मिन्नी, सभा के सदस्य अरुण कुमार मालू, मनोज बोथरा, राजकुमार डागा, सिद्धार्थ मालू, कपिल पटवा, अमन कोठारी, शशि कांकरिया, पद्मा मिन्नी, सोनल चौरडिया, त्रिशला भंसाली एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन सभा के मंत्री अशोक मिन्नी ने किया। समारोह को सफल बनाने में रिधकरण बोथरा, पद्म चंद नाहटा, एस. पी. के जैन फ्यूचरिस्टिक एकेडमी के अध्यक्ष ललित कांकरिया, प्रदीप पटवा, एस. पी. के जैन फ्यूचरिस्टिक एकेडमी के मंत्री जयदीप पटवा, हनुमान नाहटा, किशोर गेनरी, विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं स्टाफ की सक्रिय भूमिका रही।

# उत्तर बंगाल में सुपारी तस्करी के सरगना धीरज घोष पर पुलिस ने कसा शिकंजा

**कोलकाता/सिलीगुड़ी :** उत्तर बंगाल में सुपारी तस्करी के किंगपिन माने जा रहे धीरज घोष को नक्सलबाड़ी थाना पुलिस ने शनिवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। रूपसिंह जोत (उत्तर बागडोगरा) निवासी धीरज पर फर्जी दस्तावेजों के जरिए सुपारी तस्करी का गंभीर आरोप है। पुलिस ने रविवार को उसे सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया। धीरज घोष का नाम पहली बार अक्टूबर 2024 में सामने आया, जब दार्जिलिंग जिला पुलिस ने फांसीदेवा और नक्सलबाड़ी थाना क्षेत्रों से पांच ट्रकों में तस्करी की जा रही सुपारी जब्त की थी। इन ट्रकों में फर्जी कागजात



के सहारे दिल्ली के लिए सुपारी भेजी जा रही थी। मामले में पांच ट्रक चालकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें धीरज और उसके सहयोगी विनय का नाम उजागर हुआ। हालांकि, पूछताछ के दौरान धीरज ने कोई सहयोग नहीं किया और फरार हो गया। पुलिस की सतर्कता के चलते शनिवार को उसे नक्सलबाड़ी से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक प्रवीण प्रकाश ने बताया कि धीरज घोष लंबे समय से अंतरराज्यीय सुपारी तस्करी सिंडिकेट का संचालन कर रहा था। वह अलग-अलग गिरोहों के बीच समन्वय स्थापित कर अवैध सुपारी की ढुलाई कराता था। राजस्व आसूचना निदेशालय, लखनऊ जोनल यूनिट ने भी धीरज के नेटवर्क के बारे में जानकारी दी थी, जिसमें नेपाल और पूर्वोत्तर राज्यों के रास्ते से भारत में तीसरे देश की सुपारी की तस्करी का खुलासा हुआ था। फिलहाल, पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में छापेमारी कर रही है। इलाके में सुरक्षा और निगरानी बढ़ा दी गई है।

## बारासात में रंग कारखाने में लगी भीषण आग, दमकल की 20 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बारासात स्थित एक गोदाम-सह-कारखाना परिसर में शनिवार की शाम लगी भीषण आग पर काबू पा लिया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। दमकल अधिकारी ने बताया कि आग करीब तीन लाख वर्ग फुट क्षेत्रफल में फैले परिसर को प्रभावित कर चुकी है। अधिकारी के अनुसार, इस परिसर में पेंट बनाने के कुछ कारखाने के अलावा टेलीविजन, वातानुकूलक (एसी) आदि के गोदाम भी स्थित थे। बारासात पुलिस जिले की पुलिस अधीक्षक प्रतीक्षा झारखरिया ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि बारासात के कदंबगाची में स्थित यह परिसर अब भी इतना गर्म है कि किसी के लिए अंदर जाना मुश्किल है। दमकल अधिकारी ने बताया कि परिसर को ठंडा करने के लिए 10 दमकल वाहनों को तैनात किया गया है। शनिवार की शाम करीब 7.30 बजे आग लगने के बाद कम से कम 20 दमकल गाड़ियां आग बुझाने के काम में लगाई गई थीं। अधिकारी ने कहा कि आग लगने के कारण का अब तक पता नहीं चल सका है। अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा महानिदेशक रणवीर कुमार ने कहा कि हमारे अग्निशमन कर्मी आग बुझाने में लगे हुए हैं। एहतियात के तौर पर इलाके को खाली करा दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि बारासात की सांसद काकोली घोष दस्तीदार भी मौके पर हैं और स्थिति का जायजा ले रही हैं।

## तेरापंथ युवक परिषद साउथ हावड़ा ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

**हावड़ा, समाज्ञा :** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशन में फिट युवा हिट युवा के अंतर्गत तेरापंथ युवक परिषद साउथ हावड़ा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन शनिवार को क्षेत्र के वन शॉट टर्फ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र के संगान के साथ हुआ। तत्पश्चात परिषद अध्यक्ष आदेश चौरड़िया ने उपस्थित सभी का स्वागत अभिनंदन किया। सभा उपाध्यक्ष मदन चंद नाहटा एवं अणुव्रत समिति के उपाध्यक्ष मनीष कुमार बैद, संजय पारख ने अपने विचार प्रस्तुत किए। योग सत्र का संचालन अत्यंत कुशलता के साथ योग प्रशिक्षिकाएं देबिका पोरेल एवं सायंती सरकार ने किया। प्रशिक्षिका ने प्रतिभागियों को सरल एवं प्रभावी



तरीके से सूर्य नमस्कार, विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास करवाया। कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम की सफलता में श्रीयांश एवं रियांश भंसाली परिवार की प्रायोजक के रूप में भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। कार्यकम का संचालन अमित बेगवानी ने किया, उपस्थित सभी का आभार प्रवीण बैंगानी ने किया। सफल कार्यक्रम आयोजन में अभिषेक खटेड़, करण गोलछा, मिथलेश बैद का अथक प्रयास एवं परिश्रम रहा।

## लिलुआ कैरेज एंड वैगन वर्कशॉप में उत्साहपूर्वक योग दिवस मनाया गया



**कोलकाता, समाज्ञा :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में लिलुआ स्थित कैरेज एंड वैगन वर्कशॉप में 21 जून को योग संगम पहल के अंतर्गत भव्य आयोजन किया गया। आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के नेतृत्व में देशभर में आयोजित इस अभियान के तहत, लिलुआ वर्कशॉप के डब्ल्यूएसए ग्राउंड पर 1,338 से अधिक कर्मचारियों ने सामूहिक योग प्रदर्शन में भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यशाला प्रबंधक यतीश कुमार ने उपस्थिति दर्ज कराते हुए कर्मचारियों को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। सत्र का नेतृत्व प्रसिद्ध योगगुरु भूपेंद्र शुक्लेश ने किया। प्रतिभागियों को योग दिवस की स्मृति में विशेष टी-शर्ट प्रदान की गई और पौष्टिक अल्पाहार वितरित किया गया। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशाखापट्टनम से प्रसारित राष्ट्रीय योग सत्र के साथ समन्वय में संपन्न हुआ और देशभर के 1 लाख से अधिक स्थलों पर आयोजित योग संगम का हिस्सा बना।

# नवलखा जैन मंदिर मे साध्वी जी का नगर प्रवेश





**कोलकाता, समाज्ञा :** गुरुदेव नममुनी महाराज की शुशिष्य परम पूज्य दिव्याताजि आदि ठाणा 6 रविवार को हावड़ा अम्बिका जूट मिल, बाली, हावड़ा, ब्रेबोर्न रोड, इन्डिया एक्सचेंज प्लेस से होते हुए नवलखा उपाश्रय पोलोक स्ट्रीट पहुंची। हावड़ा आने के बाद नवलखा संघ के प्रतिनिधि, पारसधाम, पाण महिला मंडल, ललित महिला मंडल, जैन युवक समिति, अरम युवा गुप, पारसधाम महिला मंडल, लुक एन्ड लरन, के सभी कार्यकर्ता ने विभिन्न तरह कि प्रस्तुति की। साध्वीगण का चातुर्मास पारसधाम भवानीपुर मध्ये है। नवलखा उपाश्रय में नगर पवेश का आयोजन किया गया था, जिसमें नवलखा संघ के अध्यक्ष चंद्रेश मेधाणी (रोमी भाई), उपाध्यक्ष दीपक गाठाणी, दिलेश पटेल, सचिव दिलेश भिमाणी, रमणीकभाई खारा, निमेष शाह, भावेश चोवटिया, जीतूभाई शाह, भरत भायाणी, हर्षद शाह, परेश दफतरी, विकाश खारा, धमेश भिमाणी, हेमल दफतरी, राजेश मोदी, कल्पनाबेन बाखडा, चेतना कामाणी, पारेख, हर्षा शाह, पारसधाम के अध्यक्ष चिराग शाह, उपाध्यक्ष समीर मालाणी, हर्षदभाई अजमेरा, जसवीर शेठ, अशोक तुरखिया, पियेश हेमाणी, मनोज गाठाणी, पुष्पक मोदी, प्रफुल भाई मोदी, सयलैशभाई सधवी, शयलेन अवलाणी, भरत देसाई, केतन दोषी, राजेश भिमाणी, मनीष हेमाणी, किरीट महेता, भरत वोरा, किती शेठ, शमीला जशाणी, जीगना मालाणी, मुकेश भाइ मालाणी, विकम वोरा, आशिष शेठ, विशाल हेमाणी आदि उपस्थित थे। नक्काशी का लाभ राजेश भाई पुनातर परिवार ने लिया था। पुलिस की व्यवस्था साहिल जैन एवं चदेश मेधाणी ने किया था।

## श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम के प्राण पुरुष प्रकाशचंद टिबड़ेवाल को श्याम भक्तों ने दी श्रद्धांजलि



**हावड़ा, समाज्ञा :** श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम के संस्थापक 'श्यामलीन' प्रकाशचंद टिबड़ेवाल की 19वीं पुण्य तिथि पर रविवार को उनको श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम में भावपूर्ण शद्धांजलि अर्पित की गई। विशिष्ट गायक दलजीत-गुरप्रीत सिंह की ओर से श्रद्धांजलि स्वरुप आयोजित श्याम अखण्ड ज्योति पाठ के सामूहिक आयोजन में भक्तों ने श्याम नाम की महिमा का गुणगान कर प्रकाश जी को अपनी श्रद्धा निवेदित की। मंदिर प्रांगण में फूल माला से सुसज्जित श्यामलीन प्रकाश जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर मंदिर के प्रबंध न्यासी बिनोद टिबड़ेवाल ने श्रद्धा निवेदित की। प्रकाश जी की धर्मपत्नी मंजू देवी टिबड़ेवाल के अलावा, प्रेमलता टिबड़ेवाल, ललिता टिबड़ेवाल, मंदिर परिवार की ओर से सुरेंद्र अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, सांवरमल अग्रवाल, पवन गर्ग, संजय टिबड़ेवाल, अन्य श्याम भक्तों ने श्रद्धा निवेदित किया। मंदिर के मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार भुवालका ने प्रकाश जी के कार्यों को याद किया।

# सीकर भवन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन




**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता स्थित सीकर भवन में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक सफल योग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) द्वारा विवेकानन्द रॉक मेमोरियल और विवेकानंद केन्द्र कन्याकुमारी पश्चिम बंग प्रांत के प्रदीप जायसवाल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 55 लोगों ने भाग लिया। योग सत्र सुबह 7:45 बजे से प्रारंभ हुआ और प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक इसमें भाग लिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष एमिरेट्स घनश्याम प्रसाद सोभासरिया ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह आत्मा और मन की शुद्धि का भी सशक्त साधन है। उपाध्यक्ष दामोदर प्रसाद बिदावतका ने अपनी बात रखते हुए कहा कि हमारी प्राचीन भारतीय योग परंपरा को आज पूरे विश्व ने स्वीकार किया है, जो हम सभी के लिए गर्व की बात है। संस्था के सचिव रवि शंकर सीकारिया ने योग शिविर में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों का आभार प्रकट किया और जानकारी दी कि पिछले सात दिनों से सीकर भवन में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा था। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करें, जिससे जीवन अधिक संतुलित और स्वस्थ बन सके। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने योग के लाभों को अनुभव किया और कार्यक्रम की सराहना की।

## स्वतंत्रता सेनानी सेठ अमरचंद बांठिया को श्रद्धांजलि



**कोलकाता, समाज्ञा :** राजस्थान के बीकानेर के महान स्वतंत्रता सेनानी सेठ अमरचंद बांठिया, जिन्हें राजस्थान का मंगल पांडे कहा जाता है, को रविवार को सत्यनारायण पार्क के निकट श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में वार्ड 42 के पार्षद महेश शर्मा ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सेठ अमरचंद बांठिया जैसे वीरों के त्याग और बलिदान के कारण ही हम आज स्वतंत्र भारत की खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। ऐसे महा-पुरुषों को भूलना, अपने इतिहास और मूल्यों को खो देना होगा। हम उन्हें सदैव कृतज्ञता के साथ स्मरण करते रहेंगे। इस अवसर पर सुरेन्द्र कुमार बांठिया, शेखर बांठिया, चंपालाल बांठिया, नीलम कुमार बांठिया, त्रिलोक बांठिया, गौतम गोलछा सहित जैन समाज के अनेक वरिष्ठ गणमान्य उपस्थित रहे और सभी ने सेठ जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सियालदह मंडल में आरपीएफ ने यात्रियों की सुरक्षा हेतु की सराहनीय कार्रवाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह मंडल ने यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आरपीएफ ने बीते सप्ताह उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त एम.के. सिंह के नेतृत्व और मंडल रेल प्रबंधक राजीव सक्सेना के मार्गदर्शन में आरपीएफ ने न केवल कई यात्रियों को उनका खोया हुआ कीमती सामान वापस लौटाया, बल्कि एक बड़े मादक पदार्थ तस्करी के मामले में भी बड़ी सफलता हासिल की। 18 जून को ऑपरेशन अमानत के तहत चार मामलों में कुल 1.78 लाख से अधिक मूल्य के सामान बरामद कर यात्रियों को लौटाए गए। इसके साथ ही, 19 जून को आरपीएफ और सीआईबी सियालदह की टीम ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो,




कोलकाता के साथ मिलकर एक व्यक्ति अब्बास अजमेरी को गिरफ्तार किया, जिसके पास से 6.338 किलोग्राम संदिग्ध हेरोइन और मॉर्फिन बरामद की गई, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 3.35 करोड़ बताई गई है। डीआरएम राजीव सक्सेना ने कहा कि ये उपलब्धियां आरपीएफ सियालदह की सजगता, तत्परता और यात्रियों की सुरक्षा के प्रति समर्पण को दर्शाती हैं, जो रेलवे परिसर को एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं।

# दिघा में रथ यात्रा के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था, लगाए जाएंगे ड्रोन, सीसीटीवी और वॉच टावर

**पूर्व मेदिनीपुर :** दिघा में नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर से पहली बार निकलने वाली रथ यात्रा के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। प्रशासन को लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ की उम्मीद है, जिनमें विदेशी भक्त भी शामिल हो सकते हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भी रथ यात्रा के दिन मौजूद रहने की संभावना है। इसी को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के विशेष उपाय किए जा रहे हैं। रथ यात्रा के दौरान पूरे मार्ग पर निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं और आकाश में ड्रोन भी तैनात रहेंगे। मंदिर परिसर के चारों कोनों पर चार वॉच टावर बनाए जा रहे हैं। साथ ही, मंदिर से रथ मार्ग तक की सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी की गई है।



भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा की रथ यात्रा नए मंदिर से शुरू होकर करीब एक किलोमीटर दूर पुराने मंदिर, यानी 'मासी के घर' तक जाएगी। पहले मंदिर के सात नंबर गेट से रथ यात्रा निकालने की योजना थी, लेकिन अब रथ को मंदिर के दक्षिणी गेट से 116 बी राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए ले जाया जाएगा। यह जानकारी इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष और मंदिर ट्रस्ट के सदस्य राधारमण दास ने दी।

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए फुटपाथ पर बैरिकेडिंग की जा रही है। साथ ही, रथ मार्ग में कई ड्रॉप गेट्स लगाए जाएंगे। ताकि किसी भी आपात स्थिति में मार्ग को तुरंत बंद किया जा सके। दिघा में भारी बारिश और जलजमाव की संभावना को देखते हुए ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त किया जा रहा है और अतिरिक्त पंप की व्यवस्था की गई है, ताकि पानी जल्दी निकाला जा सके। रथ यात्रा मार्ग के दोनों ओर मेडिकल कैंप और पीने के पानी की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही, रथ मार्ग पर कई स्थानों पर चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध रहेगी।

रथ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर राज्य पुलिस के डीजी राजीव कुमार, पश्चिम रेंज के आईजी अनुप जासवाल और पूर्व मेदिनीपुर के एसपी सौम्यदीप भट्टाचार्य ने मंदिर और रथ मार्ग का निरीक्षण किया है। अन्य जिलों से भी पुलिस बल बुलाए जाने की योजना है, हालांकि अभी यह तय नहीं हुआ है कि कितने जवान तैनात किए जाएंगे। पूर्व मेदिनीपुर के एसपी सौम्यदीप भट्टाचार्य ने कहा है कि रथ यात्रा शांतिपूर्वक सम्पन्न हो, इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा को लेकर अब तक कई बैठकें भी की जा चुकी हैं।

# तारकेश्वर से तृणमूल नेता गिरफ्तार, गंभीर आरोपों में फंसे स्वरूप घोष

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले के तारकेश्वर से तृणमूल कांग्रेस के नेता स्वरूप घोष को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके खिलाफ बमबारी, विपक्षियों के घरों में तोड़फोड़ और धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। यह गिरफ्तारी शनिवार शाम तारकेश्वर थाने की पुलिस ने की। मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार किए गए नेता का नाम स्वरूप घोष है, जो हुगली के तारकेश्वर इलाके के संतोषपुर ग्राम पंचायत के पूर्व उपप्रधान रह चुके हैं। 2010 में बमबारी और 2014 में विपक्षी दलों के घरों में तोड़फोड़ के आरोप में उनके खिलाफ तारकेश्वर थाने में मामले दर्ज हुए थे। ये दोनों मामले बाद में अदालत तक पहुंचे।



स्वरूप घोष लंबे समय से अदालत में पेश होने से बचते आ रहे थे, जिसके चलते कोर्ट ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया। इसी वारंट के आधार पर शनिवार शाम तारकेश्वर थाने की पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया। रविवार को उन्हें चंदननगर महकमा अदालत में पेश किया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### लिलुआ खून की घटना के आरोपी को हावड़ा जिला अदालत में किया गया पेश

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के लिलुआ थाना क्षेत्र में हुए हत्या के मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी ट्रक चालक को शनिवार को हावड़ा जिला अदालत में पेश किया गया। यह कार्रवाई जयपुर बिल, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 16 के सर्विस रोड के पास शुक्रवार सुबह एक युवक का शव बरामद होने के बाद की गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शव मिलने के बाद जब मामले की जांच शुरू की गई, तो सुराग के आधार पर हुगली जिले के बैद्यवाटी इलाके से ट्रक चालक फिरोज को गिरफ्तार किया गया। फिरोज पेशे से ट्रक ड्राइवर है और प्रारंभिक पूछताछ में उसने यह स्वीकार किया है कि पुरानी रंजिश के चलते उसने अपने खलासी की हत्या की और शव को सुनसान स्थान पर फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी को शनिवार को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इस मामले में आगे की जांच जारी है।

## जमीन विवाद में भाई ने ही कर दी भाई की हत्या, सोनारपुर में खून से सनी शाम

**कोलकाता :** दक्षिण 24 परगना के सोनारपुर थाना अंतर्गत मकरामपुर इलाके में जमीन विवाद को लेकर भाई ने ही अपने सगे भाई की हत्या कर दी। मृतक का नाम आशरफ सरदार, जबकि आरोपी भाई का नाम कालू सरदार है। शनिवार शाम आशरफ चाय की दुकान पर गया था, तभी कालू ने धारदार हथियार से उस पर अचानक हमला कर दिया। कई वार में आशरफ मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा। स्थानीय लोग तुरंत उसे अस्पताल लेकर गए, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दोनों परिवारों में जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। मृतक के बेटे आसान सरदार ने आरोप लगाया कि कालू पहले



भी परिवार को मारने की धमकी दे चुका था। उसने बताया कि कालू इलाके में अवैध शराब और गांजे के धंधे में लिप्त था। आशरफ की पत्नी अनवारा बीबी और बहू रेशमी बीबी ने भी न्याय की मांग की है। घटना से पूरे इलाके में चौकसी और आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर पलायन कर चुके कालू सरदार की तलाश शुरू कर दी है।

# एनएफआर ने तीन प्रमुख ट्रेनों के कोच की स्थायी वृद्धि कर यात्री सेवाएं बढ़ाई

**मालीगांव, समाज्ञा**

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने तीन महत्वपूर्ण ट्रेनों के कोच की संख्या स्थायी और एक अन्य की अस्थायी बढ़ोतरी कर यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है, जो 1 जुलाई से प्रभावी होगा।

यह पहल बढ़ती यात्री आवश्यकताओं को पूरा करने, ऑनबोर्ड सुविधाओं में सुधार और अपने नेटवर्क में यात्रा की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाने में एनएफआर की निरंतर प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

ट्रेन संख्या 12042/12041 न्यू जलपाईगुड़ी जंक्शन–हावड़ा जंक्शन–न्यू जलपाईगुड़ी जंक्शन (शताब्दी एक्सप्रेस), जो सप्ताह में छह दिन चलती है, में यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए, विशेष रूप से नैसर्गिक मार्गों से यात्रा करने वालों के लिए, एक विस्टाडोम कोच को स्थायी रूप से जोड़ा गया है।

इस अतिरिक्त कोच के साथ, ट्रेन अब कुल 15 कोचों की होगी। संशोधित संरचना 1 जुलाई से न्यू जलपाईगुड़ी और हावड़ा जंक्शन दोनों स्टेशनों से प्रभावी होगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 12067/12068 गुवाहाटी – जोरहाट टाउन – गुवाहाटी (जन शताब्दी एक्सप्रेस) भी सप्ताह में छह दिन चलती है।

इसमें यात्रियों को अधिक आकर्षक और आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए एक विस्टाडोम कोच को स्थायी रूप से जोड़ा गया है। संशोधित कोच संरचना में अब 16 कोच शामिल हैं और यह परिवर्तन 1 जुलाई से गुवाहाटी और जोरहाट टाउन से प्रभावी होगा।

इसके अतिरिक्त, ट्रेन संख्या 15417/15418 अलीपुरद्वार जंक्शन–सिलघाट टाउन–अलीपुरद्वार जंक्शन (राज्य रानी एक्सप्रेस), जो सप्ताह में तीन दिन चलती है, में भी एक अतिरिक्त एसी 3–टियर कोच को स्थायी रूप से जोड़ा गया है।

अतिरिक्त कोच के साथ, ट्रेन में अब कुल 12 कोच होंगे। यह संशोधित संरचना 1 जुलाई, 2025 से अलीपुरद्वार जंक्शन और 2 जुलाई से सिलघाट टाउन से प्रभावी होगी। ट्रेन संख्या 15713/15714 कटिहार–पटना–कटिहार (इंटरसिटी एक्सप्रेस) में भी कोच की अस्थायी वृद्धि को एक वर्ष के लिए किया है।

यह ट्रेन 1 जुलाई 2025 से 30 जून 2026 तक नामित दिवसों पर एक अतिरिक्त वातानुकूलित 3–टियर इकोनॉमी कोच के साथ चलेगी, जिससे निरंतर यात्रा सुविधा और यात्रियों की मांग की पूर्ति सुनिश्चित होगी।

### मालदह में पिकअप वैन पलटी, एक की मौत




**मालदह :** मालदह में एक दर्दनाक हादसा हुआ जब एक पिकअप चैन पलट गई। चैन के नीचे दखकर एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान तापस मंडल (40) के रूप में हुई है। यह घटना रविवार को मालदह के बामनगोला थाने के चांदपुर इलाके के सिंटानी इलाके में हुई। सूचना मिलने पर बामनगोला थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने मजदूर का शव बरामद किया और उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# सांतरागाछी में शूटआउट, इलाके पर कब्जे को लेकर गैंगवॉर में बदमाश को लगी गोली

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के सांतरागाछी इलाके में रविवार दोपहर दो आपराधिक गिरोहों के बीच इलाके पर कब्जे को लेकर हुई झड़प में गोलीबारी की सनसनीखेज घटना सामने आई। इस वारदात में एक बदमाश को गोली लग गई, जिसे गंभीर हालत में इलाज के लिए कोलकाता के एसएमकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, सांतरागाछी झील के पास लंबे समय से सुरजीत दास और बापन बेरा गिरोह के बीच वर्चस्व को लेकर तनाव बना हुआ था।



रविवार को सुरजीत अपने साथियों के साथ इलाके में पहुंचा और बापन पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि झील के किनारे मौजूद बापन को लक्ष्य बनाकर गोली चलाई गई, जो उसके पैर में जा लगी। खबर मिलते ही पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। चूंकि यह इलाका सांतरागाछी स्टेशन के पास है, इसलिए बड़ी दुर्घटना की आशंका भी जताई जा रही है। इलाके में तनाव व्याप्त है।

## हावड़ा के बिस्कुट कंपनी के कर्मचारी के अपहरण व हत्या के मामले में दूसरी गिरफ्तार

**बीरभूम के रामपुरहाट से कार चालक को पुलिस ने दबोचा**

**हावड़ा, समाज्ञा :** बैंक में डेढ़ लाख रुपये जमा करने जा रहे फोरशोर रोड स्थित बिस्कुट कंपनी के कर्मचारी अनिमेष मित्रा का अपहरण कर उनकी हत्या करने के मामले में दूसरी गिरफ्तारी हुई है। पुलिस ने बीरभूम के रामपुरहाट से दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम राजकुमार साव है। वह पेशे से ड्राइवर है और गोलाबाड़ी थाने के पिलखाना इलाके का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि अनिमेष का अपहरण करने के बाद जिस गाड़ी से उसे बोलपुर ले जाया गया, उसका चालक राजकुमार था। रविवार उसे हावड़ा के सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया, जहां मजिस्ट्रेट ने उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया है। मालूम हो कि इस मामले में अभिषेक



सोनकर को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। वह भी पुलिस की रिमांड पर है। गौरतलब है कि गुरुवार की दोपहर को करीब 2.30 बजे अनिमेष बैंक में रुपये जमा करने के लिए फोरशोर रोड से निकले थे। उन्हें हावड़ा मैदान आना था। बर्न स्टैंडर्ड के पास एक बाइक उनके पास आकर रुकी और जबरन बैठा लिया। शनिवार को अनिमेष का शव बोल–पुर के शिवतला इलाके में एक मैदान से बरामद किया गया। उनके गले में फंदा लगा हुआ था।

## 2086 यूनिट रक्तदान कर रचा इतिहास, बनवारीलाल सोती के सेवा वर्ष पर कोलकाता में भव्य आयोजन

**कोलकाता :** सेवा के प्रतीक बनवारीलाल सोती के 50वें सेवा वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित रक्तदान महाशिविर में 2086 यूनिट रक्त संग्रह कर कोलकाता में एक नया कीर्तिमान स्थापित हुआ। यह ऐतिहासिक आयोजन बिनानी भवन में हुआ, जहां 2400 से अधिक रक्तदाताओं ने पंजीकरण कराया।

कैबिनेट मंत्री डॉ. शशि पांजा ने इसे 6100 जीवन रक्षार्थ महायज्ञ की संज्ञा दी और बनवारीलाल सोती, जेठमल रंगा व राजकुमार व्यास को बधाई दी। मेयर परिषद सदस्य देवाशीष कुमार ने भी आयोजन की सराहना की और परशुराम उद्यान नामकरण हेतु विशेष स्वागत किया गया।



दीप प्रज्वलन अमित शर्मा ने किया, जबकि संयोजन की जिम्मेदारी पार्षद महेश शर्मा ने निभाई। आयोजन में पूर्व विधायक संजय बख्शी, स्मिता बख्शी, पार्षद मीनादेवी पुरोहित, संतोष पाठक, विजय ओझा, राजेश सिन्हा, मीरा हाजरा, शुभाशीष चौधरी, अनूप चक्रवर्ती, विश्वरूप दे, सचिन सिंह उपस्थित रहे।

किशन गोस्वामी (विप्र फाउंडेशन) ने बताया कि कार्यक्रम में पं. शंभू शरण लाटा, श्रीकांत शर्मा बालव्यास, पं. शिवकिशन किराड़ू का आशीर्वचन प्राप्त हुआ।

इस सफल आयोजन में खांडल विप्र चैरिटेबल ट्रस्ट, राजस्थान ब्राह्मण संघ, गौड़ ब्राह्मण सभा, रक्तवीर, भारतीय सेना समेत कुल 8 ब्लड बैंकों का यो–गदान रहा।

दुर्गा व्यास ने सभी रक्तदाताओं और सहयोगियों का आभार जताया।

यह जानकारी अनुपम शर्मा ने दी।

### महिला यात्री की तबीयत बिगड़ी, मेट्रो कर्मचारियों ने बढ़ाया मदद का हाथ

**कोलकाता :** कोलकाता मेट्रो के मास्टरदा सूर्य सेन स्टेशन पर एक महिला यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ जाने पर मेट्रो कर्मचारियों और आरपीएफ ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल सहायता पहुंचाई। यह घटना 21 जून की सुबह करीब 10 बजे की है, जब लगभग 49 वर्षीय महिला यात्री को स्टेशन परिसर में अचानक अस्वस्थता महसूस होने लगी। उनके साथ मौजूद पति ने स्टेशन स्टाफ और आरपीएफ से मदद की गुहार लगाई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए महिला को स्ट्रेचर की सहायता से स्टेशन मास्टर के कार्यालय लाया गया, जहां उसे प्राथमिक उपचार दिया गया। इसके बाद उन्हें और उनके पति को आगे के इलाज के लिए एम.आर. बंगुर अस्पताल भेजा गया। आरपीएफ और स्टेशन स्टाफ भी उनके साथ अस्पताल तक गए। महिला और उनके पति ने कोलकाता मेट्रो रेलवे के अधिकारियों का इस मदद और सहयोग के लिए आभार जताया।

## जगतबल्लभपुर में गांजा ठिकाने पर पुलिस की छापेमारी, तीन आरोपी गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के जगतबल्लभपुर थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर पुलिस ने एक गांजा ठिकाने पर छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मुंशीहाट बाजार के स्थानीय दुकानदारों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि इलाके के एक घर में खुलेआम गांजे की बिक्री की जा रही है। शिकायत में बताया गया कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में बाहरी लोग वहां आते हैं और नशे का सामान लेकर खुलेआम चले जाते हैं। सूचना के आधार पर रविवार को जब गांजा का अवैध ठेका चल रहा था, उसी दौरान जगतबल्लवपुर थाना पुलिस ने अचानक छापा मारा। इस दौरान पुलिस और सिविक वॉलिंटियर्स के साथ हल्की



धक्का–मुक्की भी हुई। हालांकि, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीन लोगों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से गांजा की अवैध बिक्री की शिकायतें मिल रही थीं। इसी के चलते यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और मामले की जांच जारी है।

## रूबी पार्क पब्लिक स्कूल में योग और संगीत का आध्यात्मिक संगम

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के रूबी पार्क पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और विश्व संगीत दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें योग की शांति और संगीत की मधुरता का अद्वितीय समन्वय देखने को मिला। विद्यालय का प्रांगण इस अवसर पर आध्यात्मिक ऊर्जा और सुरों की मधुर लहरियों से सराबोर हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रों और रुद्राष्टक के सस्वर पाठ से हुई, जिससे पूरे परिसर में आध्यात्मिक वातावरण का संचार हुआ। इसके पश्चात् विद्यार्थियों ने रवींद्र संगीत, भक्ति गीतों और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन प्रस्तुतियों में भारतीय सांस्कृतिक विरासत की




झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या मौसमी महापात्रा ने इस अवसर पर कहा कि योग और संगीत का संगम न केवल विद्यार्थियों के मानसिक और शारीरिक संतुलन को सशक्त बनाता है, बल्कि उन्हें एक संतुलित और संस्कारी नागरिक बनाने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है। यह आयोजन हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने और आत्मिक उन्नयन की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल है।

इस आयोजन ने यह प्रमाणित किया कि रूबी पार्क पब्लिक स्कूल शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ–साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और सांस्कृतिक चेतना के संवर्धन में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

## ऋण दिलाने के नाम पर ठगी का कारोबार, डानकुनी में फर्जी एजेंट गिरफ्तार

**हुगली :** हुगली जिले के डानकुनी थाना क्षेत्र के चाकुंदी इलाके में रविवार को एक फर्जी एजेंट को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिससे इलाके में हलचल मच गई। बताया जा रहा है कि बेलूर की रहने वाली सूनिता लस्कर, जो अपने बेटे की उच्च शिक्षा के लिए बड़ी राशि का इंतजाम करना चाहती थीं, वह ऋण लेने के लिए परेशान थीं। वे डानकुनी के चाकुंदी में एक छोटा होटल चलाती हैं। इसी दौरान उनका परिचय उत्तरपाड़ा की 'लोन सॉल्यूशन पॉइंट' नामक एक ऋण एजेंसी के एजेंट से हुआ। इस एजेंट ने उन्हें ऋण दिलाने का वादा किया और बार–बार सुनीता से हजारों रुपये ऐंठे। सूनिता ही नहीं, बल्कि बेलूर की कई अन्य महिलाओं को 'ग्रुप लोन' दिलाने के नाम पर बड़ी रकम ठगी गई है। इस मामले में एजेंसी के



मालिक अनिंद्य दे के खिलाफ भी आरोप हैं। रविवार को सुनीता से करीब साढ़े पांच हजार रुपये और मांगने पर अनिंद्य के आदेश पर चाकुंडी स्थित होटल में एक युवक रोहित गोस्वामी पहुंचा। फर्जी दस्ता–वेज दिखाने पर उसकी ठगी पकड़ी गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई, जिसने रोहित को गिरफ्तार कर लिया। रोहित ने कई बार पैसे लेने की बात स्वीकार की है। रविवार को उसे डानकुनी पुलिस श्रीरामपुर अदालत में पेश किया गया।

# द्वारकेश्वर का बढ़ता पानी बना संकट, आरामबाग में घर छोड़ तट पर पहुंचे लोग

**हुगली :** द्वारकेश्वर नदी का जलस्तर बढ़ने से आरामबाग शहर के वार्ड नंबर 2 स्थित बांधपाड़ा इलाके में पानी घुस आया है। प्रबल जलप्रवाह के कारण कई परिवार गंभीर संकट में हैं। घरों के भीतर तक पानी भर जाने से पीने के पानी के नलकूप और नल भी डूब गए हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि लोग अपने घर छोड़कर द्वारकेश्वर के तटबंध पर तिरपाल और अस्थायी टेंट लगाकर शरण लेने को मजबूर हो गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि आरामबाग नगरपालिका की ओर से उन्हें राहत देने का आश्वासन तो दिया गया था, लेकिन दो दिन बीतने के बाद भी अब तक कोई मदद नहीं पहुंची है। क्षेत्र के लगभग 30 से 80 परिवार बांध पर तिरपाल लगाकर रह रहे हैं। कामकाज बंद हो जाने से



उनके पास रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने का कोई साधन नहीं बचा है। इन पीड़ितों ने नगरपालिका से अपील की है कि कम से कम कुछ दिनों के लिए उन्हें खाने–पीने की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। नगरपालिका के चेयरमैन समीर भंडारी ने राहत का आश्वासन अवश्य दिया है, लेकिन अब तक कोई सहायता नहीं पहुंची है। बढ़ते जलस्तर के कारण खेती को भी व्यापक नुकसान पहुंचा है।

हालांकि, शनिवार को बारिश नहीं होने की वजह से क्षेत्र में पानी कुछ हद तक घटा है। कुछ लोग वापस अपने घरों की ओर लौटे हैं और पानी निकालकर घरों की सफाई में जुट गए हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि अगर आगे बारिश नहीं हुई तो आगामी दो–तीन दिनों में स्थिति में सुधार हो सकता है। लेकिन रविवार को दोबारा हुई बारिश ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। डिवीसी से लगभग 76 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण मुंडेश्वरी और दामोदर नदियों के जलस्तर में भी वृद्धि की आशंका है, जिससे खानाकुल, आमता और उदयनारायणपुर जैसे क्षेत्रों में भी बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। राज्य सरकार की ओर से हालात की निगरानी के लिए उच्च स्तरीय बैठकें की जा रही हैं। शुक्रवार को राज्य के अतिरिक्त मुख्य सचिव मनीष जैन ने आरामबाग पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। शनिवार को राज्य के मंत्री बेचाराम मन्ना, जिला शासक मुक्ता आर्य, आरामबाग एसडीओ, एसडीपीओ, विधायक करबी मन्ना और अन्य अधिकारियों ने खानाकुल के मारोखाना और आरामबाग में बैठकें कीं।

बैठक में स्पष्ट किया गया कि किसी भी स्थिति में लोगों की सहायता की जाएगी और राजनीतिक मतभेदों को दरकिनार कर प्रशासन पूरी निष्ठा से कार्य करेगा। मंत्री बेचाराम मन्ना और आसिमा पात्र ने कहा, हम यहां राजनीति करने नहीं, लोगों की सेवा करने आए हैं। सभी को एकजुट होकर बाढ़ पीड़ितों की मदद करनी चाहिए। हमारी सरकार पूरी तरह से तैयार है।

## विधानसभा चुनाव से पहले श्रीरामपुर में तृणमूल को मिला जनसमर्थन, सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल

**हुगली :** 2026 विधानसभा चुनाव से पहले श्रीरामपुर में तृणमूल कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक समर्थन मिला है। रविवार को श्रीरामपुर नगरपालिका के वार्ड 24 के ग्वालापाड़ा इलाके में आयोजित शहीद दिवस की प्रस्तुति सभा में भाजपा, माकपा और कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता तृणमूल में शामिल हो गए। इससे तृणमूल कांग्रेस न केवल स्थानीय स्तर पर मजबूत हुई, बल्कि विपक्षी दलों में भीतरघात के संकेत भी मिले। यह कार्यक्रम श्रीरामपुर शहर तृणमूल अध्यक्ष संतोष (पप्पू) सिंह के नेतृत्व में हुआ, जिसमें सांसद कल्याण बनर्जी ने नवागत कार्यकर्ताओं को पार्टी का झंडा देकर स्वागत किया। मौके पर विधायक डॉ. सुदीप्तो राय, नगरपालिका चेयरमैन गिरधारी साहा,



विजय सागर मिश्रा, जाहिद हसन खान, तीयशा मुखर्जी और पार्षद अकबर अली मौजूद रहे। कल्याण बनर्जी ने पहलगाम आतंकी हमले को केंद्र सरकार की विफलता बताया और पीओके पर कार्रवाई से पहले सीजफायर पर सवाल उठाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 21 जुलाई को शहीद दिवस की सभा को सफल बनाने का आह्वान किया और कहा कि यह जनता के विश्वास की जीत है। तृणमूल नेतृत्व ने संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने का संकल्प दोहराया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### पंजाब के पटियाला जिले में एक ही परिवार के तीन लोग एसयूवी में मृत पाए गए

**चंडीगढ़:** पंजाब के पटियाला जिले में रविवार को एक एसयूवी के अंदर एक परिवार के तीन सदस्य मृत पाए गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनके शरीर पर गोली लगने के निशान थे। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान संदीप सिंह (45), उनकी पत्नी मंदीप कौर (40) और उनके बेटे अभय (18) के रूप में हुई है। ये सभी पटियाला के राजपुरा इलाके के छरबर गांव के पास मिले। राजपुरा के पुलिस उपाधीक्षक मंजीत सिंह के अनुसार, एक ट्रक चालक ने बनूर-शंभू रोड पर खड़ी एसयूवी के अंदर शव देखे। उन्होंने बताया कि जब ट्रक चालक द्वारा बार-बार हॉर्न बजाने के बाद भी कार आगे नहीं बढ़ी तो वह जांच करने के लिए अपने वाहन से बाहर आया। सिंह ने कहा कि पुलिस को संदेह है कि संपत्ति सलाहकार संदीप ने अपनी लाइसेंसी पिस्तौल से अपनी पत्नी और बेटे को गोली मार दी तथा उसके बाद खुद को भी गोली मार ली।

### बलिया: करंट लगने से दो लोगों की मौत

**बलिया (उप्र):** बलिया जिले में अलग अलग घटनाओं में करंट लगने से एक व्यवसायी और एक किसान की मौत हो गयी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, शहर कोतवाली क्षेत्र के बनकटा निवासी मुन्ना कुमार गुप्ता (48) की अपनी मिष्ठान की दुकान में साफ सफाई के दौरान करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गयी और शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। उधर रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में शनिवार को किसान तेज बहादुर सिंह को नलकूप का मोटर चालू करते समय करंट लग गया और उनकी मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, दोनों मामलों में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### पटना में तीन घरों के बेसमेंट का एक हिस्सा ढहा, कोई हताहत नहीं

**पटना:** बिहार की राजधानी पटना के बोरिंग रोड चौराहे के पास रविवार तड़के तीन मकानों के बेसमेंट का किनारे का एक हिस्सा ढह जाने से उसमें रहने वाले लोगों ने तुरंत अपने-अपने घरों को खाली कर दिया। अधिकारियों ने कहा कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन इलाके में दहशत है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि ढहने की यह घटना पास के एक भूखंड में की जा रही खोदाई के कारण हुई। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग (डीएमडी) की ओर से जारी बयान के अनुसार, रविवार तड़के ढ़ाई बजे पटना के बोरिंग रोड चौराहे के पास तीन मकानों के बेसमेंट का एक हिस्सा ढह गया।

### मुजफ्फरनगर में कूड़ेदान में जीवित मिला नवजात शिशु

**मुजफ्फरनगर (उप्र):** मुजफ्फरनगर जिले के जानसठ थाना क्षेत्र में रविवार को एक नवजात शिशु कूड़ेदान से जीवित मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना प्रभारी (एसएचओ) राजीव शर्मा के अनुसार, बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस उस महिला की तलाश कर रही है जो बच्चे को छोड़कर गई है। शर्मा के मुताबिक, कुछ स्थानीय लोगों ने कूड़ेदान में बच्चे को अपने पैर हिलाते हुए देखा था। उन्होंने बताया कि संदेह है कि किसी महिला ने सुबह-सुबह अपने बच्चे को छोड़ दिया होगा।

### असम में ट्रेन से उतरते समय जान गंवाने वाले सैनिक का राजस्थान में अंतिम संस्कार किया गया

**कोटा:** असम में रेलवे स्टेशन पर हुई दुर्घटना में जान गंवाने वाले भारतीय सेना के 28 वर्षीय एक जवान का रविवार को राजस्थान के झालावाड़ जिले में उनके पैतृक गांव खेरखेड़ा में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। झालावाड़ के उपमंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) अभिषेक चरण के अनुसार, नायक पवन प्रजापति बृहस्पतिवार देर रात असम में ट्रेन से उतर रहे थे कि तभी वह सिर के बल गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

# हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल कार्रवाई हो, लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: योगी आदित्यनाथ



**गोरखपुर (उप्र):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए, किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। इसमें कहा गया कि मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि सबको न्याय मिलेगा। जनता की समस्या सुनते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया, ''हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए, इसमें हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।'' जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने किया गया था। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुख्यमंत्री ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे। इस दौरान आईं जमीन कब्जा संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गरीबों की जमीन कब्जामुक्त कराएं और अवैध कब्जा करने वाले दबंगों को कानूनी सबक सिखाएं। उन्होंने कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे जिन्हें योगी ने आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज के अनुमानित खर्च की रिपोर्ट तैयार कर शासन को उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान व्हीलचेयर पर आए एक व्यक्ति को देखकर मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने आश्वस्त किया इलाज में सरकार धन की कमी आड़े नहीं आने देगी।

### जयपुर: युवक ने पुलिस हिरासत में आत्महत्या की, छह पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**जयपुर:** जयपुर में वाहन चोरी करते पकड़े गए एक युवक के सदर थाने में कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या करने के मामले में छह पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार शाम की है जब सदर थाना पुलिस ने वाहन चुराने के प्रयास के आरोप में मनीष पांडे (28) को हिरासत में लिया था। उसने बताया कि वह नशे की हालत में था और एक कमरे के पास बैठा था। पुलिस ने बताया कि जब पुलिसकर्मी अपने काम में व्यस्त थे तो पांडे एक कमरे में गया और कथित तौर पर फंदा लगा लिया। पुलिस उसे एसएमएस अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने पांडे को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए शवगृह के बाहर धरना दिया जिसके बाद पुलिस आयुक्त ने थानाधिकारी व पांच अन्य पुलिसकर्मियों को सदर थाने से हटा दिया। पुलिस ने बताया कि मामले की न्यायिक जांच कराई जाएगी।

## सपा सरकार बनने पर 'स्त्री समृद्धि सम्मान' योजना शुरू होगी, गरीब महिलाओं को 3000 रु मिलेंगे:अखिलेश



**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी 2027 में प्रदेश में सरकार बनाने के बाद 'स्त्री सम्मान समृद्धि' योजना शुरू करेगी और गरीब महिलाओं को प्रतिमाह तीन हजार रुपये देगी। सपा मुख्यालय में रविवार को पार्टी की महिला सभा की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की एक बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर निशाना साधा और दावा किया कि मौजूदा सरकार में महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि अगले विधानसभा चुनाव के बाद सपा की सरकार बनने पर महिलाओं की समृद्धि और सम्मान के लिए योजनाएं चलाई जाएंगी। यादव ने कहा, 'स्त्री सम्मान समृद्धि' योजना लागू करके उत्तर प्रदेश की सभी गरीब महिलाओं की मदद करने का काम समाजवादी (पार्टी) की सरकार में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सपा सरकार की पहल 'समाजवादी पेंशन योजना' को दूसरे राज्यों में भाजपा या अन्य दलों ने लागू किया और सरकार बना ली और अब उन योजनाओं में कटौती की जा रही है। यादव ने कहा, जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी (पार्टी) की सरकार बनी, तो हमने 'समाजवादी पेंशन' के माध्यम से गरीब महिलाओं को 500 रुपये देना शुरू किया। आने वाले समय में गरीब महिलाओं को 3,000 रुपये देने का काम भी समाजवादी पार्टी की सरकार करेगी। सपा प्रमुख ने घोषणा कि जब प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी तो 'स्त्री सम्मान समृद्धि' योजना शुरू की जाएगी और इस योजना के तहत गरीब महिलाओं को हर महीने 3000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा सरकार में महिलाओं और बेटियों के लिए प्रदेश में सबसे असुरक्षित माहौल बना है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की कानून व्यवस्था के मामले में 'जीरो टॉलरेंस' की नीति 'जीरो' हो गई है।

## अमित शाह आज शाम से दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर



**वाराणसी/लखनऊ (उप्र):** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह वाराणसी में प्रस्तावित मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने के लिए दो दिवसीय दौरे पर सोमवार शाम को यहां पहुंचेंगे। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, मध्य क्षेत्रीय परिषद की मंगलवार को 25वीं बैठक प्रस्तावित है जिसमें शाह के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल होंगे। वाराणसी के मंडलायुक्त एस राजलिंगम ने बताया, वाराणसी में 24 जून को प्रस्तावित 25वीं मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में भाग लेने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार शाम को अपने दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि इस बैठक में शाह और राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ-साथ अन्य मन्त्री और अधिकारी शामिल होंगे। राजलिंगम ने कहा कि बैठक की तैयारी को लेकर कई स्तर पर चर्चा की जा चुकी हैं और बैठक को लेकर तैयारियां पूरी की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि बैठक की तैयारी को लेकर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के निर्देशों का भी पालन किया जा रहा है। लखनऊ में जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि बैठक में शामिल होने वाले चारों प्रदेश के मुख्यमंत्री सोमवार शाम लाल बहादुर शास्त्री विमानतल पर अमित शाह का स्वागत करेंगे। बयान के अनुसार, सभी अतिथि काशी कोतवाल काल भैरव और बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री आदित्यनाथ द्वारा आयोजित रात्रिभोज में शामिल होंगे। इसके मुताबिक, मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक 24 जून को करीब सुबह 11 बजे से दो बजे तक ताज होटल में प्रस्तावित है। बैठक को लेकर प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। सुरक्षा की भी चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। बयान में कहा गया है, होटल ताज में आयोजित बैठक में सुरक्षा और विकास समेत कई महत्व-पूर्ण बिंदुओं पर चर्चा होगी।

## ईरान धार्मिक यात्रा पर गए पांच लोग फंसे, सपा सांसद ने मदद के लिए केंद्र सरकार को लिखा पत्र

**बलिया/बाराबंकी:** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के रसड़ा कस्बे से ईरान में धार्मिक यात्रा पर गए पांच लोग इजराइल के साथ युद्ध के बाद बने हालात में वहां फंस गए। बलिया से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद सनातन पांडेय ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर मामले में आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया। ईरान में फंसे लोगों की सुरक्षित वापसी को लेकर परिजनों ने प्रार्थना कर केंद्र सरकार से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। बलिया जिले के रसड़ा कस्बे के सैयद असद अली बाकर, सैयद मोहम्मद मुजतबा हुसैन, सैयद मोहम्मद अन, शमा जहां और सैयद नज्मुसकिब धार्मिक यात्रा पर ईरान गए थे और इजराइल के साथ संघर्ष के कारण वे तेहरान में फंसे हुए हैं। रसड़ा कस्बे के निवासी आतिफ ने रविवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उनके परिवार के ये सभी सदस्य गत 25 मई को धार्मिक यात्रा पर इराक के बाद ईरान पहुंचे। उन्होंने बताया कि सभी लोग फिलहाल तेहरान के एक होटल में सुरक्षित हैं और उनका परिवार सभी के सकुशल देश वापसी के लिए प्रार्थना कर रहा है। आतिफ ने बताया कि रसड़ा कस्बे के मसीउर्रहमान भी इनके साथ ही गए थे, लेकिन वह इराक से सात जून को ही भारत लौट आए थे। इस बीच, सांसद सनातन पांडेय ने शनिवार को विदेश मंत्रालय को पत्र लिखकर तेहरान में फंसे पांच लोगों के सकुशल भारत लौटने के लिए आवश्यक पहल करने का अनुरोध किया। पांडेय ने पत्र में कहा कि सभी लोग तेहरान में फंस गए हैं और युद्ध के कारण विमान सेवा बंद है, जिससे उनके भारत आने की संभावना दिखाई नहीं दे रही है। उन्होंने सरकार से मदद की अपील की। वहीं, बाराबंकी जिले के परिवार संघर्ष के कारण इजराइल में फंसे अपने परिजनों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। बताया जा रहा है कि श्रमिक बंकरों में रह रहे हैं और भारतीय दूतावास के साथ लगातार संपर्क में हैं। इजराइल में फंसे हुए लोगों के परिवार के सदस्यों के मुताबिक, संघर्ष के कारण इजराइल में अनेक कारखाने बंद हो गए हैं, जिससे भारतीय श्रमिकों को अपने दिन बंकरों में बिताने पड़ रहे हैं हालांकि वे वीडियो कॉल के जरिये उनसे बात कर पा रहे हैं।

## झारखंड के पलामू में टीएसपीसी के 'एरिया कमांडर' को पकड़ा गया



**मेदिनीनगर (झारखंड):** झारखंड के पलामू जिले में भाकपा (माओवादी) से अलग हुए धड़े तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति समिति (टीएसपीसी) के एक 'एरिया कमांडर' को रविवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि माओवादी की पहचान शंभू सिंह (24) के रूप में हुई है। पलामू जिले की पुलिस अधीक्षक (एसपी) रेशमा रमेशन ने बताया कि सिंह को छतरपुर थाना क्षेत्र के पलवल गांव से उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह ग्रामीणों से उगाही करने वहां पहुंचा था। उन्होंने बताया कि सिंह 24 अक्टूबर 2024 को छतरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस और टीएसपीसी सदस्यों के बीच हुई मुठभेड़ में शामिल था। रमेशन ने बताया कि सिंह छह विभिन्न मामलों में वांछित है।

## लालू प्रसाद भ्रष्टाचार के प्रतीक और 'बिहार के गब्बर सिंह' : सम्राट चौधरी

**पटना:** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद)के अध्यक्ष लालू प्रसाद पर हमला करते हुए उन्हें 'भ्रष्टाचार का प्रतीक' और 'बिहार का गब्बर सिंह'' बताया। 1975 में रिलीज हुई बॉलीवुड फिल्म 'शोले' में गब्बर सिंह मुख्य खलनायक था। चौधरी ने दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद नीत राजद को इस साल के उत्तरार्ध में होने विधानसभा चुनावों में शर्मनाक हार का सामना करना पड़ेगा। उपमुख्यमंत्री ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, '' लालू प्रसाद बिहार के गब्बर सिंह हैं। जब तक वह जीवित हैं और राजनीति में सक्रिय हैं, लोग उनसे डरते रहेंगे। बिहार के लोग जानते हैं कि लालू प्रसाद भ्रष्टाचार के प्रतीक हैं।' प्रसाद को चारा घोटाला मामलों में दोषी ठहराया जा चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजद अपराधियों से और प्रसाद का परिवार भ्रष्टचारियों से भरा है। चौधरी ने कहा,'उन्होंने (लालू और उनके परिवार ने) बिहार को लूटा है। बिहार के लोग लालू प्रसाद और उनकी पार्टी के बारे में जानते हैं। राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों में उन्हें शर्मनाक हार का सामना करना पड़ेगा।' उपमुख्यमंत्री ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने बहुत अधिक विकास किया है। उन्होंने वादा किया कि 2025 से 2030 के बीच राज्य को औद्योगिक केंद्र में तब्दील कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, 'विकास पर सवाल उठाने वाले विपक्षी दलों को पटना हवाई अड्डा, गंगा पथ, पटना-बक्सर रोड और पटना-मुजफ्फरपुर रोड के विकास को देखना चाहिए।

## न्यूज अपडेट

### बिहार मे इराक का नागरिक गिरफ्तार



**मोतिहारी (बिहार):** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में इराक के एक नागरिक को पड़ोसी देश नेपाल में ''अवैध'' तरीके से घुसने की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। रक्सौल अनुमंडल के प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक धीरेंद्र कुमार के मुताबिक, शनिवार को गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान बगदाद के निवासी फौजी हामिद अल बयाती (47) के रूप में हुई है। कुमार ने कहा, ''उसे स्थानीय पुलिस और आव्रजन विभाग की संयुक्त टीम ने पकड़ा। उसने दावा किया कि वह दुबई की एक कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है और वह पर्यटक वीजा पर भारत आया था।'' पुलिस उपाधीक्षक ने कहा, 'इराकी नागरिक ने दावा किया कि वह तीसरी बार भारत आया है। उसने यह भी कहा कि वह अपनी कंपनी के लिए लोगों की भर्ती करने आया था। चूंकि वह अवैध रूप से नेपाल में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था, इसलिए उस पर विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।'

### मां-बेटे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, देहज हत्या का मुकदमा दर्ज

**कन्नौज (उप्र):** कन्नौज जिले के तालग्राम क्षेत्र में एक महिला और उसके चार वर्षीय बेटे के शव संदिग्ध परिस्थितियों में उनके कमरे में मिले। इस मामले में मृत महिला के ससुराल के सदस्यों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को बताया कि तालग्राम थाना क्षेत्र के चौखटा गांव निवासी रंजीत कुमार राजपूत की पत्नी पिंकी और उसके चार वर्षीय बेटे मोहित के शव उनके कमरे में संदिग्ध हालत में मिले। उनके मुताबिक, रविवार सुबह जब रंजीत के घर के लोग उठे और पिंकी तथा मोहित उन्हें वहां नहीं मिले तो परिवार के सदस्यों ने उनका कमरा खोला जहां मोहित का शव जमीन पर पड़ा था और पिंकी का शव फंदे से लटक रहा था। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शवों को कब्जे में लिया। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर जांच शुरू की। उनके मुताबिक, पिंकी के पिता राकेश चंद्र ने अपनी बेटी और नाती की हत्या किये जाने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि पिंकी से शादी के कुछ दिन बाद ही उससे दहेज की मांग की जा रही थी और घर में इसी को लेकर विवाद रहता था और ससुराल के लोगों ने ही दोनों की हत्या की है।

### झारखंड में दो लापता बच्चों के शव तालाब से बरामद

**मेदिनीनगर (झारखंड):** झारखंड के पलामू जिले के अलग-अलग इलाकों से लापता हुए दो नाबालिगों के शव शनिवार को जिले के मेदिनीनगर कस्बे के एक तालाब से बरामद किए गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि तालाब मेदिनीनगर के काशीनगर इलाके में स्थित है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ितों की पहचान रेडमा-रांची रोड निवासी अर्पित दुबे (छह) और मेदिनीनगर के बेलवाटिका इलाके की आरो तिवारी (नौ) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि दोनों शनिवार शाम को अपने-अपने घरों से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। मेदिनीनगर टाउन थाने के प्रभारी राजेश लाल रजवार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार दोनों रास्ता भटक गए थे। पुलिस ने बताया कि जिले में हाल ही में हुई लगातार बारिश के कारण तालाब के एक हिस्से में पानी जमा हो गया था।

### बगल से गुजरे वाहन की टक्कर से बस सवार बच्चे का सिर हुआ धड़ से अलग

**हाथरस (उप्र):** हाथरस जिले में रविवार दोपहर को बारातियों से भरी बस में सवार 11 साल के एक बच्चे का सिर ठीक बगल से गुजरे एक वाहन की टक्कर लगने से धड़ से अलग होकर सड़क पर गिर गया। अचानक हुई इस घटना से बस में चीख-पुकार मच गई। हाथरस जंक्शन कोतवाली के निरीक्षक सतेंद्र सिंह राघव ने बताया कि एक बारात रविवार को अलीगढ़ शहर से हाथरस के मेवली गांव जा रही थी। उनके मुताबिक, बारातियों की एक बस दोपहर करीब ढाई बजे जब कैलोरा-जलेसर मार्ग पर रेलवे के निर्माणाधीन पुल के सहारे चल रही थी तब 11 साल के बच्चे अली ने अपनी गर्दन बस की खिड़की से बाहर निकाल दी, तभी अचानक बगल से गुजर रहे एक वाहन ने उसके सिर पर जोरदार टक्कर मार दी। राघव ने बताया, टक्कर इतनी तेज थी कि बच्चे का सिर धड़ से अलग होकर सड़क पर जा गिरा। यह नजारा देख कर लोग सहम गए और बस में चीख-पुकार मच गई। बच्चे के पिता और चाचा ने बस से उतर कर सड़क पर गिरे सिर को उठाया।

## यूपी में नगर पंचायतों को एक करोड़ रुपये तक के कार्य कराने की अनुमति दी गई

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार ने नगरीय निकायों को अधिक वित्तीय स्वायत्तता देते हुए नगर पंचायतों को एक करोड़ व नगर पालिकाओं को दो करोड़ रुपये तक के कार्य स्वयं कराने की अनुमति दी है। एक आधिकारिक बयान में रविवार को यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि नगर विकास विभाग ने 2021 में जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) में व्यापक संशोधन करते हुए संचालन प्रक्रिया को अधिक सरल और जवाबदेह बनाया है। इसके तहत अब नगर पंचायतों को एक करोड़ रुपये और पालिका परिषदों को दो करोड़ रुपये तक के कार्य स्वयं करने की स्वायत्ता होगी। अब तक उन्हें केवल 40 लाख रुपये तक के कार्य कराने की ही अनुमति थी। बयान के मुताबिक, नगरीय निकायों द्वारा करवाये जाने वाले निर्माण कार्यों में होने वाली गड़बड़ी या गुणवत्ता में कमी के लिए पचास-पचास प्रतिशत राशि संबंधित ठेकेदार और प्रशासनिक अधिकारी से वसूलने का भी प्रावधान किया गया है। इसमें कहा गया है कि इसके अतिरिक्त नगरीय निकायों की विकास प्रक्रिया को तेज करने के लिये नई तकनीकि के इस्तेमाल पर भी जोर दिया जाएगा। बयान के मुताबिक, प्रदेश के नगर विकास विभाग ने 74वें संविधान संशोधन के मुताबिक नगरीय निकायों को अधिक वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वायत्ता प्रदान की है। नगर विकास विभाग ने प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने कहा, एसओपी में संशोधन से स्थानीय नगरीय निकायों को न केवल वित्तीय स्वायत्तता मिलेगी, बल्कि विकास कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। यह नगरीय प्रशासन को जनहित में अधिक प्रभावी बनाएगा।

# बिहार : नीतीश कुमार ने सीतामढ़ी में प्रस्तावित 'जानकी मंदिर' का अंतिम डिजाइन साझा किया



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम में प्रस्तावित 'जानकी मंदिर' का रविवार को अंतिम डिजाइन साझा किया। इस स्थान को देवी सीता का जन्मस्थान माना जाता है। सरकार ने 'पुनौरा धाम जानकी मंदिर' के चल रहे पुनर्विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए एक न्यास की भी स्थापना की है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कई तस्वीरें साझा करते हुए एक पोस्ट में कहा, '' मुझे बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि जगत जननी मां जानकी की जन्मस्थली पुनौरा धाम, सीतामढ़ी को समग्र रूप से विकसित करने के लिये भव्य मंदिर सहित अन्य संरचनाओं का डिजाइन अब तैयार हो गया है, जिसे आपके साथ साझा किया जा रहा है।'' उन्होंने कहा, 'इसके लिए एक ट्रस्ट का भी गठन कर दिया गया है, ताकि निर्माण कार्य में तेजी आ सके। हमलोग पुनौरा धाम, सीतामढ़ी में भव्य मंदिर निर्माण शीघ्र पूरा कराने के लिये कृतसंकल्पित हैं। पुनौरा धाम में मां जानकी के भव्य मंदिर का निर्माण हम सभी बिहारवासियों के लिए गौरव और सौभाग्य की बात है।' बिहार मंत्रिमंडल ने हाल ही में ''पुनौरा धाम जानकी मंदिर' के विकास के लिए डिजाइन सलाहकार के तौर पर नोएडा की एक निजी कंपनी को जिम्मेदारी देने की मंजूरी दी थी। यह वही संगठन है, जो अयोध्या में राम मंदिर की मास्टर प्लानिंग और वास्तुकला सेवाओं के लिए सलाहकार था। विदेशी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु पुनौरा धाम आते हैं। इससे पहले राज्य मंत्रिमंडल ने मंदिर के समग्र विकास के लिए 120 करोड़ रुपये मंजूर किए थे। नीतीश कुमार ने 13 दिसंबर 2023 को पुनौरा धाम जानकी मंदिर के समग्र विकास की आधारशिला रखी थी। नई विकास योजना के तहत राज्य सरकार 'सीता-वाटिका', 'लव-कुश वाटिका' विकसित करेगी, परिक्रमा पथ, डिस्प्ले कियोस्क, कैफेटेरिया, बच्चों के लिए क्षेत्र आदि का निर्माण कराएगी।

## पंजाब के कुछ हिस्सों में मानसून आगे बढ़ा

**चंडीगढ़:** दक्षिण-पश्चिम मानसून रविवार को पंजाब के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ा, जबकि अगले दो दिनों में हरियाणा और चंडीगढ़ के कुछ हिस्सों में इसके आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। मौसम विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। चंडीगढ़ मौसम विभाग के निदेशक सुरिंदर पाल के अनुसार, मानसून पंजाब के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है। उन्होंने कहा, अगले दो दिनों में पंजाब, हरियाणा एवं चंडीगढ़ के कुछ और हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून हिमाचल प्रदेश के अधिकतर हिस्सों, पूरे लद्दाख और कश्मीर, जम्मू के अधिकतर हिस्सों तथा पंजाब के कुछ हिस्सों में और आगे बढ़ गया है। मानसून अपने सामान्य समय से करीब एक सप्ताह पहले ही पंजाब के कुछ हिस्सों में पहुंच गया। इस बीच, रविवार को पंजाब के कुछ हिस्सों में बारिश हुई। पंजाब और हरियाणा में पिछले कुछ दिनों में मानसून पूर्व वर्षा हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों में पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में और अधिक बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, 22, 23, 27 और 28 जून को पंजाब में कई स्थानों पर, 24 जून को कुछ स्थानों पर और 25 और 26 जून को अधिकतर स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। विभाग का कहना है कि हरियाणा और चंडीगढ़ में 22, 23, 24, 27 और 28 जून को कई स्थानों पर तथा 25 और 26 जून को अधिकतर स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

# दिल्ली 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार: रेखा गुप्ता




**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी और पूरा देश 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। गुप्ता ने आशा जतायी की कि विश्व समुदाय यह सम्मान भारत को प्रदान करेगा जो ओलंपिक का पूर्ण समर्पण के साथ आयोजन करेगा। गुप्ता यहां जेएलएन स्टेडियम से 'ओलंपिक डे रन' को केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ हरी झंडी दिखाने के बाद पत्रकारों से बात कर रही थीं। इस मौके पर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पी टी उषा भी मौजूद थीं। गुप्ता ने संवाददाताओं को बताया कि दिल्ली में 'ओलंपिक डे रन' से अपार खुशी मिली, क्योंकि हजारों निवासियों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार बेहतर खेल बुनियादी ढांचे और खिलाड़ियों के लिए सुविधाओं की दिशा में आगे बढ़ रहा है। दिल्ली और पूरा देश 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है।'' जनवरी 2025 में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि उनकी सरकार 2036 ओलंपिक की मेजबानी के अधिकार हासिल करने लिए अपनी पूरी ताकत लगा रही है। प्रधानमंत्री ने 2023 में मुंबई में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के सत्र के दौरान 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने की भारत की मंशा जतायी थी। भारतीय ओलंपिक संघ ने आईओसी को आधिकारिक आशय पत्र सौंप दिया है।

### दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता राज निवास मार्ग पर बंगले में रहेंगी

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता राज निवास मार्ग स्थित बंगला नंबर एक में रहने जा सकती हैं। एक आधिकारिक सूत्र ने रविवार को यह जानकारी दी। लोक निर्माण विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, चार कमरों और एक हॉल वाला आवास पहले उपराज्यपाल सचिवालय के कर्मचारियों को आवंटित था, इसका जल्द ही कायाकल्प किया जाएगा। अधिकारी ने कहा, ''मुख्यमंत्री ने राज निवास मार्ग स्थित बंगला लेने का निर्णय लिया है और कार्य का अनुमान तैयार किया जा रहा है। हालांकि, मुख्यमंत्री कार्यालय से आवास आवंटन की अंतिम स्वीकृति अभी प्राप्त नहीं हुई है।'' इसी रोड पर स्थित बंगला नंबर दो में पहले पूर्व मंत्री एवं विधायक गोपाल राय रहते थे। अब इसका इस्तेमाल मुख्यमंत्री द्वारा बैठकें करने के लिए कैंप ऑफिस के तौर पर किया जाएगा।

### असम में अवैध रूप से रह रहे चार अफगानी गिरफ्तार, सरकारी दस्तावेज जब्त

**गुवाहाटी :** असम के गुवाहाटी शहर में पिछले 10 सालों से अवैध रूप से रह रहे अफगानिस्तान के चार नागरिकों को रविवार को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि उनके पास से केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा जारी किए गए दस्तावेजों सहित कई अन्य दस्तावेज़ बरामद किए गए हैं। अधिकारी ने कहा, ''विशिष्ट सूचना के आधार पर हमने गुवाहाटी के हाटीगांव इलाके में एक घर पर छापा मारा और उन चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया।'' अफगानिस्तान के ये नागरिक 2015 से इस इलाके में रह रहे थे। अधिकारी ने बताया कि वे अवैध रूप से लोगों को ऊंची ब्याज दरों पर पैसे उधार देने के धंधे में शामिल थे और पैसे वापस करने के लिए दबाव बनाते थे। उन्होंने कहा, उनके पास से भारत सरकार और असम सरकार के दस्तावेजों सहित कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

## पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा ने आम उत्पादकों की दुर्दशा पर प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

**बेंगलुरु :** पूर्व प्रधानमंत्री और जनता दल सेक्युलर (जदएस) सुप्रीमो एचडी देवेगौड़ा ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आम की खराब पैदावार, कीमतों में गिरावट और अंतरराज्यीय व्यापार में व्यवधान के कारण कर्नाटक के किसानों को हो रहे भारी नुकसान का सामना करने में मदद करने की मांग को लेकर एक पत्र लिखा। गौड़ा ने मोदी को लिखे एक पत्र में कहा कि देश में बागवानी का प्रमुख केंद्र कर्नाटक, खासकर आम के उत्पादन में भारी संकट का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु ग्रामीण, शहरी, चिक्काबल्लापुरा, कोलार और रामनगर जैसे जिलों में 1.39 लाख हेक्टेयर में आम की खेती की जाती है, जिसमें रबी सत्र के दौरान आठ लाख से 10 लाख टन उत्पादन होने की उम्मीद है। हालांकि, इस वर्ष प्रतिकूल मौसम और बीमारी के कारण उत्पादन में 70 फीसदी से अधिक की गिरावट आई है। उन्होंने कहा, मई व जून के बीच स्थिति उस समय और खराब हो गई, जब बाजार में आम की आवक बढ़ गई, जिससे आम की कीमतें 12,000 रुपये प्रति क्विंटल से गिरकर 3,000 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गई, जो खेती की लागत 5,466 रुपये प्रति क्विंटल से भी कम है। कई छोटे और सीमांत किसान अब अपनी लागत भी नहीं निकाल पा रहे हैं, जिस वजह से वे संकट में हैं और कई जिलों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश द्वारा अपने चित्तूर जिले में तोतापुरी आमों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के कारण कर्नाटक की सीमा पर उत्पादकों को होने वाले अतिरिक्त नुकसान पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने लिखा, इस अंतरराज्यीय प्रतिबंध ने आपूर्ति को बाधित किया है और फसल तोड़ने के बाद के नुकसान को बढ़ा दिया है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### एनएसए अजीत डोभाल और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष अनिल चौहान ने तिरुमला मंदिर में पूजा-अर्चना की

**तिरुपति (आंध्र प्रदेश) :** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने रविवार को तिरुमला मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी की पूजा-अर्चना की। टीटीडी सूत्रों ने यह जानकारी दी है। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी चौधरी वेंकैया चौधरी ने पारंपरिक सम्मान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। टीटीडी के एक अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया, टीटीडी अधिकारियों ने मंदिर की परंपराओं के अनुसार एनएसए और सीडीएस का स्वागत किया। शनिवार को दोनों अधिकारी दिल्ली से विशेष विमान से तिरुपति हवाई अड्डे पर उतरे और जिले के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में चार नक्सली और एक समर्थक गिरफ्तार

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को अलग-अलग जगहों से चार नक्सलियों और एक माओवादी समर्थक को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि तीन नक्सलियों को गंगालूर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया, जबकि एक अन्य नक्सली और एक समर्थक को क्रमशः जांगला और मद्देड़ थाना क्षेत्रों से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कमालू उर्फ कलमू (30), कोसा भोगम (45) और कोसा तामो (45) को गिरफ्तार किया तथा उनके कब्जे से कॉर्डेक्स वायर, बिजली के तार और बैटरियां बरामद कीं। अधिकारी ने बताया कि तीनों नक्सलियों पर पिछले वर्ष जुलाई में 'मुतवेंडी डार्ट ट्रैक' पर एक आईईडी लगाने का आरोप है। पिछले वर्ष 27 जुलाई को आईईडी विस्फोट से एक लड़के को अपना पैर गंवाना पड़ा था।

### ईरानी परमाणु केंद्रों पर अमेरिकी हमला अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन: ओवैसी

**हैदराबाद :** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को ईरानी परमाणु केंद्रों पर अमेरिकी हमले की निंदा की और इसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों और परमाणु हथियारों के अप्रसार पर संयुक्त राष्ट्र संधि का उल्लंघन करार दिया। हैदराबाद से ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के लोकसभा सदस्य ने यह भी चिंता जताई कि अमेरिकी बमबारी के बाद मध्य पूर्व के कुछ अरब देश इजराइल की 'ब्लैकमेलिंग और आधिपत्य' के कारण परमाणु हथियार बनाने की ओर अग्रसर हो सकते हैं। उन्होंने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, सुबह ईरान के तीन या चार परमाणु केंद्रों पर (अमेरिका द्वारा) किया गया हमला अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र अध्याय, एनपीटी का उल्लंघन है। यह अमेरिका के संविधान का भी उल्लंघन करता है, क्योंकि इसमें कहा गया है कि कांग्रेस की अनुमति के बिना देश युद्ध नहीं कर सकता। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड ने भी पहले कहा था कि ईरान के पास (परमाणु हथियार) जैसा कुछ नहीं है।

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना: डीएनए परीक्षण से 251 पीड़ितों की पहचान हुई

### 245 शव परिजन को सौंपे गए

**अहमदाबाद :** अहमदाबाद में बारह जून को हुई विमान दुर्घटना के 251 पीड़ितों की पहचान अब तक डीएनए परीक्षण के माध्यम से की जा चुकी है और इनमें से 245 शव परिजन को सौंप दिए गए हैं। यह जानकारी अधिकारियों ने रविवार को दी। लंदन जा रहा विमान उस दिन अपराह्न 1.39 बजे अहमदाबाद स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही क्षण बाद मेघाणी नगर में एक छात्रावास परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। दुर्घटना में 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 विमान में सवार थे। एक यात्री बच गया था। अधिकारी मृतकों की पहचान करने के लिए डीएनए परीक्षण करा रहे हैं, क्योंकि विमान में आग लगने के कारण कई शव इतनी बुरी तरह जल गए थे कि उनकी पहचान नहीं की जा सकी। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने कहा, डीएनए परीक्षणों के माध्यम से कुल 251 पीड़ितों की पहचान कर ली गई है। 245 शव परिजन को सौंप दिए गए हैं, जिनमें 176 भारतीय, 49 ब्रिटिश, सात पुर्तगाली और एक कनाडाई तथा 12 गैर-यात्री शामिल हैं।'' उन्होंने बताया कि 70 पीड़ित अहमदाबाद से, 24 वडोदरा से, 26 आणंद से और 11 खेड़ा से हैं। जोशी ने बताया कि अब तक पहचाने गए कुछ पीड़ित राजस्थान, मणिपुर, नगालैंड, महाराष्ट्र, दीव और बिहार से थे।

## रुद्रप्रयाग में भूस्खलन के कारण सोनप्रयाग-गौरीकुंड मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद

**रुद्रप्रयाग/गोपेश्वर :** रुद्रप्रयाग में रविवार सुबह भूस्खलन के कारण सोनप्रयाग-गौरीकुंड मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई, जबकि बदरीनाथ मंदिर की तलहटी में अलकनंदा नदी में जलप्रवाह अचानक बढ़ने के बाद प्रशासन ने श्रद्धालुओं को तट से दूर रहने को कहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार देर रात हुई बारिश के बाद रविवार सुबह मुनकटिया के पास भूस्खलन होने से मलबा से सोनप्रयाग-गौरीकुंड मार्ग पर आ गया जिससे मोटर मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो गया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर श्रद्धालुओं को सोनप्रयाग तथा गौरीकुंड में ही रोकने तथा संबंधित एजेंसियों के स्तर पर मार्ग खोले जाने की कार्रवाई शुरू की गयी। अधिकारियों ने बताया कि भूस्खलन वाली जगह पर जेसीबी मलबे को साफ करने में जुटी है। पुलिस ने बताया कि अभी मार्ग को पैदल चलने लायक बनाया गया है जिससे यात्रियों का पैदल आवागमन शुरू हो गया है। हालांकि, केदारनाथ धाम पहुंचने के लिए पैदल श्रद्धालुओं को छह किलोमीटर अतिरिक्त चलना पड़ रहा है। लगातार बारिश के कारण गौरीकुंड से केदारनाथ धाम तक का पैदल मार्ग भी चुनौतीपूर्ण बना हुआ है ऐसे में प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि मौसम के पूर्वानुमान के हिसाब से अपनी यात्रा करें तथा इस संबंध में पुलिस प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। चमोली जिले में बदरीनाथ मंदिर की तलहटी पर अलकनंदा का जलप्रवाह अचानक बढ़ जाने से पुलिस और प्रशासन की ओर से तीर्थयात्रियों को ब्रह्म कपाल और नारद कुंड इलाके में सतर्क रहने और नदी के तट से दूर रहने के निर्देश दिए जा रहे हैं। पिछले तीन सालों से महायोजना के तहत 'रिवरफ्रंट' का निर्माण किया जा रहा है और इसका मलबा नदी के पास डाले जाने के कारण बदरीनाथ के समीप अलकनंदा में पानी ऊपर तक आ जाता है। पिछले साल भी तप्त कुंड और ब्रह्म कपाल इलाके में अलकनंदा का प्रवाह बाढ़ की स्थिति में आ गया था। पुलिस ने बताया कि इस क्षेत्र में अचानक बारिश के कारण बदरीनाथ धाम में अलकनंदा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।

### डीजीसीए ने भारतीय विमानन पारिस्थितिकी तंत्र के 'पूर्ण मूल्यांकन' के लिए विशेष ऑडिट ढांचा तैयार किया

**नयी दिल्ली :** नियामक डीजीसीए ने देश के विमानन पारिस्थितिकी तंत्र के 'पूर्ण मूल्यांकन' के लिए एक विशेष ऑडिट ढांचा तैयार किया है, जो अलग-अलग मूल्यांकन की मौजूदा प्रथा की जगह लेगा। यह कदम अहमदाबाद से लंदन जा रहे एअर इंडिया विमान के उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना के एक सप्ताह बाद सामने आया है, जिसमें विमान में सवार 241 लोगों के अलावा दुर्घटनास्थल पर मौजूद कई अन्य लोग मारे गए थे। नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने 19 जून के एक विस्तृत परिपत्र में कहा कि विमानन पारिस्थितिकी तंत्र का आकलन करने और विमानन सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने के लिए एक विशेष ऑडिट ढांचा तैयार किया गया है। इसमें कहा गया है, ''परंपरागत रूप से, भारतीय विमानन क्षेत्र के भीतर विनियामक और सुरक्षा निरीक्षण कार्य अलग-अलग तरीके से किए जाते रहे हैं, जिसमें विभिन्न निदेशालय अपने-अपने अधिकार क्षेत्र के तहत निरीक्षण और ऑडिट करते रहे हैं।'' परिपत्र में कहा गया कि इस पृष्ठभूमि में, डीजीसीए ने इस बात पर जोर दिया कि व्यापक विशेष ऑडिट मौजूदा अलग-अलग आकलन से आगे बढ़कर बनाया गया है और यह सभी विमानन परिक्षेत्र में सुरक्षा प्रबंधन प्रणालियों, परिचालन प्रथाओं और विनियामक अनुपालन की जांच करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

### बम की धमकी के बाद बर्मिंघम-दिल्ली उड़ान को रियाद में उतारा गया : एअर इंडिया

नयी दिल्ली : बर्मिंघम से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की एक उड़ान को शनिवार को बम की धमकी मिलने के बाद उसका मार्ग परिवर्तित कर सऊदी अरब के रियाद शहर में सुरक्षित उतारा गया। रविवार को एक बयान में टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने कहा कि यात्रियों को रियाद से उनके गंतव्य तक ले जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। एयरलाइन ने परिचालन स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अपनी उड़ान सेवाओं को अस्थायी रूप से कम कर दिया है। एअर इंडिया ने कहा, ''बर्मिंघम से दिल्ली जाने वाली उड़ान संख्या एआई114 को बम की धमकी मिली थी, जिसके बाद उसे रियाद की ओर मोड़ दिया गया, जहां उसे सुरक्षित तरीके से उतारा गया और सुरक्षा जांच पूरी कर ली गई। सभी यात्रियों को विमान से उतारा गया और उनके होटल में ठहरने की व्यवस्था की जा रही है।'' एयरलाइन ने बताया कि 12 जून को अहमदाबाद में विमान दुर्घटना के बाद उसने स्वैच्छिक रूप से उड़ानों से पहले सुरक्षा जांच को बढ़ाया है और संचालन की स्थिरता बनाए रखने के लिए अस्थायी रूप से कुछ सेवाएं घटाई गई हैं। एयरलाइन ने कहा, ''पश्चिम एशिया में हवाई क्षेत्र बंद रहने, यूरोप और पूर्वी एशिया के कई हवाई अड्डों पर रात में कर्फ्यू लागू होने, हवाई यातायात में भीड़ और कुछ अप्रत्याशित परिचालन समस्याओं जैसे बाहरी कारकों के कारण कुछ उड़ानों में देरी होती है या उन्हें रद्द भी करना पड़ता है।''

## आपातकाल की 50 वीं बरसी : सामूहिक नसबंदी अभियान की खौफनाक यादें

**नयी दिल्ली :** देश में आपातकाल के 1975 में आधिकारिक रूप से लागू होने से पहले, ग्रामीण इलाकों में छोटे बच्चे अक्सर बिना कपड़ों के बेफिक्री से दौड़ते-भागते नजर आते थे। लेकिन आपातकाल के दौरान हालात इतने भयावह हो गए कि लोगों ने मासूम बच्चों को भी कपड़े पहनाने शुरू कर दिए - यह शालीनता की भावना से नहीं, बल्कि जबरन नसबंदी की आशंका से उपजा डर था, जिसने पूरे समाज को जकड़ लिया था। देश 25 जून, 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा भारत में लगाए गए आपातकाल की 50वीं बरसी मना रहा है। सामूहिक नसबंदी अभियान की यादें आज भी जीवित बचे पीड़ितों को परेशान करती हैं और सार्वजनिक स्वास्थ्य चर्चा को प्रभावित करती हैं। इनमें से कई लोगों की नसबंदी जबरदस्ती की गई थी। अकेले 1976 में, पूरे भारत में 80 लाख से अधिक लोगों की नसबंदी की गई। इनमें से ज्यादातर पुरुष थे, जिनमें से कई लोगों की नसबंदी स्वैच्छिक नहीं थी। दिल्ली के ओखला में रहने वाली 78 वर्षीय इशरत जहां ने कहा, यह एक बहुत ही अंधकारमय दौर था -- किसी युद्ध से कम नहीं था। हमें नहीं पता था कि अगले दिन क्या होगा। मुझे याद है कि हमलोग इतने डरे हुए थे कि मेरा परिवार आपातकाल खत्म होने तक दिल्ली से बाहर नहीं गया। अमीना हसन (83) आज भी उस घटना को याद करके सिहर उठती हैं। अलीगढ़ में रहने वाली अमीना ने कहा, हम गरीब थे, लेकिन हमारे पास सम्मान था। उन्होंने उसे भी छीन लिया। हमारे इलाके में, जब अधिकारी आते थे, तो लोग खेतों और कुओं में छिपने लगते थे। ऐसा लगता था कि हमें शिकार बनाया जा रहा है। दबाव निरंतर और बिना किसी भेदभाव के डाला जा रहा था। अनसेटलिंग मेमोरीज़ में मानवविज्ञानी एम्मा टार्लो ने बताया है कि कैसे लोक सेवकों, फैक्टरी मजदूरों और पुलिसकर्मियों को अक्सर नसबंदी करवाने के लिए मजबूर किया जाता था। एक कर्मचारी ने उन्हें (टार्लो को) बताया, ''अधिकारियों ने कहा कि आपकी नौकरी तभी रहेगी, जब आप नसबंदी करवाएंगे। मेरे पास सोचने का समय नहीं था। मैंने हामी भर दी, क्योंकि मुझे अपनी नौकरी बचानी थी और अपने परिवार का पालन-पोषण करना था।

## आदिवासियों पर टिप्पणी करने पर विजय देवरकोंडा के खिलाफ मामला दर्ज

**हैदराबाद :** हैदराबाद में एक फिल्म के रिलीज होने से पहले आयोजित एक कार्यक्रम में आदिवासियों के बारे में कथित रूप से टिप्पणी करने को लेकर अभिनेता विजय देवरकोंडा के खिलाफ अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार रोकथाम अधिनियम (एससी/एसटी कानून) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, अभिनेता ने अप्रैल में इस कार्यक्रम में पहलगाम के हालिया आतंकवादी हमले की तुलना 500 वर्ष पहले के आदिवासी युद्धों से की थी। एक पुलिस अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया,''अभिनेता ने अप्रैल में टिप्पणी की थी। लेकिन एक शिकायत के आधार पर 17 जून को उनके खिलाफ एससी/एसटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।'' जनजातीय समुदायों की संयुक्त कार्रवाई समिति की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष नेनावथ अशोक कुमार नाइक उर्फ अशोक राठौड़ द्वारा दर्ज करायी गयी शिकायत में आरोप लगाया गया है कि फिल्म अभिनेता ने 'रेट्रो' फिल्म के रिलीज होने से पहले आयोजित कार्यक्रम में ऐसी टिप्पणियां कीं, जिससे आदिवासियों की भावनाओं को ठेस पहुंची और उनका गंभीर अपमान हुआ। राठौड़ ने आरोप लगाया कि देवरकोंडा ने आदिवासियों की तुलना पाकिस्तानी आतंकवादियों से की। उन्होंने कहा कि उनकी टिप्पणियों को नस्लीय रूप से अपमानजनक माना जा रहा है।

## मुंबई : हवाई अड्डे पर 16 करोड़ रुपये का सोना और मादक पदार्थ जब्त, चार आरोपी गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने 16 करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ व सोना जब्त किया और हवाई अड्डे के दो कर्मचारियों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि सीमा शुल्क विभाग की हवाई खुफिया इकाई (एआईयू) के अधिकारियों को पिछले कुछ दिनों में हवाई अड्डे के दो कर्मचारियों के तस्करी गतिविधियों में शामिल होने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों को रोककर उनके थैलों में मोजों के अंदर छिपाकर रखे गए 24 कैरेट सोने के चूर्ण को बरामद किया। जब्त सोने की कीमत 4.24 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को सीमा शुल्क अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। एक अन्य मामले में सीमा शुल्क टीम ने शनिवार को बैंकॉक, थाईलैंड से यात्रा कर रहे दो भारतीय नागरिकों को रोका। अधिकारी ने बताया कि इनकी तलाशी के दौरान मादक पदार्थ जब्त किया गया। जब्त किए गए प्रतिबंधित पदार्थ का वजन 11.881 किलोग्राम है और इसकी कीमत 11.88 करोड़ रुपये है।

## असम के कामाख्या मंदिर में चार दिवसीय 'अंबुबाची मेला' शुरू



**गुवाहाटी :** असम के गुवाहाटी में नीलाचल पहाड़ी पर स्थित कामाख्या मंदिर में वार्षिक 'अंबुबाची मेला' रविवार को शुरू हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 25 जून तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में करीब 12 लाख श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। चार दिवसीय अंबुबाची मेला हर साल जून में आयोजित होता है। मान्यता है कि इस अवधि में देवी कामाख्या रजस्वला में होती हैं इसलिए मंदिर के द्वार बंद कर दिए जाते हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, 'आज से अंबुबाची महायोग की शुरुआत हो रही है, जो कामाख्या के दिव्य नारीत्व का वार्षिक उत्सव है। देशभर से आध्यात्मिक गुरु और श्रद्धालु पवित्र नीलाचल पहाड़ियों पर भारत के कल्याण के लिए प्रार्थना करने आएंगे। मैं असम में सभी तीर्थयात्रियों का स्वागत करता हूं।''

## हिमाचल प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में पहुंचा मानसून, कुछ हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मानसून के दस्तक देने के बाद मौसम विभाग ने रविवार को अगले चार दिनों में राज्य के कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी दी। विभाग ने बताया कि मानसून की वजह से राज्य में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य भर में कहीं-कहीं बारिश हुई, जिसमें कांगड़ा में 37 मिलीमीटर (मिमी), कसौली में 3 मिमी, मंडी में 21.8 मिमी, जोत में 21 मिमी, मुरारी देवी में 13 मिमी, हमीरपुर में 7.5 मिमी और शिमला व सुंदरनगर में 3.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। विभाग ने बताया कि ऊना सबसे गर्म रहा जहां तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम 34.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ऊना के बाद बहुरा में 33.2 डिग्री सेल्सियस, भुंतर में 32.6 डिग्री सेल्सियस और नेरी में अधिकतम तापमान 31.9 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने बताया कि अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से थोड़ा ऊपर रहा, जिसमें कुकुमसेरी में 12.2 डिग्री सेल्सियस, पोंटा साहिब में 27 डिग्री सेल्सियस और बिलासपुर में 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। स्थानीय मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले चार दिनों में राज्य के अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश का 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया।

## भारतीय नौसेना में एक जुलाई को शामिल किया जाएगा गाइडेड मिसाइल युद्धपोत 'आईएनएस तमाल'



**नयी दिल्ली :** भारतीय नौसेना के रूस में निर्मित गाइडेड मिसाइल युद्धपोत 'आईएनएस तमाल' को एक जुलाई को रूस के तटीय शहर कलिनिनग्राद में नौसेना में शामिल किया जाएगा। गाइडेड मिसाइल युद्धपोत 'आईएनएस तमाल' अनेक मिसाइलों और निगरानी प्रणालियों को ले जाने में सक्षम है। अधिकारियों ने बताया कि जहाज में 26 प्रतिशत घटक स्वदेशी हैं, जिसमें समुद्र और जमीन दोनों पर निशाना साधने के लिए ब्रह्मोस लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल भी शामिल है। भारतीय नौसेना के अनुसार, युद्धपोत 'आईएनएस तमाल' 125 मीटर लंबा है और इसका वजन 3900 टन है। इस युद्धपोत में भारतीय और रूसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों तथा युद्धपोत निर्माण की सर्वोत्तम पद्धतियों का उपयोग किया गया है। नौसेना में शामिल होने के बाद तमाल भारतीय नौसेना की 'स्वॉर्ड आर्म' में शामिल हो जाएगा। 'स्वॉर्ड आर्म' भारतीय नौसेना में पश्चिमी बेड़े के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक पद है। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि युद्धपोत 'आईएनएस तमाल' न केवल भारतीय नौसेना की बढ़ती क्षमताओं का प्रतीक होगा बल्कि यह भारत-रूस साझेदारी की सहयोगी ताकत का भी उदाहरण पेश करेगा। आईएनएस तमाल पिछले दो दशकों में रूस से भारतीय नौसेना में शामिल होने वाला क्रिवाक श्रेणी का आठवां युद्धपोत होगा। अधिकारियों ने बताया कि इस युद्धपोत का निर्माण कलिनिनग्राद स्थित यंतर शिपयार्ड में किया गया है और यह विदेशी स्रोत से शामिल किया जाने वाला अंतिम ऐसा पोत है। इस युद्धपोत को नौसेना में शामिल किए जाने के लिए आयोजित होने वाले समारोह की अध्यक्षता पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल संजय जे सिंह करेंगे।

## राजा रघुवंशी हत्याकांड : सबूत छिपाने के आरोप में रियल एस्टेट कारोबारी और सुरक्षा गार्ड गिरफ्तार

**इंदौर/अशोकनगर :** बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड के सबूत छिपाने के आरोप में मेघालय पुलिस ने मध्यप्रदेश के अलग-अलग इलाकों से एक रियल एस्टेट कारोबारी और एक सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार किया है। स्थानीय पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि दोनों व्यक्तियों की गिरफ्तारी के बाद राजा रघुवंशी हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। इंदौर के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया,''राजा रघुवंशी हत्याकांड के सबूत छिपाने के मामले में मेघालय पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने इंदौर के रियल एस्टेट कारोबारी शिलोम जेम्स और शहर की एक इमारत के सुरक्षा गार्ड बलबीर अहिरवार उर्फ बल्ला को गिरफ्तार किया है।'' पुलिस सूत्रों ने बताया कि जेम्स और अहिरवार पर हत्याकांड की मुख्य आरोपी एवं राजा रघुवंशी की पत्नी सोनम का वह बैग गायब करने का आरोप है जो उसने इस वारदात के बाद इंदौर के देवास नाका क्षेत्र के एक फ्लैट में छिपाया था। सूत्रों के मुताबिक, इस बैग में हत्याकांड से जुड़े 'अहम सबूत' थे। मीडिया की कुछ खबरों में कहा गया है कि इस बैग में पांच लाख रुपये की नकदी और महंगे आभूषणों के साथ देशी तमंचा भी था। हालांकि, स्थानीय पुलिस ने फिलहाल बैग में रखे गए सामान का आधिकारिक विवरण नहीं दिया है। सूत्रों ने बताया कि यह बैग शहर के जिस फ्लैट में छिपाया गया था उसे जेम्स ने हत्याकांड के पांच गिरफ्तार आरोपियों में शामिल विशाल चौहान को किराये पर दिलाया था। जेम्स, इंदौर में रियल एस्टेट प्रबंधन की एक फर्म संचालित करता है। उसने 13 जून को खुद मीडिया के सामने आकर दावा किया था कि चौहान ने 30 मई को उससे मुलाकात करके शहर के देवास नाका क्षेत्र में 17,000 रुपये प्रति माह पर एक फ्लैट किराए पर लिया था और चौहान ने इसके लिए अनुबंध पर दस्तखत भी किए थे। सूत्रों ने बताया कि मेघालय पुलिस जब सबूतों की तलाश में इस फ्लैट में पहुंची तो उसे यह फ्लैट खाली मिला था। सूत्रों के मुताबिक, राजा रघुवंशी हत्याकांड के बाद मेघालय से अपने गृह नगर इंदौर लौटी सोनम इस फ्लैट में कई दिन तक छिपी रही थी।

# बुमराह के पांच विकेट के दम पर इंग्लैंड 465 पर ऑलआउट, भारत की कुल बढ़त 96 रन

**लीड्स :** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (83 रन पर 5 विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को पहली पारी में 465 रन पर समेट दिया। इसके जवाब में भारत ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में दो विकेट पर 90 रन बना लिए, जिससे उसकी कुल बढ़त 96 रन हो गई है। बारिश के कारण दिन का खेल समय से पहले समाप्त कर दिया गया।लोकेश राहुल (नाबाद 47) और साई सुदर्शन (30) ने दूसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़े। सुदर्शन को दिन के अंतिम क्षणों में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने आउट किया। शुभमन गिल छह रन बनाकर क्रीज पर हैं।इससे पहले, भारत ने पहली पारी में 471 रन बनाए थे। इंग्लैंड की ओर से ओली पोप ने 106 और हैरी ब्रूक ने 99 रन की महत्वपूर्ण पारियाँ खेलीं। भारत के लिए बुमराह के अलावा प्रसिद्ध कृष्णा (3 विकेट) और मोहम्मद सिराज (2 विकेट) ने भी सफलता पाई।ब्रूक और वोक्स (38) की तेज पारियों ने इंग्लैंड को भारत के स्कोर के करीब पहुंचा दिया। बुमराह ने जोश टंग को बोल्ड कर इंग्लैंड की पारी का अंत किया।भारत की दूसरी पारी की शुरुआत खराब रही और यशस्वी जायसवाल सिर्फ चार रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद राहुल और सुदर्शन ने पारी को संभाला। हालांकि सुदर्शन भी 30 रन बनाकर आउट हो गए।इससे पहले दिन में भारतीय गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण कमजोर साबित हुआ। ब्रूक को जीवनदान मिला, लेकिन वह शतक से एक रन से चूक गए। वहीं, शार्दुल ठाकुर की सीमित गेंदबाजी और कई कैच ड्रॉप होना भारत के लिए चिंता का विषय रहा।तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर भारत की स्थिति मजबूत है, लेकिन चौथे दिन बल्लेबाजों को बेहतर साझेदारी की जरूरत होगी।



## आठ पुरुष धावकों ने 3000 मीटर दौड़ में प्रतियोगिता के रिकॉर्ड में सुधार किया

**प्रयागराज:** मदन मोहन मालवीय खेल परिसर में रविवार को शुरू हुई तीन दिवसीय 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन लंबी दूरी के धावकों ने जलवा बिखेरा। सुबह के सत्र में 3000 मीटर दौड़ में आठ पुरुष धावकों ने प्रतियोगिता के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। तमिलनाडु के कविनराज एस ने भी पुरुषों की पोल वॉल्ट स्पर्धा में कुलदीप कुमार के 5.10 मीटर के प्रतियोगिता के पिछले रिकार्ड को तोड़कर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 5.11 मीटर के साथ पहला स्थान हासिल किया। पुरुषों की 3,000 मीटर दौड़ में आठ धावकों ने पंजाब के संगरूर में 2021 में अजय द्वारा बनाए गए 8:26.72 के प्रतियोगिता के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। मध्य प्रदेश के विनोद सिंह ने हालांकि अपने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए 8:14.22 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता।

## भारतीय पुरुष टीम ने बेल्जियम को 4-3 से हराकर हार का सिलसिला तोड़ा

**एंटवर्प (बेल्जियम):** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने आखिर में अपना जलवा दिखाकर रविवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में बेल्जियम को 4-3 से पराजित करके अपनी पहली जीत दर्ज की और इस तरह से लगातार सात मैच में हार का सिलसिला खत्म किया। भारत को हालांकि इस मैच में भी संघर्ष करना पड़ा। जब अंतिम हूटर बजने में सिर्फ़ दो मिनट बचे थे और स्कोर 3-3 से बराबर था तब भारत ने बेल्जियम के सर्कल के अंदर सेंध लगाई और फिर रेफरल मांगा। फ़ैसला भारत के पक्ष में गया और हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। बेल्जियम ने हालांकि शुरू में भारत पर दबाव बनाया। आर्थर डी स्लोवर ने आठवें मिनट में उसकी तरफ से पहला गोल किया। इस तरह से



बेल्जियम ने पहले क्वार्टर में शानदार प्रदर्शन करते हुए 1-0 से बढ़त हासिल की। भारत ने दूसरे क्वार्टर में अच्छा खेल दिखाया और सुखजीत सिंह के पेनल्टी कॉर्नर पर किये गए गोल से बराबरी हासिल कर ली। बेल्जियम ने तीसरे क्वार्टर के शुरू में आक्रामक खेल का नजारा पेश किया जिसका उसे फायदा भी मिला तथा निकोलस स्टॉकब्रोक्स के गोल की मदद से उसने फिर से बढ़त हासिल कर ली। सुखजीत सिंह ने मैच के 35वें मिनट में अपना दूसरा गोल करके भारत को फिर से बराबरी दिलाई। इस बार उन्होंने खूबसूरत मैदानी गोल किया। अमित रोहिदास ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को मैच में पहली बार बढ़त दिला दी। रोहिदास ने शानदार शॉट लगाया जो गोल में जा लगा।

## राजनीति में रूचि नहीं , लेकिन भारत का कोच बनने से ऐतराज नहीं : गांगुली



**कोलकाता:** पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने राजनीति में प्रवेश से इनकार किया लेकिन कहा कि भारतीय टीम का कोच बनने से उन्हें ऐतराज नहीं है। जुलाई में 53 साल के होने जा रहे गांगुली 2018.19 और 2022.24 के बीच दिल्ली कैपिटल्स के टीम निदेशक रहे। क्या वह भारतीय टीम का कोच बनना चाहेंगे , यह पूछने पर उन्होंने पीटीआई को दिये पॉडकास्ट इंटरव्यू में कहा ,'मैने इसके बारे में सोचा नहीं क्योंकि मैं अलग अलग भूमिकाओं में रहा हूं।' उन्होंने कहा ,'मैने 2013 में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलना छोड़ा और फिर बीसीसीआई अध्यक्ष बन गया।' उनसे जब कहा गया कि वह भारत का कोच बनकर और भी योगदान दे सकते थे, तो गांगुली ने कहा ,'देखते हैं कि आगे क्या होता है। मैं 50 (53) साल का ही हूं। देखते हैं कि क्या होता है। मुझे इससे ऐतराज नहीं है। देखते हैं।' यह तो तय है कि वह राजनीति में नहीं उतरने वाले। यह पूछने पर कि पश्चिम बंगाल में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले क्या वह किसी राजनीतिक दल से जुड़ेंगे, उन्होंने मुस्कुराकर कहा ,'मेरी कोई दिलचस्पी नहीं है।' अगर उन्हें प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाये जाने की पेशकश की जाये तो ? इस पर भी उन्होंने कहा ,'मेरी कोई रूचि नहीं है।' गांगुली ने मौजूदा कोच गौतम गंभीर की तारीफ करते हुए कहा कि दुबई में चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद से उन्होंने लय पकड़ ली है। उन्होंने कहा ,'गौतम अच्छा कर रहा है। शुरूआत धीमी रही जब आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से हारे लेकिन चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद उन्होंने लय पकड़ ली। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला बहुत महत्वपूर्ण होगी।'

## कनाडा ने पुरूष टी20 विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया



**ओंटारियो:** कनाडा की पुरूष क्रिकेट टीम ने अमेरिकी क्वालीफायर में बहामास को सात विकेट से हराकर अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिये क्वालीफाई कर लिया। कनाडा की यह लगातार पांचवीं जीत थी। कनाडा ने पिछले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में हुआ टी20 विश्व कप भी खेला था। बीस टीमों के टूर्नामेंट में गत चैम्पियन भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान,आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान भी खेलेंगे। आईसीसी ने एक बयान में कहा ,'सात और टीमें अभी इन टीमों से जुड़ेंगी जिनमें से दो यूरोपीय क्वालीफायर (पांच से 11 जुलाई), दो अफ्रीकी क्वालीफायर (19 सितंबर से चार अक्टूबर) और तीन एशिया ईएपी क्वालीफायर (एक से 17 अक्टूबर) से आयेंगी।' कनाडा ने यहां खेले गए क्वालीफायर में 57 रन का लक्ष्य छह ओवरों में हासिल कर लिया। पहले गेंदबाजी करते हुए कनाडा ने स्पिनर कलीम सना और शिवम शर्माके तीन तीन विकेट की मदद से बहामास को 19 . 5 ओवर में आउट कर दिया। इसके बाद दिलप्रीत बाजवा के नाबाद 36 रन की बदौलत लक्ष्य 5.3 ओवर में हासिल कर लिया।

## पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप के पहले दिन भारत ने चार पदक जीते



**बीजिंग:** भारत ने यहां पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप के पहले दिन एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य सहित चार पदक जीतकर दमदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट में 40 से अधिक देशों के शीर्ष पैरा पावरलिफ्टर भाग ले रहे हैं और यह 2026 विश्व चैंपियनशिप और 2028 पैरालंपिक खेलों की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। गुलफाम अहमद ने बेहद प्रतिस्पर्धी पुरुषों की एलीट 59 किग्रा श्रेणी में कांस्य पदक के साथ भारत का खाता खोला। उन्होंने अपने पहले प्रयास में 145 किग्रा वजन उठाया और इसके बाद अपने दूसरे प्रयास में 151 किग्रा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। गुलफाम का 153 किग्रा का तीसरा प्रयास अस्वीकार कर दिया गया लेकिन उनका दूसरा प्रयास भारत को टूर्नामेंट का पहला पदक दिलाने के लिए पर्याप्त था। पुरुषों की एलीट 72 किग्रा श्रेणी में रामूभाई बंभवा ने अपने पहले प्रयास में 151 किग्रा वजन उठाकर भारत के खाते में एक और कांस्य जोड़ा। हालांकि 155 और 156 किग्रा के उनके अगले दो प्रयास मान्य नहीं हुए लेकिन शुरुआती प्रयास ने उन्हें पोडियम पर स्थान दिलाया। अनुभवी भारोत्तोलक जॉबी मैथ्यू ने मास्टर्स श्रेणी में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कुल भार में स्वर्ण और सर्वश्रेष्ठ भार के लिए रजत जीता। 140 किग्रा की असफल शुरुआत के बाद उन्होंने 145 और 150 किग्रा वजन उठाकर वापसी

## भारत के पुरुष फ्रीस्टाइल पहलवानों ने भी अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप का टीम खिताब जीता

**वुंग ताऊ (वियतनाम:** भारतीय पुरुष फ्रीस्टाइल टीम ने अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए छह स्वर्ण और एक रजत पदक के साथ टीम खिताब जीता। भारत ने टूर्नामेंट में अभूतपूर्व सफलता हासिल करते हुए पुरुष और महिला टीम चैंपियनशिप जीती। महिला टीम ने सभी 10 वर्ग में पदक जीते। पुरुष फ्रीस्टाइल वर्ग में निखिल (61 किग्रा), सुजीत कलकल (65 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), चंद्र मोहन (79 किग्रा), सचिन (92 किग्रा) और विक्की (97 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। जसपूरन सिंह ने 125 किग्रा वर्ग में रजत पदक हासिल किया। ग्रीको रोमन टीम ने टूर्नामेंट में एक स्वर्ण सहित तीन पदक जीते।

## भारतीय महिला हॉकी टीम बेल्जियम से 0-2 से हारी, यूरोपीय चरण में लगातार छठी हार

**एंटवर्प (बेल्जियम):** भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार को बेल्जियम से 0-2 से हार गई जो एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में उसकी लगातार छठी हार है और टीम रेलीगेशन की कगार पर पहुंच गई। दो गोलरहित क्वार्टर के बाद बेल्जियम ने तीसरे क्वार्टर में लगातार दो गोल करके जीत सुनिश्चित की। बेल्जियम ने शनिवार को भी भारतीय टीम को 5-1 से हराया था। एंब्रे बेलेनघी ने 40वें मिनट में बेल्जियम को बढ़त दिलाई जबकि लिएन हिलेवार्ट ने इसके तुरंत बाद एक और गोल दागकर बेल्जियम को 2-0 से आगे कर दिया। इस हार के बाद भारत 14 मैच में 10 अंक के साथ तालिका में नौवें और अंतिम स्थान पर है। दूसरी तरफ इस जीत की बदौलत बेल्जियम की टीम शीर्ष पर चल रहे नीदरलैंड और अर्जेन्टीना के बाद तीसरे स्थान पर बरकरार है।



## अमेज़न इंडिया ने छह शहरों में घर पर डायग्नॉस्टिक्स सेवा शुरू की

**नयी दिल्ली:** अमेज़न इंडिया ने रविवार को अमेज़न डायग्नॉस्टिक्स शुरू करने की घोषणा की। यह ग्राहकों के लिए घर पर ही उपलब्ध सेवा है। इसमें वे अमेज़न ऐप के ज़रिये लैब परीक्षण बुक कर सकते हैं, समय ले सकते हैं। साथ ही इसके जरिये वे डिजिटल रिपोर्ट प्राप्त कर सकते हैं। कंपनी ने बयान में कहा कि ऑरेंज हेल्थ लैब्स के सहयोग से पेश की जा रही यह सेवा बेंगलुरु, दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, मुंबई और हैदराबाद में 450 से ज़्यादा पिन कोड पर उपलब्ध होगी। इस अतिरिक्त सुविधा के साथ, अमेजन ने अब अपनी मौजूदा फ़ार्मेसी और क्लिनिक सेवाओं को अमेजन मेडिकल के अंतर्गत एकीकृत कर दिया है। अमेजन ने कहा, यह विस्तार फ़ार्मेसी और क्लिनिक की मौजूदा सेवा पर निर्माण करके अमेजन मेडिकल की नींव को मज़बूत करता है। अमेजन




फार्मेसी के साथ, ग्राहकों को दवाओं और स्वास्थ्य संबंधी ज़रूरी चीज़ों की एक विस्तृत शृंखला तक पहुंच मिलती है, साथ ही प्राइम और गैर-प्राइम सदस्यों के लिए मुफ़्त टेलीमेडिसिन परामर्श सेवा और डिलिवरी लाभ भी मिलते हैं। अमेजन क्लीनिक ग्राहकों को एक सहज डिजिटल अनुभव के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य संबंधी ज़रूरतों के लिए लाइसेंस प्राप्त चिकित्सकों से परामर्श करने में सक्षम बनाता है।

## भारत की बिजली उत्पादन क्षमता का लगभग आधा हिस्सा गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित

**नयी दिल्ली:** जून तक भारत की कुल 476 गीगावाट की स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता का लगभग आधा हिस्सा गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित है, लेकिन कोयला आधारित तापीय बिजली इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। रविवार को ऊर्जा और पर्यावरण पर जारी एक सरकारी स्पष्टीकरण के अनुसार, जून, 2025 तक भारत की कुल स्थापित बिजली क्षमता 476 गीगावाट तक पहुंच गई है। इसमें कहा गया है कि गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोत अब कुल क्षमता में 235.7 गीगावाट (49 प्रतिशत) का योगदान देते हैं, जिसमें 226.9 गीगावाट नवीकरणीय और 8.8 गीगावाट परमाणु ऊर्जा शामिल है। जून, 2025 तक भारत की नवीकरणीय ऊर्जा में 110.9 गीगावाट सौर और 51.3 गीगावाट पवन ऊर्जा स्थापित क्षमता शामिल है। स्थापित क्षमता के अलावा, 176.70 गीगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं क्रियान्वयन के तहत हैं, जिनमें से 72.06 गीगावाट बोली के चरणों में हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि तापीय ऊर्जा अब भी प्रमुख भूमिका निभा रही है। यह 240 गीगावाट या स्थापित क्षमता का 50.52 प्रतिशत है। रिपोर्ट कहती है कि भारत का ऊर्जा क्षेत्र गैर-नवीकरणीय तापीय स्रोतों पर बहुत अधिक निर्भर है, जो देश की बिजली उत्पादन क्षमता का सबसे बड़ा हिस्सा हैं। इनमें से, कोयला अकेले कुल तापीय ऊर्जा में 91 प्रतिशत से अधिक का योगदान देता है, जो देश को बिजली देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। देश बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने और स्थिरता को बढ़ावा देने के दोहरे लक्ष्यों को सफलतापूर्वक संतुलित कर रहा है। बिजली की कमी 2013-14 के 4.2 प्रतिशत से घटकर 2024-25 में 0.1 प्रतिशत रह गई है। भारत में प्रति व्यक्ति बिजली की खपत 2013-14 के 957 किलोवाट घंटा से 45.8 प्रतिशत बढ़कर 2023-24 में 1,395 किलोवाट घंटा हो गई। भारत का बिजली क्षेत्र दुनिया में सबसे अधिक विविधतापूर्ण है। इसमें कोयला, गैस, हाइड्रो और परमाणु जैसे पारंपरिक स्रोतों के साथ-साथ सौर, पवन, बायोमास और छोटे हाइड्रो जैसे नवीकरणीय स्रोतों से बिजली उत्पादन होता है।



## न्यूज अपडेट

### काशी में लगेगी 10 जीआई उत्पादों की अनूठी प्रदर्शनी

**वाराणसी (उप्र):** देश की प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी वाराणसी 24 जून को 10 जीआई (भौगोलिक संकेत)-टैग वाले उत्पादों की एक विशेष प्रदर्शनी की मेजबानी करेगी। वाराणसी में पहली बार मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक प्रस्तावित है। इस महत्वपूर्ण बैठक के अलावा काशी के विश्व प्रसिद्ध हस्तशिल्प जीआई टैग उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगेगी। सरकार द्वारा रविवार को यहां जारी एक बयान के मुताबिक, परिषद की 25वीं बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मेजबान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। जीआई टैग उत्पादों की प्रदर्शनी में काशी के 10 विशिष्ट जीआई-टैग वाले उत्पाद प्रदर्शित होंगे। यह यहां के कारीगरों के हुनर और समृद्ध विरासत का प्रतीक हैं। यह आयोजन न केवल इन उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगा बल्कि स्थानीय कारीगरों को भी प्रोत्साहित करेगा। बयान के मुताबिक, प्रदर्शनी में बनारस ब्रोकेड एण्ड साड़ी, बनारस जरदोजी, बनारस गुलाबी मीनाकारी क्राफ्ट, बनारस ग्लास बीड्स, बनारस मेटल रिपोजी क्राफ्ट, बनारस मेटल कास्टिंग क्राफ्ट, वाराणसी वुडेन लेकर एंड टॉयज, बनारस वुड कार्विंग, वाराणसी सॉफ्ट स्टोन जाली वर्क और बनारस हैंड ब्लॉक प्रिंट जीआई उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा।

### पिछले 11 साल में कॉफी निर्यात 125 प्रतिशत बढ़कर 1.8 अरब डॉलर पर पहुंचा: सरकारी आंकड़े

**बेंगलुरु:** भारतीय कॉफी बोर्ड द्वारा उठाए गए कई कदमों के कारण पिछले 11 वर्षों में देश का कॉफी निर्यात लगभग 125 प्रतिशत बढ़कर 1.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। केंद्र सरकार की ओर से जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2014-15 में निर्यात 80 करोड़ डॉलर से अधिक था। यह 2023-24 में 1.28 अरब डॉलर और 2022-23 में 1.14 अरब डॉलर था। देश के कॉफ़ी निर्यात के लिए यूरोप शीर्ष गंतव्य बना हुआ है। भारत से कॉफ़ी आयात करने वाले प्रमुख देशों में इटली, जर्मनी, बेल्जियम, पश्चिम एशिया के देश, दक्षिण कोरिया और जापान शामिल हैं। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए भारतीय कॉफी बोर्ड द्वारा की गई प्रमुख पहल में पंजीकरण-सह-सदस्यता प्रमाणपत्र (आरसीएमसी), निर्यात परमिट, उत्पत्ति प्रमाणपत्र को डिजिटल हस्ताक्षर के साथ ऑनलाइन जारी करना, बाधाओं पर चर्चा करने और उन मुद्दों को हल करने के लिए निर्यातकों के साथ नियमित बातचीत, तथा नियमित रूप से वैश्विक बाजार की जानकारी और बाजार आसूचना प्रदान करना शामिल है। अन्य निर्यात संवर्धन कदमों में मूल्यवर्धित कॉफी के बाजार हिस्से को बढ़ाकर निर्यात आय को अधिकतम करने के लिए पारगमन/माल ढुलाई सहायता शामिल थी।

### ईपीएफओ ने अप्रैल में 19.14 लाख नए सदस्य जोड़े

**नयी दिल्ली:** श्रम मंत्रालय द्वारा रविवार को जारी पेरोल आंकड़ों के अनुसार, सेवानिवृत्ति निधि निकाय ईपीएफओ ने अप्रैल, 2025 में शुद्ध आधार पर 19.14 लाख सदस्य जोड़े। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह आंकड़ा मार्च, 2025 की तुलना में 31.31 प्रतिशत और अप्रैल, 2024 की तुलना में 1.17 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अप्रैल, 2025 में लगभग 8.49 लाख नए सदस्यों को नामांकित किया, जो मार्च, 2025 की तुलना में 12.49 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। नए सदस्यों में यह वृद्धि रोजगार के बढ़ते अवसरों, कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता और ईपीएफओ के सफल पहुंच कार्यक्रमों के कारण हो सकती है। आंकड़ों के अनुसार, एक उल्लेखनीय पहलू 18-25 आयु वर्ग का प्रभुत्व है। ईपीएफओ ने अप्रैल, 2025 में 18-25 आयु वर्ग में 4.89 लाख नए ग्राहक जोड़े, जो इस दौरान जोड़े गए कुल नए ग्राहकों का 57.67 प्रतिशत है। इस महीने में जोड़े गए 18-25 आयु वर्ग के नए ग्राहकों की संख्या पिछले महीने मार्च, 2025 की तुलना में 10.05 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। अप्रैल, 2025 के लिए 18-25 आयु वर्ग के लिए शुद्ध पेरोल वृद्धि लगभग 7.58 लाख है, जो मार्च 2025 में पिछले महीने से 13.60 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है।

## ईरान-इजराइल युद्ध बढ़ने से पश्चिम एशिया के साथ भारत का व्यापार होगा प्रभावित: विशेषज्ञ

**नयी दिल्ली:** ईरान और इजरायल के बीच युद्ध के और बढ़ने से इराक, जॉर्डन, लेबनान, सीरिया और यमन सहित पश्चिम एशियाई देशों के साथ भारत के व्यापार पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। उन्होंने कहा कि युद्ध ने पहले ही ईरान और इजरायल को भारत के निर्यात को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। अमेरिका ने रविवार को तड़के ईरान के तीन स्थलों पर हमला किया, जिससे वह इजरायल के युद्ध में शामिल हो गया। उसका उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करना है, ताकि एक पुराने दुश्मन को कमजोर किया जा सके, जिससे व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष की आशंका पैदा हो गई है, क्योंकि ईरान ने अमेरिका पर 'खतरनाक युद्ध' शुरू करने का आरोप लगाया है। मुंबई स्थित निर्यातक और टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज इंडिया के संस्थापक चेयरमैन शरद कुमार सराफ ने कहा, इस युद्ध के कारण अब हम बड़ी मुसीबत में फंस गए हैं। इसका पश्चिम एशियाई देशों के साथ भारत के व्यापार पर व्यापक असर पड़ेगा। सराफ ने कहा कि उनकी कंपनी भी इन दोनों देशों को भेजी जाने वाली खेप रोक रही है। टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज ड्रम क्लोजर, नायलॉन और प्लास्टिक प्लग, कैपसील क्लोजर और क्लैंप बनाती है। एक अन्य निर्यातक ने कहा कि भारतीय व्यापारी समुदाय पहले से ही इजरायल-हमास संघर्ष और लाल सागर में माल ढुलाई जहाजों पर यमन समर्थित हूतियों के हमले के प्रभाव से जूझ रहा है। इसके कारण, भारत से माल ढुलाई लाइन अफ्रीकी महाद्वीप को घेरने वाले 'केप ऑफ गुड होप' से खेप ले रही हैं। अब, ईरान-इज़राइल युद्ध के कारण, एक और प्रमुख व्यापारिक मार्ग - होर्मुज जलडमरूमध्य प्रभावित हो रहा है। सराफ ने कहा, यह मार्ग तेल टैंकर की आवाजाही को प्रभावित करेगा। मुझे लगता है कि तेल टैंकर नए मार्ग खोज लेंगे, लेकिन इससे कच्चे तेल की कीमतें बढ़ेंगी। इसका महंगाई पर प्रभाव पड़ेगा क्योंकि कच्चे तेल की कीमतें अन्य उत्पादों के दाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।'

### गलत टिकट जारी किया, स्पाइसजेट को यात्री को 25,000 रुपये का मुआवजा देने का निर्देश

**मुंबई:** उपभोक्ता आयोग ने एक वरिष्ठ नागरिक को गलत टिकट जारी करने के मामले में एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट को यात्री को 25,000 रुपये का जुर्माना देने का आदेश दिया है। यहां एक एक उपभोक्ता आयोग ने कहा है कि 2020 में यात्री की यात्रा का मार्ग बदलते समय एयरलाइन ने उसे गलत टिकट जारी किया। इससे यात्री को आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ा। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, मुंबई (उपनगर) ने 17 जून को पारित आदेश में, यात्री को 'मानसिक उत्पीड़न' के लिए स्पाइसजेट को सेवा में खामी और लापरवाही का जिम्मेदार ठहराया है। घाटकोपर इलाके में रहने वाले शिकायतकर्ता एक वरिष्ठ नागरिक हैं। उन्होंने पांच दिसंबर, 2020 के लिए मुंबई से दरभंगा और दो दिन बाद वापसी की यात्रा के लिए स्पाइसजेट की टिकट बुक की थी।

## पश्चिम एशिया में तनाव के बीच एयर इंडिया समूह का ईरान, इराक, इजरायल के हवाई क्षेत्र से परहेज




**नयी दिल्ली/मुंबई:** एयर इंडिया समूह पश्चिम एशिया में कुछ हवाई क्षेत्रों से परहेज कर रहा है, जिसके चलते उड़ानों की अवधि लंबी हो रही है, जबकि एयर इंडिया एक्सप्रेस बदलती स्थिति के कारण कुछ सेवाओं को रद्द कर रही है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। समूह के पास दो एयरलाइंस - एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस छोटे आकार वाले विमानों के साथ पश्चिम एशिया में सेवाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा संचालित करती है। एयर इंडिया ने रविवार को बयान में कहा, खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच, एयर इंडिया समूह पुष्टि करता है कि हमारी उड़ानें वर्तमान में ईरान, इराक और इज़राइल के हवाई क्षेत्रों से होकर नहीं गुज़र रही हैं। बयान के अनुसार, हम आने वाले दिनों में फारस की खाड़ी के ऊपर कुछ हवाई क्षेत्रों के उपयोग से धीरे-धीरे बचेंगे, और इसके बजाय संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कतर, ओमान और कुवैत सहित अन्य गंतव्यों की उड़ानों के लिए वैकल्पिक मार्गों का चयन करेंगे। बयान के अनुसार, इस समायोजन से इन सेवाओं के साथ-साथ यूरोप और उत्तरी अमेरिका की चुनिंदा उड़ानों के लिए उड़ान अवधि बढ़ सकती है।

### एयर इंडिया 19 मार्गों पर संकरे आकार के विमानों से संचालित उड़ानों को अस्थायी रूप से कम करेगी

**नयी दिल्ली:** एयर इंडिया ने रविवार को कहा कि वह 19 मार्गों पर संकरे आकार के विमानों से संचालित 118 साप्ताहिक उड़ानों को अस्थायी रूप से कम करेगी और तीन मार्गों पर सेवाएं निलंबित करेगी। टाटा समूह के स्वामित्व वाली इस एयरलाइन ने कुछ दिनों पहले कहा था कि वह चौड़े आकार के विमानों से संचालित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में अस्थायी रूप से 15 प्रतिशत की कटौती करेगी। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि वह अपने कुल संकरे आकार के बेड़े में पांच प्रतिशत से कम की अस्थायी कटौती करने जा रही है। बयान के मुताबिक, ''इस स्वैच्छिक निर्णय से एयर इंडिया की सेवाओं का तीन मार्गों पर अस्थायी निलंबन होगा और 19 मार्गों पर फेरों में कमी आएगी।

वर्ष 10, पूर्णांक 3275 अंक 085, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in